आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी 07:19 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 21 जून 2025
वर्ष 3, अंक 301, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2024 में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा 14

सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान 12

## एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण फिर टला

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई बार टलने के बाद रविवार को किया गया था निर्धारित

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए रविवार को निर्धारित प्रक्षेपण स्थगित करते हुए कहा कि हाल में रूसी खंड में मरम्मत कार्यों के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए उसे अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में रिसाव, प्रक्षेपण पथ में खराब मौसम और ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के सबसे पीछे वाले भाग में रिसाव के कारण कई बार टाले जाने के बाद एक्सिओम-4 मिशन के तहत प्रक्षेपण 22 जून को करने का लक्ष्य रखा गया था।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने रविवार यानी 22 जून की निर्धारित तारीख पर प्रक्षेपण नहीं करने का निर्णय लिया है तथा प्रक्षेपण की नई तारीख आगामी दिनों में तय की जाएगी।

## देश के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में बिहार की बड़ी भूमिका : मोदी

सिवान (बिहार), एजेंसी

- सिवान में 5,900 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- राजद पर निशाना, कहा- बिहार दलितों के आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने में बिहार की बड़ी भूमिका होगी। दुनिया भारत की प्रगति से बहुत प्रभावित है। वे देख रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। इसमें बिहार निश्चित रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने सिवान में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद लगभग 45 मिनट के संबोधन में आगामी विधानसभा



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

चुनावों में राजद नीत विपक्ष द्वारा बिहार के आर्थिक संसाधनों पर फिर से कब्जा करने के प्रयासों के प्रति लोगों को आगाह किया। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना की और कहा कि बिहार के लोग दलितों के इस आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। सिवान पहुंचे मोदी ने कहा कि आंबेडकर वंशवाद के खिलाफ थे, लेकिन उन्हें (राजद और उसके सहयोगियों को) यह पसंद नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने पैरों के पास उनकी तस्वीर रख ली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे दलितों का तिरस्कार करते हैं। इसके विपरीत, मोदी बाबासाहेब को अपने दिल में रखता है और उनकी तस्वीर को अपने सीने से लगाकर रखना चाहता है। मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा कि 70 वर्षीय बीमार व्यक्ति के पैरों के पास आंबेडकर का चित्र रखा गया था, जिसका विरोध राजग कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद-कांग्रेस के लोगों में वंचित जातियों, दलितों, ओबीसी के लोगों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। वे खुद को बाबासाहेब आंबेडकर से ऊपर समझते हैं।

### ओडिशा में की 18,600 करोड़ के 105 प्रोजेक्ट की शुरुआत

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान 18,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 105 विकास परियोजनाओं की शुरुआत की, ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का अनावरण किया और नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। लखपति दीदी सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया। जून 2024 में राज्य में भाजपा नीत सरकार बनने के बाद से छठी बार ओडिशा आए मोदी ने यहां जनता मैदान में सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में परियोजनाओं की शुरुआत की, तिरंगा यात्रा में शामिल हुए, रोड शो किया।

### एक नजर

#### तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्रप्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव को भेजा गया। तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी नाव से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

#### मदुरै के मंदिर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## डी-कंपनी से साझेदारी करती थीं पिछली सरकारें : मुख्यमंत्री

### योगी ने आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों साइड से किया लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

- कहा-पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज बन गया अदम्य साहस का गढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों तरफ से 7,283 करोड़ की लागत से बने 91.352 किलोमीटर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विकास कार्य करने की बजाय डी-कंपनी (दाऊद गिरोह) के साथ साझेदारी करती थीं। कहा कि कभी पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ जिला आज अदम्य साहस का गढ़ बन गया है। प्रदेश में आम आदमी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले के लिए यमलोक का टिकट कट जाता है।

लोकार्पण के बाद आजमगढ़ के सलारपुर, फूलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा



आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री।

#### भर्ती में वसूली पर निकलते थे चाचा-भतीजा

गोरखपुर की तरफ से लोकार्पण समारोह में भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं उठते हैं। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती।

कि यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के साथ अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके बनने से नेपाल समेत पटना से दिल्ली की यात्रा आसान होगी। कहा कि 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा था, जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। अब 340 किलोमीटर का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं। इसके अलावा, गंगा एक्सप्रेसवे (600 किलोमीटर), लखनऊ-कानपुर, बलिया लिंक सहित छह एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे ने 3 घंटे की दूरी को 40-45 मिनट में सिमटने का गौरव हासिल किया है।

योगी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने आठ साल के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि यूपी बीमारू और जंगलराज से बाहर निकल कर अब सुरक्षा-सुशासन समेत एक्सप्रेसवे से लेकर प्रगति के हर क्षेत्र में नई इबारत गढ़ रहा है। सपा सरकार के घोटाले गिनाते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के नाम पर भी करीब 4 हजार करोड़ की डकैती की योजना थी। 15,200 करोड़ में 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे बनाना चाहते थे, हमने उसे 120 मीटर चौड़ा करके 11,800 करोड़ में बनवाया।

## एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे उड़ान से टकराया पक्षी



- कंपनी ने रद्द की वापसी की फ्लाइट

**मुंबई।** दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुए एयर इंडिया के विमान से शुक्रवार को एक पक्षी के टकरा जाने के बाद विमानन कंपनी को इसकी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी।

विमानन कंपनी ने कहा कि विमान पुणे में सुरक्षित उतर गया और उसके बाद ही पक्षी के टकराने की बात पता चली। एयर इंडिया ने कहा कि विमान को खड़ा कर दिया गया है और इंजीनियरिंग टीम विस्तृत जांच कर रही है। विमानन कंपनी ने कहा कि 20 जून को पुणे से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई2470 को पक्षी के टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है। फंसे हुए यात्रियों को ठहराने की सुविधा प्रदान करने समेत समस्त इंतजाम कर रही है। यात्रा रद्द करने या पुनर्निर्धारण का विकल्प चुनने वाले यात्रियों को राशि वापस करने की पेशकश भी की जा रही है, वहीं यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## केंद्र सरकार कराएगी प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गठित की 9 सदस्यीय समिति
- कोचिंग पर छात्रों की निर्भरता की भी होगी पड़ताल

कोचिंग संस्थानों और 'डमी स्कूलों' के बढ़ते चलन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता की जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने नौ सदस्यीय समिति गठित की है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग सेंटरों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समिति मौजूदा स्कूल शिक्षा प्रणाली में मौजूद उन खामियों की जांच करेगी, जिनके कारण छात्र कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हो जाते हैं। विशेष रूप से यह समिति इस



बात पर गौर करेगी कि किस तरह रटने की प्रवृत्ति हावी है और आलोचनात्मक सोच, तार्किक विवेक, विश्लेषणात्मक क्षमता और नवाचार पर सीमित ध्यान दिया जा रहा है।

### पता लगाएंगे डमी स्कूलों के उभरने के कारण

अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' के उभरने के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी और समिति औपचारिक स्कूली शिक्षा की कीमत पर पूर्णकालिक कोचिंग को प्रोत्साहित करने में उनकी भूमिका का अध्ययन करेगी तथा उन्हें कम करने के उपाय सुझाएगी। समिति स्कूल शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता तथा कोचिंग उद्योग के विकास पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेगी।

## प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



लखनऊ में शुक्रवार की सुबह हुई बरसात के चलते केजीएमयू के मुख्य गेट पर भरा पानी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वी-दक्षिणी 58 जिलों में वज्रपात का अलर्ट जारी
- प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर व भदोही में भारी बारिश का अलर्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। राज्य के दक्षिणी भाग से शुरू होकर मानसून का प्रभाव शुक्रवार को तराई, मध्य और पश्चिमी इलाकों में भी नजर आया। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मध्यम से अच्छी बारिश हुई। प्रयागराज, मिर्जापुर, अमेठी, उन्नाव आदि में बादल जमकर बरसे। राजधानी लखनऊ में भी बारिश हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि, चार जिलों प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर और भदोही में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। लगभग 58 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। शनिवार से प्रदेश के दक्षिणी इलाकों समेत विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में भी अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मानसून उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों और एनसीआर को छोड़कर पूरे राज्य में फैल गया है।

## ईडी ने बंगाल, दिल्ली में जब्त किए बैंक खाते और दस्तावेज

कोलकाता, एजेंसी

- ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं। प्रमुख जांच एजेंसी ने रिकॉर्ड, मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किए। एक परिसर से 4.5 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की।

## ईरान ने भारतीयों की निकासी को हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** ईरान ने मशहद से लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को निकालने के वास्ते तीन विशेष उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटा दिए हैं। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि जरूरत हुई तो भारतीयों को वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। ईरान की राजधानी तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद भारतीयों को मशहद शहर ले जाया गया। निकासी उड़ानों का संचालन ईरानी एयरलाइन द्वारा किया जाएगा, जिसका प्रबंध भारत कर रहा है।

## एसीबी की सिसोदिया से 3 घंटे तक पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से यहां सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

एसीबी ने सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को तलब किया था। जैन 6 जून को एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। मामला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं और भवन का निर्माण अत्यधिक लागत में करने से संबंधित कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी), मधुर वर्मा ने कहा कि सिसोदिया पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश हुए। वर्मा ने कहा कि सिसोदिया से पंच गवाह की मौजूदगी में पूछताछ की गई और उनके जवाब दर्ज किए गए। पूछताछ के बाद वह अपराह्न 2.30 बजे एसीबी कार्यालय से चले गए। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद समन जारी किए गए।

### 300 से अधिक पासबुक व सरकारी फाइलें जब्त

**नई दिल्ली।** कक्षा निर्माण घोटाले के संदर्भ में ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मजदूरों के नाम पर खोले गए बैंक खातों (म्यूल) से जुड़ी 300 से अधिक पासबुक जब्त की हैं, जिनके जरिए पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान कक्षा निर्माण 'घोटाले' से प्राप्त राशि की 'हेराफेरी' की गई थी। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में 18 जून को दिल्ली में 37 स्थानों पर तलाशी ली थी। जिसमें कई फाईलें भी जब्त की थी।

## शहर बनेंगे ग्रीन सिटी, भवन निर्माण पर लागू होंगे हरित मानक

### शहरी हरित नीति को कैबिनेट की मिली मंजूरी, स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डन, पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास होंगे तेज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग से प्रस्तावित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में निरंतर और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। जिसके तहत शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा।

साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो शहरों को उनकी हरित पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिंग प्रदान करेगा। इस कड़ी में शहरों में जलवायु



परिवर्तन के प्रभावों को कम करने को वर्टिकल और रूफटॉफ गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को भी विकसित किया जाना है। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बग़ीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही नए निर्माणों के लिए हरित भवन मानकों को अनिवार्य किया जाएगा। शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में ये नीति 2025–2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027–2030 तक उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। जबकि तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी लागू की जाएगी।

### कई योजनाओं से धनराशि एकत्रित की जाएगी

प्रदेश में शहरी हरित नीति के संचालन के लिए विभिन्न केंद्र और राज्य की योजनाओं के माध्यम से धनराशि एकत्रित करने का प्रावधान है। जिसमें अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकाय अपनी आय, सीएसआर फंड और अन्य स्रोतों से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। शहरी हरित नीति के तहत सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसमें स्कूलों, कार्यालयों और संगठनों के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। रूफटॉफ और वर्टिकल गार्डन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### शहरों को मिलेंगी ग्रीन सिटी की विविध रैंकिंग

शहरी हरित नीति के तहत ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित करने का प्रावधान है। जिसके तहत शहरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें शहरों को उनके ग्रीन कवर और हरित पहलों के आधार पर रैंक किया जाएगा। इसके तहत शहरों को ग्रीन सिटी, ग्रीन , ग्रीन और ग्रीन की रैंक प्रदान की जाएगी। प्रत्येक शहर की निगरानी स्थानीय, राज्य और तीसरे पक्ष की एजेंसियों द्वारा की जाएगी। सर्वाधिक रैंकिंग प्राप्त करने वाले शहर अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरूस्कार प्राप्त करेंगे।

## एक नजर

### आत्महत्या के लिए उकसाने में पत्नी पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने पर महिला ने बहू व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक ने पारिवारिक कलह के चलते बीती पांच फरवरी को फांसी लगाकर जान दी थी। बर्रा आठ निवासी रीना देवी के अनुसार उनके बेटे अमित की शादी मार्च 2019 को पनकी के मन्नीपुरवा की रहने वाली राजकुमारी उर्फ शिखा से हुई थी। उनके पांच साल की एक बेटी रिधिमा है। आरोप है कि बहू के पिता विनोद, मां अनीता, भाई अतुल और अमन मिलकर बेटे अमित को अलग रहने का दबाव बना रहे थे। उक्त लोगों ने बेटे पर मकान में हिस्सा मांगने और 20 लाख रुपये भी लाने का दबाव बनाया। दहेज के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। इससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। गुजैनी थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच व कार्रवाई की जा रही है।

### लिंक पर क्लिक करते ही खाते से रकम पार

**कल्याणपुर।** न्यू अशोक नगर नई बस्ती कल्याणपुर निवासी आशुतोष कटियार के मुताबिक गत 21 जनवरी को उनके व्हाट्सएप पर एक फोटो आई। जिसे खोलने के लिए दिए गए लिंक को टच करने को कहा। आरोप है कि जिसे टच करते ही कुछ समय के लिए उनके मोबाइल ने काम करना बंद कर दिया। कुछ देर बाद उनके दो खातों से 113420 की रकम पार हो गई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### महिला होमगार्ड पर धमकाने का आरोप, वीडियो वायरल

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में एक महिला होमगार्ड का ई-रिक्शा चालक के साथ गाली-गलौज व उसे धमकाने का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो गुरुवार शाम कल्याणपुर पुराना शिवली रोड का बताया जा रहा है। जिसमें ई रिक्शा चालक के किराया मांगने पर भड़की महिला होमगार्ड गाली गलौज करते हुए उसकी गाड़ी की फोटो खींच उसे चालान की धमकी देते हुए नजर आ रही है। ई रिक्शा चालक ने अपने मोबाइल पर वीडियो बना उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

# आधे शहर की बिजली पूरी रात गुल

## बारिश से धड़ाधड़ फाल्ट, कई इलाकों में 12 घंटे तक बिजली गायब रही, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में गुरुवार को हुई बारिश के कारण शाम को साढ़े पांच बजे के बाद सैकड़ों क्षेत्रों की बिजली इस कदर गुल हुई कि पूरी रात नहीं आई। कई क्षेत्रों में बिजली शुक्रवार सुबह पांच से छह बजे तक आई, लेकिन दिनभर आंखमिचौनी बनी रही। केस्को का टोल फ्री नंबर किसी काम नहीं आया।

शहर में गुरुवार शाम पांच बजे से बारिश शुरू हुई तो रात 1 बजे तक जारी रही। इससे बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। किदवई नगर साइट नंबर एक, छवनी परिषद स्टॉफ कॉलोनी, गोलाघाट, 56 कैंट नवशील अपार्टमेंट, फेथफूलगंज, रेलबाजार, रमईपुर व बाजपुर में बिजली 24 घंटे तक गुल रही। इसके अलावा पीरोड, गांधी नगर, सीसामऊ, नई सड़क परेड, उर्सला अस्पताल कैंपस, दर्शनपुरवा, गुमटी नंबर पांच, ओम पुरवा, नवीन नगर, काकादेवी, शिव नगर, चकेरी, शास्त्री नगर, परदेमनपुर, पोखरपुर, कल्यानपुर, मूलगंज, बाबूपुरवा, सरोजनी नगर, आलू मंडी, सिविल लाइंस क्षेत्र समेत 50 से अधिक जगहों पर बिजली शुक्रवार सुबह आ सकी। बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल व आसपास के क्षेत्र में बिजली करीब 10 घंटे तक बाधित रही। बिजली नहीं आने की वजह से लोगों को पानी का संकट झेलना पड़ा।



बिजली मरम्मत का कार्य करता केस्को कर्मी। अमृत विचार

### नहीं मिलता टोल फ्री नंबर, उत्तर भी नहीं ठीक

हजार से अधिक लोगों ने केस्को के टोल फ्री नंबर 18001801912 पर सैकड़ों बार कॉल की। आरोप है कि नंबर मिलाने पर पहले तो कई बार वह मिला नहीं। नंबर मिला भी तो कॉलर ने सटीक उत्तर नहीं दिए और कॉल काट दी। लोगों ने यूपीपीसीएल के एक्स अकाउंट, ऊर्जा मंत्री के एक्स अकाउंट व मुख्यमंत्री के एक्स अकाउंट पर भी शिकायतें कीं।



बिजली व्यवस्था वर्तमान में बेपटरी हो गई है। अधिकारी बिजली की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जनता त्रस्त है

**–जय भदौरिया, सत्यम विहार**



बिजली पूरी रात गुल रहती है और केस्को अधिकारियों को फर्क नहीं पड़ता। गर्मी में बिजली संकट से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं।

**–गणेश शर्मा, केशवपुरम**



गांधी नगर क्षेत्र में बिजली पूरी रात नहीं थी, लोगों ने कई बार सबस्टेशन में जाकर शिकायत की, लेकिन केस्को अधिकारियों को फर्क नहीं पड़ा।

**–शिवम पोरवाल, गांधी नगर**

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में भी दक्ष होंगे रिक्रूट आरक्षी

**विशेष कोर्स**

- साइबर अपराध से निपटने के सीखेंगे गुर, आईजीओटी कोर्स भी अनिवार्य
- जिले में 1800 आरक्षियों को पांच सेंटरों पर दिया जा रहा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती में सफल अभ्यर्थियों को अब साइबर अपराध से निपटने के लिए उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में भी दक्ष किया जाएगा। इसके लिए विशेष कोर्स तैयार कराया जा रहा है। रिक्रूट आरक्षियों को विशेष जानकारी के साथ पुलिसिंग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। जिले में पांच सेंटरों पर 1800 पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग जाएगी। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने शुक्रवार को सफल अभ्यर्थियों से बातचीत कर उन्हें ट्रेनिंग की जानकारी दी।

आरक्षी नागरिक पुलिस (कांस्टेबल) भर्ती में सफल अभ्यर्थियों के लिए विभाग ने बड़ा प्रशिक्षण तैयार किया है। जिसमें साइबर अपराध से निपटने के गुर और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में दक्ष किया जाएगा। विशेषज्ञों की मदद से विशेष कोर्स भी तैयार किया जा रहा है। जिसमें बड़े अवसरों पर एआई से जुड़े नवाचारों की जानकारी भी रिक्रूट आरक्षियों को दी जाएगी। एआई प्रशिक्षण के साथ उन्हें विभिन्न विषयों का व्यावहारिक ज्ञान भी मिलेगा। कानपुर के 1800 पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग पांच सेंटरों पर होगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आरक्षियों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पहली बार राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण (आइजीओटी) को भी शामिल किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को आइजीओटी पोर्टल पर उपलब्ध दो कोर्स पूर्ण करना अनिवार्य होगा। पुलिस कमिश्नर ने शुक्रवार को तैयारियां देखीं। शहर आए 1800 अभ्यर्थियों में 400 महिला भी हैं। स्वच्छ बैरक, शौचालय, भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, परिसर की स्वच्छता के निर्देश दिए। प्रशिक्षणार्थियों से उनकी समस्याएं सुनीं।

**इन सेंटरों पर दी जा रही ट्रेनिंग:** पुलिस लाइन, ट्रैफिक पुलिस लाइन, बिठूर फायर स्टेशन, बादशाहीनाका थाना और आईटीबीपी महाराजपुर।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### द्रोणाचार्य एप से मिलेगी ट्रेनिंग

- द्रोणाचार्य एप व पुलिस प्रशिक्षण पर आधारित एप के माध्यम से रिक्रूट आरक्षियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार वीडियो के माध्यम से पुलिस इतिहास, आरक्षियों के कर्तव्यों, भारतीय संविधान, महिला पुलिस-पुलिस कार्यों में उनकी भूमिका, पुलिसकर्मियों की जवाबदेही, नए कानूनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जुलाई माह से शुरू होने वाले प्रशिक्षण में यह शामिल कराया जाएगा।



सब स्टेशन पर हंगामा करते परिजन, समझाते विधायक हसन रूमी। अमृत विचार

# पोल पर चढ़े बिजली कर्मी की करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




शकील उर्फ पिंटू। अमृत विचार

- परिजनों ने हैरिसगंज सबस्टेशन पर शव रखकर किया हंगामा
- केस्को ने साढ़े 7 लाख दिए विधायक ने 25 हजार

**अमृत विचार।** टाटमिल के पास फाल्ट ठीक कर रहा आउटसोर्सिंग कर्मी करंट लगने से खंभे से नीचे गिर गया। साथी कर्मी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हैरिसगंज सब स्टेशन के बाहर शव रखकर परिजनों ने हंगामा किया। विधायक मोहम्मद हसन रूमी व बिजली अधिकारियों व रेलबाजार पुलिस ने परिजनों को किसी तरह शांत कराया और विधायक ने 25 हजार की मदद की। केस्को की ओर से मृतक लाइनमैन के परिजन को प्रतिपूर्ती धनराशि सात लाख पचास हजार उपलब्ध कराई गई। केस्को अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच भी की जा रही है।

मीरपुर कैंट निवासी 38 वर्षीय शकील उर्फ पिंटू 20 साल से आउटसोर्सिंग कर्मी थे। शुक्रवार सुबह 5 बजे टाटमिल के पास फाल्ट होने की सूचना पर मरम्मत के लिए पहुंचे। शकील खंभे पर चढ़कर लाइन दुरुस्त कर रहे थे, तभी करंट का झटका लगने से वह नीचे सड़क पर जा गिरे। गंभीर अवस्था में साथी कर्मी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन शव लेकर हैरिसगंज सब स्टेशन पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया।


इसकी खबर पाकर विधायक हसन रूमी व विभागीय अधिकारी पहुंचे। किसी तरह समझाकर परिजनों को शांत कराया और तत्काल 25 हजार की आर्थिक मदद की। सुजातगंज निवासी शकील के भाई फरीद का आरोप है कि बारिश के सीजन में सुरक्षा के मानकों को बिना जांचें कैसे पोल पर चढ़ा दिया गया।



## आज का मौसम

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा रहने की संभावना है।

| 32.0° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:05 |




## शहर में आज

- **सम्मेलन** : आजाद समाज पार्टी का प्रबुद्ध सम्मेलन लाजपत भवन में सुबह 10 बजे।
- **जामुन पार्टी** : सपा की ओर से जामुन पार्टी का आयोजन सपा कार्यालय नवीन मार्केट दोपहर 3:30बजे।
- **योग दिवस** : ग्रीन पार्क में जनप्रतिनिधि योग का अभ्यास करेंगे सुबह 6:30 बजे।
- आईएमए की ओर से योग अभ्यास आईएमए भवन में सुबह 7 बजे।
- पुनर्नवा की ओर से योग गुरु वासु चौहान का सम्मान कृष्णाकृत अपार्टमेंट पांडु नगर गुरुद्वारा के सामने सुबह 8 बजे।
- अखिल भारतीय ओमर उमर वैश्य महिला परिषद योगाभ्यास नानाराव पार्क तरणताल में सुबह 6 बजे।
- जीएसवीएम नर्सिंग कॉलेज में योग शिविर सुबह 10 बजे।
- रामेष्ट धाम केशव मधुवन वाटिका में योग सुबह 6 बजे।

# आठ माह पहले प्रेम विवाह किया, लटका मिला शव

## युवक ने युवती को घर से ले जाकर पुणे में किया था प्रेम विवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिठूर में नवविवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। मायकेवालों ने पीटने के बाद फांसी पर लटकाकर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि विरोध के बावजूद युवक आठ माह पहले बेटी को बहलाकर पुणे ले गया था, जहां उससे निकाह कर लिया। निकाह के बाद से ही ससुरालीजनों का व्यवहार ठीक नहीं था और उन्होंने फांसी पर लटकाकर उसकी हत्या कर दी।

नारामऊ गांव एडवांस पुलिया निवासी शाहरूख ने आठ माह पहले अपनी बहन सलीना की ननद 20 वर्षीय रेहाना से प्रेम विवाह किया था। शाहरूख के परिजनों के अनुसार भोर पहर रेहाना का शव फंदे पर लटका देखा, लेकिन उसके आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। हरदोई के हरपालपुर मलौथा निवासी रेहाना के परिजनों ने पिटाई कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। रेहाना के भाई उस्मान ने बताया कि परिजन जिस कपड़े सुखाने वाली रस्सी पर फांसी लगाने की बात कह कह रहे है, वह रस्सी ज्यादा कपड़े डाल देने पर टूट जाएगी। उसकी बहन को शाहरूख, उसकी मां शहजहां व छोटे भाई ने मिलकर पीटा है और फिर पर फंदे पर लटकाकर हत्या की है। उस्मान का आरोप है कि निकाह के बाद से ही शाहरूख व उसके परिजन रेहाना को प्रताड़ित करने लगे थे। जिसका जिक्र उसने कई बार फोन करके किया है। उस्मान के अनुसार रिश्तेदार होने के कारण शाहरूख उनकी बहन रेहाना को बहलाकर पुणे ले गया था। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन तीन दिन उसके मिलने पर रिश्तेदारों ने दबाव डालकर समझौता करा दिया था। बिठूर पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई होगी।


रेहाना। (फाइल फोटो)

# सीएमओ डॉ.उदयनाथ ने चार्ज लिया

**कानपुर।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी ने गुरुवार को सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को निलंबित कर दिया है, उनकी जगह पर श्रवास्ती में तैनात एसीएमओ डॉ.उदय नाथ को कानपुर नगर का सीएमओ बनाया है। डॉ.उदय नाथ ने शुक्रवार को सीएमओ का पदभार ग्रहण किया, जिनका स्वागत सीएमओ कार्यालय में फार्मासिस्ट और डॉक्टरों ने किया। इसके अलावा सीएमओ डॉ.उदय नाथ ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से भी मुलाकात की।


चार्ज लेते सीएमओ डॉ.उदय नाथ।

## जिला सूचना अधिकारी ने चार्ज लिया

**कानपुर।** जिला सूचना अधिकारी शांतनु कुमार श्रीवास्तव ने जिला सूचना कार्यालय, कानपुर का कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे जिला सूचना अधिकारी देवरिया थे। वे 2018 बैच के पीसीएस ऑफीसर हैं। वे मूलत: गोरखपुर के निवासी हैं। वे बतौर समीक्षा अधिकारी, सचिवालय लखनऊ व नगर निगम कानपुर में ऑडिटर के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।






# कक्षा नौ की छात्रा से युवक ने किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंदनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार।** कक्षा नौ की छात्रा से युवक ने दुष्कर्म किया। किसी को न बताने की धमकी दी। परिजनों को आपबीती बताने पर उसकी मां ने गोविंदनगर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गोविंदनगर इलाके की रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा एक कालेज में कक्षा नौ में पढ़ती है। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि दो माह पूर्व बेटी जब कालेज से लौट रही थी, तभी रास्ते में उसे इलाके का रहने वाला राम खिलावन उर्फ शनि बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी ने एक होटल में जाकर उससे दुष्कर्म किया। उसी देर शाम को बेटी वह रोते हुए घर पहुंची तो उसने पूरी बात बताई। किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की घमकी दी। इस पर महिला बेटी को लेकर आरोपी के घर पहुंची, जहां उसके पिता रामलाल उर्फ लाला ने भी धमकाया। पीड़िता ने गोविंदनगर पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने टरका दिया। पुलिस अधिकारियों से शिकायत पर गोविंदनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।









# नियमित योग भगाता रोग और काया करता निरोग

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आजः शहर में अलग-अलग स्थानों पर पांच लाख से अधिक लोग करेंगे योग, लोगों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और आधुनिक युग में तनाव लोगों के बीच एक आम समस्या बन गया है। काम का बोझ, व्यक्तिगत संबंधों की उलझनें और अन्य कई वजह हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर काफी असर डालती हैं। यह तनाव न सिर्फ हमारे मन, बल्कि शरीर को काफी नुकसान पहुंचाने का काम करता है। इस समस्या से निपटने के लिए योग एक शानदार भूमिका निभाने का काम करता है और शरीर को न सिर्फ मजबूत बनाता है, बल्कि व्यक्ति को मानसिक रूप से तैयार करता है, जिससे संबंधित व्यक्ति का मन शांत और वह तनावमुक्त रहता है।



21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गंगा तट पर योग शिक्षिका पूनम बाजपेयी की छात्राएं योग ट्रेनर भूमि तिवारी तथा अंशिका तिवारी योगासन की विभिन्न मुद्राओं में। फोटो : मनोज तिवारी

**आज यहां पर होगा योग:** शहर में प्रमुख रूप से ग्रीन पार्क, कारगिल पार्क मोतीझील, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, जीएसवीएम नर्सिंग कॉलेज, महर्षि बाल्मीकि उपवन, गुप्तारघाट, रामेष्ट धाम केशव मधुवन वाटिका, नानाराव पार्क, नाना राव पार्क कंपनी बाग, आईएमए सभागार, कृष्णा कृति आपर्टमेंट पांडु नगर, राजीव वाटिका मोतीझील, बर्रा विश्व बैंक, किदवई नगर संजय वन पार्क, केशव वाटिका, आरटीओ, झकरकट्टी बस अड्डा, केस्को मुख्यालय समेत आदि जगहों पर हजारों की संख्या में लोग योग करेंगे।

**जनप्रतिनिधि-अफसर भी करेंगे योग :** ग्रीन पार्क में आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, महापौर प्रमिला पाण्डेय, सांसद रमेश अवस्थी, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद मिश्रिख अशोक रावत, जिला पंचायक अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, कल्यानपुर विधायक नीलिमा कटियार, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी, किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी, बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा, बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर, घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, सदस्य विधान परिषद अरुण पाठक, मानवेन्द्र सिंह सलील विश्नोई, अविनाश सिंह चौहान समेत तमाम विभागों के अधिकारी योग करेंगे।


### योग करें पर सही तरीके से



योगाचार्य डॉ .रविंद्र पोरवाल ने बताया कि योग एक प्राचीन अभ्यास है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। पांच से 10 मिनट का योग, खासकर तनाव और चिंता को कम करने के लिए एक अच्छी शुरुआत हो सकती है। जो ऊर्जा जिम में एक घंटा व्यायाम करने से प्राप्त नहीं हो पाती, वह ऊर्जा पांच से 10 मिनट के योग से मिल सकती है, बस शर्त ये है कि योग सही तरह से किया गया हो।

● शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करता योग

### योग से मांसपेशियां रिलैक्स, तनाव कम



योगाचार्य ओम प्रकाश आनंद ने बताया कि योग शरीर और मन को एक साथ जोड़ता है। नियमित योग करने से शरीर की मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं और तनाव कम होता है। प्राणायाम से सांस पर नियंत्रण होता है। योग करते समय हमें अपना पूरा फोकस सांसों पर करना होता है। इससे हमारा फोकस बेहतर बनता है। योग ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है और शरीर के सभी अंगों को भरपूर ऑक्सीजन मिल पाती है। योग से एंडोर्फिन नाम का हार्मोन रिलीज होता है, जो दर्द कम करता है और खुशी का एहसास कराता है।

### पीठ दर्द को कम करता है भुजंगासन



योगाचार्य पूनम बाजपेई ने बताया कि वृक्षासन संतुलन और फोकस को बढ़ाता है। त्रिकोणासन शरीर को लचीला बनाता है और तनाव को कम करता है। भुजंगासन पीठ दर्द को कम करता है और तनाव दूर करता है। शशांक आसन तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। शवासन शरीर और मन को पूरी तरह से शांत कर देता है और तनाव कम करता है। ताड़ासन शरीर को सीधा और संतुलित करने में मदद करता है। वहीं, वज्रासन से पेट, पीठ, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, मधुमेह नियंत्रित करने आदि में मदद मिलती है।

### आज शताब्दी एक्सप्रेस योग स्पेशल होगी

**कानपुर।** शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में कानपुर सेंट्रल स्टेशन समेत प्रयागराज मंडल में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से नई दिल्ली के मध्य चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को योग स्पेशल का नाम दिया गया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर गाड़ी संख्या 12033 कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के डिब्बों के बाहरी आवरण पर योग से संबन्धित जागरूकता संदेशों को लगाकर इसे योग स्पेशल के रूप में चलाया जाएगा। गाड़ी में उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भी यात्रियों को योग से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

# तलाक के बाद बहनोई इंस्टाग्राम पर डाल रहा गलत पोस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पीड़िता का आरोप है कि पोस्ट से परिजनों की हो रही बदमानी

● चकेरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार।** इंस्टाग्राम पर गलत पोस्ट कर पूर्व बहनोई परिवार को बदनाम कर रहा है। तलाक के बावजूद खुद को बहन का पति बता रहा है, विरोध पर धमकी देता है। पोस्ट में खुद की जान को खतरा बताया है, जबकि आरोप तत्थहीन हैं। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई। चकेरी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

लाल बंगला इलाके के रहने वाले पीड़ित ने सिविल लाइंस चकेरी निवासी अपने पूर्व बहनोई नजमुल हुदा अतहर पर इंस्टाग्राम पर गलत पोस्ट करके परिवार को बदनाम करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार नजमुल से उसकी बहन का 2022 में तलाक हो चुका है। उसके बाद से वह इंस्टाग्राम आईडी जीरो पर पोस्ट कर परिवार की छवि धूमिल कर रहा है। विरोध पर धमकी दी। खुद को अभी भी बहन का पति बता रहा है, मेरी पत्नी व बच्चों पर निराधार झूठे आरोप लगा रहा है।

अपनी पोस्ट में यह भी दावा कर रहा है कि उसकी जान को खतरा है। जिसके लिए हमें जिम्मेदार बता रहा है, जबकि यह ब्लैकमेल, बदनाम करने व मानसिक प्रताड़ित करना प्रतीत होता है। पीड़ित के अनुसार बहन का विवाह परिवार की इच्छा के विरुद्ध हुआ था। कोविड से लेकर तलाक तक उनका कोई संपर्क नहीं था, फिर भी पीड़ित का नाम इंस्टाग्राम पर सार्वजनिक रूप से लिखा है। इससे मानसिक आघात पहुंचा है। नजमुल हुदा पर नजीराबाद में पहले से एक मुकदमा दर्ज है। जिसे एक महिला ने लिखाया है। उनकी बहन ने घरेलू हिंसा के कारण तलाक लिया है। जिसका चकेरी में रिपोर्ट दर्ज है। पीड़ित ने नजमुल हुदा के खिलाफ मानहानि, डराने-धमकाने की धाराओं में कार्रवाई की मांग की। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इसके अलावा पीड़ित ने इंस्टाग्राम से गलत पोस्ट हटाने की मांग की है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## एक नजर

### गुरुद्वारा में पंज प्यारों ने अमृतपान कराया

**कानपुर।** शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल के आह्वान पर गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंह सभा ब्लॉक नंबर 11 गोविंद नगर में पंज प्यारों द्वारा अमृत पान कराया गया। 30 लोग अमृत पान करके और सिख धर्म की शिक्षा दीक्षा को ग्रहण करके खालसा पंथ में शामिल हुए। श्री गुरु कलगीधर सिंह एवं सभा के प्रधान सरदार सतनाम सिंह, गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल के सरदार मनिंदर सिंह एवं गुरमीत सिंह आदि ने संगत की सेवा की।

### जुलाई का राशन वितरण शुरू किया गया

**कानपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अन्त्योदय अन्न योजना एवं पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डधारकों को जुलाई माह का खाद्यान्न 20 जून से 10 जुलाई तक नि:शुल्क वितरित करने का काम शुरू हो गया है। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम फोर्टीफाइड चावल (कुल 35 किलोग्राम) नि:शुल्क मिलेगा। साथ ही अप्रैल, मई और जून 2025 के लिए 3 किलोग्राम चीनी रुपये 18 प्रति किलोग्राम की दर से दी जाएगी। चीनी वितरण केवल संबंधित राशन दुकान से ही संभव होगा, पोर्टेबिलिटी की सुविधा इसमें नहीं होगी। खाद्यान्न वितरण सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक सुनिश्चित है।

### बीएल अवस्थी व आरसी कनौजिया उपाध्यक्ष

**कानपुर।** ईपीएफ पेंशनर्स एसोसिएशन के सत्र 2025-27 के चुनाव में बीएल अवस्थी एवं आरसी कनौजिया उपाध्यक्ष चननित हुए। एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि केके श्रीवास्तव महामंत्री, सीपी आर्या एवं वीरेंद्र सिंह चंदेल मंत्री, उमेश कुमार शुक्ला संयुक्त मंत्री, आरके वर्मा संगठन मंत्री, एसडी कुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। सदस्यों में मेहरबान सिंह यादव, सुशील तिवारी, आरके चतुर्वेदी, अशोक श्रीवास्तव, पंकज निगम, बीडी शुक्ला, बजरंगी, जेपी दीक्षित, वीरेंद्र सिंह, उर्मिला कुरील सदस्य निर्वाचित हुए।

### कई ट्रेनों में छापेमारी बेटिकट यात्री पकड़े

**कानपुर।** खजुराहो-कानपुर मेमू, लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस समेत बांदा-कानपुर रेलखंड पर बिना टिकट यात्रा की रोकथाम, रेल सेवा को अधिक सुव्यवस्थित एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध रेलवे की संयुक्त टीमों ने गाड़ी संख्या 64645 खजुराहो कानपुर मेमू एवं गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ गरीबरथ समेत कई ट्रेनों में सघन जांच की गई और 45 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे कुल 25065/- का जुर्माना वसूला गया। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक बांदा राजकुमार राजपूत, चेकिंग स्टाफ मनोज कुमार, पीयूष कुमार तथा जीआरपी एवं आरपीएफ का योगदान रहा।

### दादा मियां का उर्स आज

**कानपुर।** बेकनगंज स्थित दादा मियां चौराहे पर हजरत दादा मियां का दो दिवसीय उर्स मुबारक शनिवार को रात 8 बजे शुरू होगा। खानकाह हजरत दादा मियां के सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने बताया कि शनिवार रात जलसा व नातिया मुशायरा होगा जबकि रविवार को फजिर के बाद कुरआनख्वानी होगी।

# आईआईटी में बढ़ेंगे स्टार्टअप, तेज होंगे शोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आईआईटी कानपुर और आईआईआईटी उना ने की साझेदारी

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान उना (आईआईआईटी उना) के बीच साझेदारी की गई है। यह साझेदारी संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य अकादमिक गतिविधियों के संचालन के लिए होगी। समझौता होने से आईआईटी कानपुर में स्टार्टअप की संख्या में इजाफा और शोध में तेजी आ सकेगी।



समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करते अधिकारी। अमृत विचार

इस समझौते पर आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल और आईआईआईटी उना के निदेशक प्रो. मनीष गौर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आईआईटी कानपुर के अनुसंधान एवं विकास के कार्यवाहक डीन, प्रो. कुमार वैभव श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। समझौते के तहत दोनों संस्थान कई सहयोगी गतिविधियों में भाग लेंगे। यह साझेदारी स्टार्टअप्स और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित करेगी, जिसमें इनक्यूबेशन, मेंटरशिप और नवाचार आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यह सहयोग कौशल विकास और शैक्षणिक समृद्धि को बढ़ावा देगा। इसके अंतर्गत संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, संकाय विकास पहलों और छात्र कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। शैक्षणिक आदान-प्रदान, अतिथि व्याख्यान, संयुक्त सेमिनार और पाठ्यक्रम विकास भी किए जाएंगे। साझेदारी का एक प्रमुख उद्देश्य उन्नत अनुसंधान प्रयोगशालाओं और नवाचार केंद्रों का विकास करना है, जिन्हें दोनों संस्थान मिलकर स्थापित करेंगे।

## पंजीकरण का आज अंतिम दिन

**कानपुर।** एचबीटीयू में बीटेक कोर्स में चल रही प्रवेश प्रक्रिया में पंजीयन का शनिवार को अंतिम दिन है। पंजीकरण करा चुके छात्रों को रैंक के आधार पर सीट आवंटन किया जाएगा। आवंटन की घोषणा 23 जून को होगी। दो चरणों में होने वाली प्रक्रिया में पहले चरण की तीन राउंड की काउंसिलिंग के बाद भी सीटें रिक्त रह जाती हैं तो दूसरे चरण में पंजीकरण शुरू किया जाएगा। संस्थान में बीटेक की 912 सीटों पर दो चरणों में काउंसिलिंग होगी। पहले चरण में चार हजार आवेदन आ चुके हैं। 23 जून को सीट आवंटन और 24 जून को दस्तावेज सत्यापन होगा।

## सार-संक्षेप



उद्घाटन करते भाजपा नेता। अमृत विचार

### मोदी सरकार में तुष्टीकरण नहीं, जवाबदेही तय

**कानपुर।** 2014 से पहले देश तुष्टीकरण की राजनीति में डूबा था, भ्रष्टाचार से ग्रस्त सरकार थी लेकिन पिछले 11 वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के ऐसे कार्य किये हैं जिन्हें स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। मोदी सरकार में तुष्टीकरण की राजनीति नहीं बल्कि जवाबदेही तय होती है। ये बात भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। शुक्रवार को किदवई नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में दक्षिण जिला इकाई द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अनुच्छेद 370 को करने, तीन तलाक खत्म करने,वक्फ संशोधन कानून लाने एवं नोटबंदी, सीएए और महिला आरक्षण विधेयक को साहसिक निर्णय बताया। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरवेज को ध्वस्त कर दुनिया को ये बता दिया कि अब मोदी का नया भारत शांति की बातें ही नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है। पूर्व जिलाध्यक्ष कौशल किशोर दीक्षित, राम बहादुर यादव, रीता शास्त्री, डॉ. केजी गुप्ता, जय प्रकाश कुशवाहा, विनोद शुक्ला, विनोद मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, अर्जुन बेरिया, अर्चना आर्या, अनुराग शुक्ला, शिवम मिश्रा, रमाकांत शर्मा, केपी सिंह आदि मौजूद थे।





कैंप में खिलाड़ियों को टिप्स देते पीयूष चावला। अमृत विचार

# कैंप में खिलाड़ियों ने सीखी फील्डिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में समर क्रिकेट कैंप के दूसरे दिन शुक्रवार को भी खिलाड़ियों ने टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी पीयूष चावला से फील्डिंग के पैंतरे सीखे। बारिश के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ।

आर्यनगर स्थित टीएसएच में समर क्रिकेट कैंप चल रहा है। टीएसएच के इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षण की सराहना करते पीयूष ने कहा कि यहां के खिलाड़ियों में टैलेंट भरपूर है। उन्हें अच्छा प्लेटफार्म मिला है। यहां की कोचिंग सुविधा राष्ट्रीय मानकों पर खरी है। कैंप में उन्होंने खिलाड़ियों को बताया कि फील्डिंग में शरीर का मूवमेंट और गेंद की गति समझना जरूरी होता है। कैच, थ्रो और रन आउट में गेंद पर नजर टिकाना अहम होता है। मैदान पर टिकने के लिए बेसिक जानकारी जरूरी है। यह समर कैंप 25 जून तक चलेगा, जिसमें पीयूष चावला तीन दिन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे।

## सूने घर का ताला तोड़ नकदी-जेवर चोरी

**कानपुर।** बादशाहीनाका में सूने मकान का ताला तोड़कर चोर पांच लाख से अधिक के जेवर व रुपये चोरी कर ले गए। पड़ोसी की सूचना पर पीड़ित परिवार लौटा। सीसीटीवी फुटेज में चोर कैद हुए हैं। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बादशाहीनाका के धनकुट्टी निवासी अर्पित त्रिपाठी ने बताया कि वह काम के सिलसिले में बाहर गए थे। 30 मई को पड़ोसी इंद्रपाल सिंह ने उन्हें फोन करके बताया कि उनके घर का ताला टूटा है। चोरी की संभावना जताते हुए बताया कि घर में कबाड़ बीनने वाले तीन युवक घुसे थे। देखकर शोर मचाया तो तीनों भाग निकले। खबर पाकर जब वह घर लौटे तो देखा कि चोरों ने लोहे और लकड़ी का गेट तोड़ा है। अलमारी में रखे जेवर हार, झुमकी, अंगूठी, जंजीर, चांदी के सिक्के, पायल, नाक की कील, नथुनी, बर्तन और नकदी चोरी कर ले गए हैं।

# कौशाम्बी की रेप पीड़िता बेटी को इंसाफ दो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आरोपी को जमानत, पीड़िता के परिवारों को ही जेल भेजा

**अमृत विचार।** कौशांबी जिले के सैनी क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ घिनौना कृत्य करने वाले सिद्धार्थ तिवारी को पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके जेल भेजा था। आरोपी के पिता ने लोकलाज के कारण जहर खा लिया जिससे उनकी मौत हो गई। आरोप है कि शासन के दबाव में पीड़िता के पिता, चाचा व भाई को अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया गया और आरोपी सिद्धार्थ तिवारी को जमानत दे दी गई। पीड़िता की मदद करने वाले ग्राम प्रधान भूपनारायण पाल पर 25000 का इनाम घोषित कर एनकाउंटर कर दिया गया जिसके विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय में संगठनों ने प्रदर्शन किया और पीड़िता को इंसाफ देने की मांग की।

शुक्रवार को अखिल भारतीय पिछड़ावर्ग फेडरेशन व सामाजिक संगठनों के संयुक्त मंच द्वारा आरोपी सिद्धार्थ तिवारी को जमानत देने के विरोध में कचहरी में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी विवेक पाल, कार्यक्रम संयोजक गोविन्द नारायण ने कहा कि घटना की सीबीआई जांच हो, पीड़ित के पिता, चाचा, भाई को जेल से रिहा कराया जाए, पीड़िता का परिवार आर्थिक तंगी व भुखमरी का शिकार है इसलिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। प्रतिभा अटल पाल, चमन खन्ना, विवेक पाल, गोविंद नारायण, श्रीकान्त पाल, सुरेश कुमार वर्मा, देवीप्रसाद निषाद, औसान सिंह यादव थे।

निरीक्षण | मंडल रेल प्रबंधक ने देखा कानपुर सेंट्रल स्टेशन का विश्वस्तरीय निर्माणाधीन कार्य

# सदा याद रखें, सावधानी हटी-दुर्घटना घटी



पनकी में मालगोदाम का निरीक्षण करते डीआरएम रजनीश अग्रवाल, डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पनकी धाम स्टेशन, जीएमसी, ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण, लोको पायलटों से बात की

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चल रहे विश्वस्तरीय कार्यों का मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। लोको पायलट के लिए संरक्षा सेमिनार में लोको पायलट को सतर्कता के गुर समझाते हुए कहा कि ट्रेन संचालन के दौरान सावधानी हटी-दुर्घटना घटी का फार्मूला हमेशा दिमाग में रखें। सारा फोकस संचालन पर ही रहे, मोबाइल से बातें नहीं करें।

प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल दो दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे। शुक्रवार को दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चल रहे विश्वस्तरीय निर्माण कार्य का सर्वे किया। इस दौरान उसके साथ डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह भी रहे। ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में मंडल रेल प्रबंधक ने शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। कोचिंग काम्प्लेक्स एवं टीएमएस शेड का भी निरीक्षण किया। पनकी धाम माल गोदाम का निरीक्षण करते हुए वहां लाइनों के विस्तार की सभी संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए। अमृत स्टेशन पनकी धाम के निरीक्षण में स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं यात्री सुविधाओं के उन्नयन पर जोर दिया। इस मौके पर पीएफटी के टर्मिनल प्रबंधक राम फूल, पंकज साहनी अतुल यादव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

## आरोपी भाइयों की तलाश में नौ जगह दबिश

**कानपुर।** एटीएम की कैश रिसाइक्लिंग मशीन (सीआरएम) में छेड़छाड़ कर 1.39 करोड़ उड़ाने वाले मास्टरमाइंड भाइयों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। शातिरों ने ये रकम सीसामऊ और किदवईनगर स्थित एटीएम से उड़ाई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में नौ जगह दबिश दी है। हालांकि आरोपियों का कुछ पता नहीं चल सका है।

एटीएम में नकदी भरने का काम करने वाली हिटाची कंपनी के कस्टोडियनबिठूर के मकसूदाबाद निवासी दीपक जयसवाल समेत तीन आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। अब साजिशकर्ता अंकित त्रिपाठी और उसके भाई मनीष और आशीष की तलाश है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं हिमांशी मिश्रा पुत्री विनोद कुमार मिश्रा नि- फैजुल्लागंज, लखनऊ, मेरी उ.प्र. बोर्ड का अंकपत्र क्रम संख्या 1173924 वर्ष 2017 जो कि कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो इस मोबाइल पर संपर्क करें- 9450395629

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1307881 व इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0892765 रेडियोग्राफर 2017 अनुक्रमांक 164625347 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **ब्रजेन्द सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत पिपरावां पोस्ट-मल्लावां हरदोई।**

**सूचना**

मैं **त्रिभुवन वर्मा पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम बीबीपुर थाना कोतवाली नगर पोस्ट मटिया तहसील सदर जनपद रायबरेली** बयान करता हूं कि मैने अपने पुत्र हिमांशु पटेल और उसकी पत्नी प्रिया के आचरण से परेशान होकर स्वयं और परिवार से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों, लेनदेन के वह स्वयं उत्तरदाई होंगे। उनका मेरे व परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

पासपोर्ट संख्या H8782110 पर मेरा नाम मोहम्मद इरशाद खान पुत्र मोहम्मद अरशद खान अंकित है। जबकि सही नाम मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद निवासी 52 किशनपुर राय, नजदीक मस्जिद, अहियापुर रायबरेली**

**सूचना**

मेरा आधार संख्या 246047188693 जिस पर मेरा नाम सतीश अंकित है, किंतु कुछ प्रपत्रों में मेरा नाम सतीश गेरा है। सतीश व सतीश गेरा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना वह पहचान जाए। **सतीश पुत्र मदन लाल निवासी- प्लाट नंबर 109 रतनलाल नगर, उद्योग नगर, कानपुर।**

**सूचना**

मेरा पुत्र वीरेंद्र व उसकी पत्नी सुनीता का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार है। दोनो के गलत आचरण को देखते हुए संबंध विच्छेद कर लिया है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **विजय शंकर पुत्र मुल्ला ग्राम- ढिकिया,तहसील मैथा, जिला कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे वोटर आईडी कार्ड, परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड में मेरा नाम सुनीता पत्नी मुरली निवासी चमरपुरवा इमलिया अंकित है, जबकि आधार में त्रुटिवश सरिता पत्नी मुरली अंकित है जो गलत है। अत: आधार कार्ड में सरिता के स्थान पर सुनीता अंकित किया जाना नितांत आवश्यक है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रूपरानी पुत्री स्व0 बुद्धा निवासिनी- मकान नं0 -485/ 36ख, लकड़मण्डी मोहन मेकिन रोड डालीगंज, थाना- हसनगंज, लखनऊ,** मैने अपने छोटे भाई पुत्ती लाल (आधार नं0-2033 4347 7420 मोबाईल नम्बर- 6307639135) व उनकी पत्नी अर्चना से मेरा कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। यदि कोई भी कृत्य, कार्य या कर्जा आदि का लेन-देन या कोई भी अपराध अथवा गैर कानूनी कार्य मेरे भाई व उनकी पत्नी द्वारा किया जाता है तो इसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। मेरा इनके द्वारा किये गये कार्य से किसी भी प्रकार से कोई सम्बन्ध नहीं है। हमारा बटवारा हो चुका है तथा मेरे भाई अपने परिवार के साथ अलग रहते है। मैं अपने परिवार के साथ अलग रहती हूं। हम दोनों का सम्बन्ध विच्छेद हो चुका है।

## एक नजर

### वरिष्ठ पत्रकार को पत्नी शोक



**कानपुर।** वरिष्ठ पत्रकार उमेश शुक्ल की 48 वर्षीय पत्नी सीमा शुक्ला का शुक्रवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह लिवर में संक्रमण की समस्या से जूझ रहीं थीं। वह अपनी पीछे पुत्री अंशिका को छोड़ गईं हैं। उमेश शुक्ल ने बताया कि निज निवास एलआइजी 3/31 स्वर्ण जयंती विहार, कोयला नगर से अंतिम यात्रा सुबह 9 .30 बजे ड्योढ़ी घाट महाराजपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

### यमुना पुल पर दो दिन बंद रहेगा आवागमन

**कानपुर।** कानपुर-सागर हाईवे पर हमीरपुर में यमुना पुल की मरम्मत की वजह से शनिवार और रविवार को पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। जिलाधिकारी ने नाव से नदी पार करने पर भी रोक लगा दी है। पुल से सिर्फ पैदल यात्री ही निकल सकेंगे। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव के मुताबिक यमुना पुल पर शनिवार सुबह से पुल की लिफ्टिंग कर बेयरिंग बदलने का काम शुरू किया जाएगा, जो सोमवार सुबह तक चलेगा। मरम्मत का कार्य 21 जुलाई तक होना है। इसके चलते हर सप्ताह के प्रत्येक शनिवार व रविवार को पुल की मरम्मत की जानी है। बताया कि जून माह में 14, 15, 21, 22, 28 व 29 जून और जुलाई में 5, 6, 12, 13, 19 व 20 जुलाई को पुल पर आवागमन बंद रहेगा।

### रोक के बावजूद गंगा और पांडु नदी से सटाकर बनाए जा रहे पक्के मकान, बरसात में डूबेंगे इलाके

# नदियों किनारे बने मकान अफसरों के बंद आंख-कान

- बाढ़ के खतरे से अंजान अवैध निर्माणकर्ता कर रहे निर्माण, ठगे जा रहे लोग

**123** बीघा जमीन पर अवैध विकासकर्ताओं का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद गंगा व पांडु नदी के पास बेधड़क अवैध निर्माण जारी हैं। नदियों के पास अवैध कॉलोनाइजर्स प्लाटिंग काटकर बेच रहे हैं। केडीए ने ऐसे 71 से अधिक निर्माण कर्ताओं (बिल्डर्स) को चिह्नित किया है, लेकिन इनपर कोई कार्रवाई न होने की वजह से पुराने के साथ नये कॉलोनाइजर्स के हौसले और बढ़ गये हैं। गंगा नदी के पास कटरी, ख्योरा, बनियापुर, हिंदूपुर, धरपुर, प्रतापपुर हरी, चिरान गांव, गंगापुर केडीए ग्रीन के पीछे, हिंदूपुर डल्लापुर बिठूर, सिंहपुर कछार, रानी घाट और पांडु नदी में महेरबानसिंह का पुरवा, वरुण विहार, बर्रा के मोहल्लों में निचले इलाकों में सोसायटी का निर्माण जारी है। बरसात में कई क्षेत्र डूबने के मुहाने पर खड़े हो जाएंगे।

गंगा और पांडु नदी किनारे पुराने बने मकानों को हटाया नहीं गया है लेकिन इनका दायरा लगातार बढ़ रहा है। शहर में रानीघाट के आस-पास तेजी से मकानों की संख्या बढ़ी है। जबकि यह नदी से सटकर बसा है। बरसात में बाढ़ आने के बाद यहां जलभराव होता है। वहीं, बैराज के आस-पास कटरी में भी अवैध निर्माण हो रहे हैं। केडीए ने मंगलवार को ख्यौरा कटरी, गंगा बैराज से मन्धना मोड़ तक डूब क्षेत्र में जरूर 8 बीघा जमीन में अवैध प्लाटिंग को गिराया है, लेकिन अवैध निर्माणों का दायरा बड़ा है। जिनपर अभी कार्रवाई होनी बाकी है। इसी तरह पांडु नदी के आस-पास वरुण विहार क्षेत्र में तेजी से अवैध निर्माण बढ़े हैं। केडीए की योजना के बगल में ही कच्चे-पक्के निर्माण बनते जा रहे हैं। हर बार बरसात में यहां रहने वाले लोगों को बाढ़ से बचाने के लिये प्रशासन को शिफ्ट करना पड़ता है। एक ओर पुराने रहने वालों को दूसरी जगह नहीं ले जाया गया वहीं नये लोग और शिफ्ट हो गए हैं।

**बिना नक्शा पास कराए हो रही अवैध प्लाटिंग:** प्रवर्तन जोन-1 के विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह के अनुसार डूब क्षेत्रों में चोरी छिपे बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है। एक भी प्लाटिंग पर केडीए द्वारा न तो नक्शा पास कराया जा रहा है और न ही ले-आउट पास कराया गया था।



रानी घाट पर गंगा नदी के किनारे बने मकान। अमृत विचार

**71** कॉलोनाइजर्स के खिलाफ तहरीर, रिपोर्ट दर्ज नहीं

**50** से अधिक सोसायटी गंगा कटरी क्षेत्र में आबाद

**08** बीघा जमीन में अवैध प्लाटिंग को गिराया गया

### तहरीर दी गई पर दर्ज नहीं हुई एफआईआर

- गंगा कटरी व डूब क्षेत्र में अवैध रूप से निर्माण करने वाले 71 कॉलोनाइजर्स (विकासकर्ता) के खिलाफ केडीए ने तहरीर दी थी। लेकिन साल भर बाद आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। दरअसल केडीए ने पुलिस को रजिस्टर्ड डाक से तहरीर तो भेजी, लेकिन उसमें विभागीय अधिकारियों ने स्थलीय जांच की पत्रावली ही नहीं लगाई। इसके साथ केडीए ने किसी अधिकारी को भी नामित नहीं किया जिसकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। केडीए ने भी दोबारा कागजात पूरे करने के प्रयास नहीं किए। जिससे लोगों के हौसले और बढ़ गए।

### 50 से अधिक सोसायटी लोगों को बेच दी

- गंगा कटरी क्षेत्र, हिंदूपुर, सिंहपुर कछार, मकड़ीखेड़ा में की करीब 50 से अधिक सोसायटी बस गईं। जिसमें अवैध प्लाटिंग कर बेंच दिया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 123 बीघा जमीन पर अवैध विकासकर्ताओं का कब्जा है। इस जमीन पर निर्माण कार्य वर्जित है। कटरी ख्योरा, हिंदूपुर और सिंहपुर कछार में सबसे ज्यादा अवैध निर्माणकर्ता सक्रिय हैं।



बस अड्डा

गड्ढा में डूब रहा झकरकटी बस अड्डा। यहां पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि बसें भी डगमगाती हैं। बरसात में तालाब सा नजारा है।

# प्रॉफिट बुकिंग की ताक में रिटेल निवेशक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


- **11** लाख निवेशक हैं शेयर बाजार में शहर के करीब
- **2.80** लाख करोड़ रुपये का कुल अनुमानित निवेश है
- **36** हजार करोड़ निवेश म्यूच्यूअल फण्ड में है

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में जारी उथल-पुथल के बीच रिटेल निवेशकों में सतर्कता बढ़ती जा रही है। ईरान-इजरायल तनाव में बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए बीते एक सप्ताह में शहर के निवेशकों ने लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। शेयर बाजार में शहर के करीब 11 लाख निवेशकों का कुल अनुमानित निवेश 2.80 लाख करोड़ रुपये है।

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह ने बताया कि बीते कुछ महीनों की अस्थिरता के बाद बाजार में सुधार के संकेत दिखाई दिए हैं, जिससे निवेशकों के पोर्टफोलियो में भी मजबूती आई है।

कई निवेशकों को आशंका है कि यदि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ता है तो बाजार में तेज गिरावट आ सकती है, जिससे उनका पोर्टफोलियो घाटे में जा सकता है। ऐसे में बहुत से रिटेल निवेशक मौजूदा उछाल का फायदा उठाकर प्रॉफिट बुकिंग की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हालांकि, निवेशकों का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो अपनी एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) को नियमित रूप से जारी रखना चाहता है, ताकि बाजार में उठने-गिरने से मिलने वाले औसत लाभ का फायदा मिल सके।

> संस्थागत निवेशकों की ओर से की जा रही खरीदारी बाजार में भरोसे की भावना को मजबूती दे रही है। भू-राजनीतिक हालात अगर और नहीं बिगड़े, तो भारतीय शेयर बाजार फिर से नई ऊंचाई को छूने की ओर कदम बढ़ा सकता है।
>
> **राजीव सिंह, आर्थिक विशेषज्ञ**



मुरारी लाल अग्रवाल को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

### सेठ मुरारी लाल ने केनरा बैंक में किया लॉकर का उद्घाटन

**कानपुर।** हर्ष नगर स्थित केनरा बैंक में शुक्रवार को वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल ने लॉकर सुविधा का उद्घाटन किया। केनरा बैंक सहायक महाप्रबंधक प्रभात राजवंशी व सेठ मुरारी लाल अग्रवाल का माला पहना व शॉल देकर स्वागत किया। सेठ मुरारी लाल अग्रवाल ने बैंक में आए ग्राहकों व केनरा बैंक के स्टाफ को मिठाई वितरण कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान उप क्षेत्रीय प्रमुख रजनीश गुप्ता, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हर्ष नगर विकास मिश्रा, शाखा से अंकुर द्विवेदी, अभिषेक सिंह महालक्ष्मी ट्रैवल्स के ओनर शंकर लाल, डॉ. पीयूष मिश्रा, धीरेंद्र यादव, विशाल गुप्ता, संजीव सैनी, हीरालाल , राम कुरील व अरविंद मेहरोत्रा आदि रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते संतोष गहमरी। अमृत विचार

### भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करें

**कानपुर।** भोजपुरी दुनिया की सबसे मीठी बोली है, उसके बावजूद अब तक इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है जो भोजपुरी भाषियों के लिए चिंतनीय है। भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। शुक्रवार को केंद्रीय छठ पूजा समिति अध्यक्ष भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं लोकसभा सांसद रमेश अवस्थी को ज्ञापन सौंपते हुए ये मांग की। ज्ञापन देने वालों में डॉ आनंद झा, प्रभात पाल, बिल्लू ठाकुर, छोटे लाल, अरविंद सिंह, पिंटू श्रीवास्तव, मधुबाला सिंह, अमित यादव, रमाकांत आदि थे।



आईआईटी में मौजूद स्टाफ और छात्र। अमृत विचार

### सिस्टम्स लैब के 25 साल पूरे

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के स्मार्ट मैटेरियल्स, स्ट्रक्चर्स और सिस्टम्स लैब के 25 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। समारोह में बताया गया कि 8 जून 2000 को स्थापित एसएमएसएस प्रयोगशाला ने विभिन्न परियोजना के ग्रांट-इन-एड समर्थन से स्मार्ट मैटेरियल्स में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में निरंतर विकास किया है। लैब को इसरो, एचएएल और गेल जैसी प्रमुख संस्थाओं ने भी इस प्रयोगशाला को वित्तीय सहायता दी है। यह लैब डिजाइन और रोबोटिक्स में लगातार बेहतर बनने की कोशिश करती रही है।

# जल निकासी के लिए कमेटी बनाने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण कर अफसर देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में व्यापरियों के साथ बैठक हुई। बैठक में व्यापारिक क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर में जल निकासी की समस्या पर कमेटी बनाए जाने का आदेश हुआ।

उत्तर प्रदेश युवा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के संरक्षक श्याम शुक्ला की ओर से बाबू पुरवा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर का बरसाती पानी निकासी के संबंध में समस्या उठाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने एक कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए। कमेटी में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम की अध्यक्षता में चीफ इंजीनियर नगर निगम तथा श्याम शुक्ला द्वारा निरीक्षण कर समाधान के लिए की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह घंटाघर स्थित मंदिर के हस्तांतरण के विषय पर भी एक कमेटी का गठन किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी कानपुर बदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता द्वारा वार्ड 32 देव नगर रायपुरवा में फर्नीचर कारों बारियों द्वारा रास्ता बंद करने की शिकायत की गई। जिस पर नगर निगम के अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्व में रास्ते को खाली कराया गया था। लेकिन दोबारा कब्जा किया है। इस पर जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर समस्या दूर करें।

# भारत गौरव विशेष ट्रेन से 7 ज्योतिर्लिंग की यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यात्रा का संचालन 30 जून से 11 जुलाई तक 11 रात-12 दिन होगा
- कानपुर सेंट्रल, झांसी, उरई, रायबरेली, प्रयागराज, प्रतापगढ़ से बैठने की व्यवस्था

**अमृत विचार।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन लि (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव विशेष ट्रेन से 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन 30 जून से 11 जुलाई तक 11 रात और 12 दिन के लिए किया जाएगा।

उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि इस ट्रेन में बैठने/उतरने की सुविधा कानपुर सेंट्रल स्टेशन, गोरखपुर जंक्शन, मनकापुर जंक्शन, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, उरई, झांसी, ललितपुर उपलब्ध रहेगी। इस पैकेज की बुकिंग 'पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग के लिए पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है।

**कंम्फर्ट श्रेणी के पैकेज :** इस यात्रा के कंम्फर्ट श्रेणी के पैकेज में डीलक्स होटलों के एसी कमरे (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) में रात्रि का विश्राम/ वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। ये पैकेज में 53,260 रुपये प्रति व्यक्ति है।

### स्टैंडर्ड श्रेणी के पैकेज

इस यात्रा के स्टैंडर्ड श्रेणी के पैकेज में बजट होटलों के एसी कमरे (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) में रात्रि का विश्राम, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नॉन एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। वाश एंड चेंज की व्यवस्था नॉन एसी बजट होटलों में होगी। इस पैकेज में एक व्यक्ति का पैकेज 40,000 रुपये है।

### इन ज्योतिर्लिंग की यात्रा कराई जाएगी

- इसके अन्तर्गत उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिलिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात में द्वारिकाधीश, भेटद्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक में त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन के लिए यात्रा कराई जाएगी।




### स्लीपर श्रेणी के पैकेज

इस यात्रा के स्लीपर श्रेणी के पैकेज में नॉन एसी बजट होटलों में शेयरिंग में रात्रि का विश्राम/वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नॉन एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस पैकेज में एक व्यक्ति का पैकेज 23,500 रुपये है।

### किस्तों पर भी सुविधा उपलब्ध

इस यात्रा के लिए लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र रू0- 826/- प्रति माह इ एम आई (किस्त) भुगतान की सुविधा की व्यवस्था की गयी है, ताकि निम्न आय वर्ग तथा अन्य वर्ग के लोग भी इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठा सकें।



जिला उद्योग बंधु की बैठक में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# सरकारी जमीन पर कब्जा एफआईआर का आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने बिजली, सफाई का मुद्दा भी उठाया
- उपायुक्त उद्योग हर महीने दूसरे व चौथे शुक्रवार को उद्यमियों से करेंगे संवाद

**अमृत विचार।** जिला उद्योग बंधु की बैठक में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश जारी हुए। उपायुक्त उद्योग को हर महीने दूसरे व चौथे शुक्रवार को उद्यमियों से संवाद करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव, सफाई व ट्रिपिंग का मुद्दा भी उठाया।

जिलाधिकारी जेपी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में उद्यमियों ने समस्याएं बताईं। फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि जिलास्तरीय बैठक में कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा नहीं हो पाती है। इसके लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इस पर जिलाधिकारी ने उपयुक्त उद्योग को यह निर्देश दिया कि वे अब हर महीने दूसरे व चौथे शुक्रवार को उद्यमियों से संवाद करेंगे। उन्होंने व्यापार नगर, इस्पात नगर औद्योगिक क्षेत्र की दुर्दशा भी बताई। इस पर जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को प्रस्ताव बनाकर देने को कहा। कोपेइस्टेट के पदाधिकारियों ने को- ऑपरेटिव औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों व श्रमिकों के लिए वैकल्पिक मार्ग नहर के किनारे की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने का मुद्दा उठाया। इस पर जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी गोविंद नगर को बैठक से ही फोन करके एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा। उद्यमी मनोज बंका ने भौती क्षेत्र में पीएसआईटी तथा भौतिक भीमसेन मार्ग के मध्य नेशनल हाईवे पर अंडर पास बनाए जाने के संबंध में समस्या बताई। बजरंगबली औद्योगिक क्षेत्र निजी क्षेत्र होने के कारण नगर निगम ने क्षेत्र के अंदर काम कराने से इनकार किया। उद्यमियों ने पनकी औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक करने और हाई मास्ट लगाने और क्षेत्र के मुख्य नालों की सफाई कराने का मुद्दा उठाया। सुरेश गुप्ता खादी ने भौती स्थित कानपुर गौशाला की ओर से पानी निकासी का विषय उठाया। बैठक में शिव कुमार गुप्ता, आईआईए से ममता शुक्ला, आलोक अग्रवाल, दिनेश बरसिया, मनोज शुक्ला, सतीश प्रकाश, सुरेश गुप्ता, ज्ञानेंद्र अवस्थी सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

**गड़बड़ी** — नेडा में पंजीकृत एजेंसियों के बजाय कई लोग ग्राहकों को लालच देकर फंसाते

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में खेल, सब्सिडी बड़ी लेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यदि आप अपने घर या कारखाने में सोलर पैनल लगाने की सोच रहे हैं और कोई आपको लालच दे रहा है कि सरकार से मिलने वाली छूट एक माह के अंदर दिला देंगे तो पहले नेडा कार्यालय विकास भवन में जरूर संपर्क कर लें। अन्यथा हो सकता है कि उक्त एजेंसी नेडा में पंजीकृत नहीं हो। आप योजना में लगने वाला पूरा पैसा धन दे दें और आपको सरकार से मिलने वाली छूट खटाई में पड़ जाए।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (नेडा) के माध्यम से केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार सोलर अभियान को तेजी से चला रही है जिसके लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू है। इस योजना में 2 किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत और 2 व 3 किलोवाट क्षमता के बीच की प्रणालियों के लिए अतिरिक्त लागत का 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। भारत सरकार ने आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लि सशक्त बनाने के लिए 29 फरवरी 2024 को सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी। सरकार 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी देती है।

**मुख्यमंत्री पोर्टल पर 10-10 शिकायतें रोज:** मुख्यमंत्री पोर्टल पर 10-10 शिकायतें प्रतिदिन आ रही हैं जिसमें उपभोक्ता ये शिकायत कर रहे हैं कि उन्होंने सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के लालच में अपने घर, कारखाने, फैक्ट्रियों में सोलर सिस्टम लगवा लिया है लेकिन कई माह बीत जाने के बाद अभी तक सब्सिडी नहीं आई है। ऐसी शिकायतें एक दो नहीं बल्कि प्रतिदिन बड़े पैमाने पर आ रही हैं।



### राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराएं

- इच्छुक ग्राहक उपभोक्ता को राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना होता है।
- आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए।
- आपके पास एक ऐसा घर होना चाहिए जिसकी छत सौर पैनल लगाने के लिए उपयुक्त हो।
- घर में वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए।
- परिवार ने सौर पैनलों के लिए किसी अन्य सब्सिडी का लाभ नहीं उठाया हो।

### किसी के बहकावे में नहीं आएं

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में कानपुर नेडा में 65 एजेंसियां ही सोलर पैनल लगाने के लिए अधिकृत हैं। इनके अतिरिक्त कोई पैनल लगवाएगा, वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सोलर पैनल लगवाने से पहले विकास भवन स्थित नेडा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। जो लोग योजना में हेराफेरी कर रहे हैं, उनके खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

**राकेश कुमार पांडेय, नेडा अधिकारी कानपुर नगर**

# दीवार काट घर में घुसे चोर ले गये लाखों का माल

## चोर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर नकदी समेत चार लाख रुपये के जेवर समेट ले गए

संवाददाता बिधनू


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिधनू के सपई गांव में बुधवार रात चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बनाया। चोर पीछे की दीवार में सेंध लगाकर घुसे और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर नकदी समेत चार लाख रेपये के जेवर समेट ले गए। किसान भाई समेत रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर में बुजुर्ग माता पिता थे। किसान जब घर लौटे तो उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। गांव के दो युवकों पर चोरी की घटना को अंजाम देने की आशंका जताई है।

सपई गांव निवासी पारुल सिंह ने बताया कि बुधवार को वह छोटे भाई संग रिश्तेदारी में बाहर गए हुए थे। घर में बुजुर्ग पिता इंद्र प्रताप सिंह व माता निशा थी। देर रात चोर मकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर घुस आए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़ दिया। उसमें रखी 15 हजार की नकदी और चार लाख के जेवर चुरा ले गए। चोर जाते समय मकान के गेट पर बाहर से कुंडी भी लगा गए। सुबह बुजुर्ग माता पिता की नींद खुली तो छत से आवाज लगाकर पड़ोसियों से कुंडी खुलवाई। गुरुवार रात दोनों किसान भाई घर लौटे तो पुलिस को जानकारी दी। किसान ने गांव के दो युवकों पर आशंका जताते हुए घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

- बिधनू के सपई गांव का मामला बुर्जुग दंपती घर में ही रहे मौजूद
- चोर जाते समय गेट की बाहर से कुंडी भी बंद कर गये

# चौबेपुर में चोरों ने सूने घर को बनाया निशाना

संवाददाता चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भवानीपुर के कृष्णा ग्रींस स्थित एक सूने मकान में मौका पाकर चोरों ने कीमती सामान पार कर दिया।

जानकारी पर पीड़ित ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है। सुभाष नगर, थाना रसूलाबाद, कानपुर देहात निवासी जितेंद्र कुमार त्रिपाठी पुत्र रामविलास त्रिपाठी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके भाई शैलेंद्र त्रिपाठी ने चौबेपुर के भवानीपुर गांव स्थित कृष्णा ग्रींस में मकान बनवाया है। बताया कि उनके भाई शैलेंद्र एयरफोर्स में हैं और मौजूदा समय में उनकी तैनाती चेन्नई में है।

गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे वह मकान में साफ सफाई के लिए गए थे। तो उन्होंने देखा कि कमरों में लगे पंखे, इनवर्टर, बैटरी व अन्य कीमती सामान गायब है। उन्होंने बताया कि चोरी में कितना नुकसान हुआ है इसकी सही जानकारी भाई के मौके पर आने के बाद ही हो सकेगी।

मामले में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# योग से दिया स्वस्थ्य रहने का संदेश

संवाददाता चौबेपुर


बच्चों को योग सिखाते प्रशिक्षक। अमृत विचार


योग करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पहले शुक्रवार को कस्बा स्थित वीवीआईपी स्कूल में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को योग क्रिया सिखाने के साथ ही इससे होने वाले लाभ भी बताये।

कस्बे के बेला मार्ग स्थित वीवीआईपी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को बताया कि योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है। योग से मानसिक तनाव भी कम होता है। तनाव से तमाम तरह की बीमारियां पनपती हैं। योग सिखाने आये प्रशिक्षकों ने बताया कि योग करने से शरीर मजबूत व लचीला रहता है। नियमित योग करने से शरीर का रक्तचाप नियंत्रित रहता है । इसके अतिरिक्त रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इस मौके पर विद्यालय चेयरमैन डॉ पुरुषोत्तम बाजपेई, बीना दुबे, सन्नो ,नेहा, निधी, जागृति, रंजना, पूनम,, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फंदे से लटका मिला युवती का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता बिल्हौर


अंशिका पाल।


घर के बाहर मौजूद पुलिस बल व परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के औरंगपुर सांभी गांव में शुक्रवार की सुबह एक विवाहिता का शव घर के अंदर कमरे में फंदे पर लटका मिला। जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल शुरू की।

बिल्हौर निवासी शिव प्रकाश पाल की बेटी अंशिका पाल (24) की शादी चार साल पहले औरंगपुर सांभी निवासी बाबू रामपाल के बेटे राज प्रताप पाल से हुई थी। राज प्रताप खजुरी कलां गांव में मेडिकल स्टोर चलाते हैं, जबकि अंशिका स्वयं महिला चिकित्सक के रूप में इलाज करती थीं। दंपति की तीन साल की एक बेटी आराध्या है। मृतका की बहन ज्योति के मुताबिक, शादी के बाद शुरुआती दौर में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बीते कुछ समय से ससुराल वाले अंशिका को प्रताड़ित करने लगे थे। शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने अंशिका के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मायके पक्ष को दी।

जब वे मौके पर पहुंचे, तो अंशिका का शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि पति राज प्रताप, सास शांति, ससुर बाबूराम और मृतका के ननिहाल में रह रहे भांजे सौरभ पाल ने अंशिका की हत्या कर दी और फिर उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए जेवर उतारने के बाद शव को फंदे पर लटका दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की बहन ज्योति की तहरीर के आधार पर पति राज प्रताप, सास शांति, ससुर बाबूराम और भांजे सौरभ पाल के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लोधी समाज का सम्मान सपा में ही सुरक्षित है

**चौबेपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के घिन्नी पुरवा में पीडीए द्वारा शुक्रवार को एक चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान तमाम समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया किया।

क्षेत्र के दिलीप नगर के घिन्नी पुरवा गांव में आयोजित कार्यक्रम में बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा कि वर्ष 2027 में पीडीए के महानायक अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने से ही बाबा सहाब का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि यदि संविधान को बचाना है, तो पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक समाज को एक होना पड़ेगा। इसके लिए लोधी समाज के लोगों को पूरी सहभागिता निभाई होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि लोधी समाज का सम्मान अगर कहीं होता है तो वह सिर्फ समाजवादी पार्टी में ही है। इस मौके पर अनिरुद्ध, दीपरतन, विनय यादव, वीरेन्द्र वर्मा, रमेश गौतम, प्यारे लाल राजपूत, प्रद्युम, सुनील, अजय रमेश, सत्यम राजपूत, मिथिलेश कोरी, संतोष पाल, उमाशंकर राजपूत, जितेंद्र राजपूत, सुनील यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# संपर्क क्रांति की बोगी में धुआं उठने से हड़कंप

**अछल्दा (औरैया)।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर आनंद बिहार से चलकर भुवनेश्वर की ओर जा रही उड़ीसा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच के पहियों में धुआं उठने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार दोपहर 12:21 बजे ट्रेन की संख्या 12820 के पांच नंबर की बोगी में धुआं निकलने लगा, जिससे पहियो में चिंगारी निकलने लगी। जब धुआं तेज हुआ तो बोगी के अंदर पहुंचने लगा। ट्रेन के अंदर धुआं आते देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। बोगी में मौजूद रेल कर्मचारियों ने ट्रेन के चालक को धुआं निकलने की सूचना दी। जिसके बाद चालक ने आनन-फानन में ट्रेन को अछल्दा रेलवे क्रासिंग पर ही रोक दिया।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR


बारिश होने के बाद जलभराव से निकलते वाहन सवार। अमृत विचार

# तेज बारिश से कई इलाकों में जलभराव

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** नगर में भीषण गर्मी और उमस के बीच शाम को जबरदस्त बारिश हुई। बारिश के चलते जहां लोगों को गर्मी से तो राहत मिली लेकिन जगह-जगह हुए जलभराव से समस्याएं भी हुईं।

शुक्रवार शाम को अचानक मौसम बदल गया पहले तेज हवाएं चलती रहीं उसके बाद तहसील क्षेत्र में कुछ जगहों पर बूंदाबांदी के साथ जोरदार बारिश हुई । इससे गर्मी व उमस से बेहाल लोगों को राहत मिली, जबकि बारिश के चलते ही जगह- जगह जलभराव भी हो गया। इससे लोगों को तमाम तरह की समस्याएं भी हुईं। नगर के डाकखाना रोड समेत हाईवे पर जलभराव हो गया। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। कई लोग बारिश का आनंद लेते हुए देखे गये। वहीं घाटमपुर एसडीएम ऋतु प्रिया ने बताया कि शाम को बूंदाबांदी के साथ बारिश हुई है लेकिन अभी तक कोई नुकसान की बात सामने नहीं आई है।

# खेतों में जाने को 34 सालों से रास्ता खोज रहा किसान

संवाददाता राजपुर

- राजस्व अभिलेखों में दर्ज चकरोड व नाली पर कब्जा
- न्याय के लिए 23 को आमरण अनशन पर बैठेगा पीड़ित

**अमृत विचार।** मौजा पैलावर व मौजा खासवरा में एक किसान ने अपने खेतों का रास्ता ढूंढने के लिए तहसील स्तर से लेकर सीएम से गुहार लगाई, लेकिन 35 सालों से उसे अपने खेतों तक जाने के लिए रास्ता नहीं मिल रहा है। जबकि राजस्व अभिलेखों में सरकारी चकरोड व नाली दर्ज है। पीड़ित किसान ने 23 जून को आमरण अनशन पर बैठने की बात कही है।

तहसील सिकंदरा क्षेत्र के खासवरा गांव निवासी किसान रवींद्र कुमार ने अपने मांग पत्र मे बताया कि मौजा पैलावर में न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए आराजी संख्या 970, 971, 973 व 974 को नाप कर मेड़ बंधाने का कार्य किया जाए। वहीं आराजी संख्या 968 व 972 में सरकारी नाली एवं आराजी संख्या 930 व 969 में सरकारी चकरोड दर्ज है। कुछ दबंगों ने उसे काटकर अपने खेतों में मिला लिया है। उनपर कार्रवाई करते हुए चकरोड व नाली खुलवाई जाए। इसी तरह मौजा खासवरा में चकरोड नंबर 93वे खुलवाएं और 3 सितंबर वर्ष 2007 के न्यायालय के आदेश का पालन किया जाए। आराजी संख्या 112 में खड़े व गिरे पेड़ों का खसरा दिलाकर सूखी लकड़ी बेचने की स्वीकृत दी जाए। वहीं पूर्व में लिखाए गए फर्जी मुकदमे को निरस्त करते हुए खासवरा की प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि के कराए कार्यों की जांच होनी चाहिए। साथ ही जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। पीड़ित किसान ने कहा कि मौजा पैलावर व मौजा खासवरा में अपने खेतों तक जाने के लिए वर्ष 1991 से रास्ता तलाश कर रहे हैं, लेकिन रास्ता अब तक नहीं मिल पा रहा है। जिससे परेशान होकर वह 23 जून को तहसील सिकंदरा में आमरण अनशन पर बैठेगा।




जरा याद करो कुर्बानी — महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. गया प्रसाद कटियार को जयंती पर किया याद

# गया प्रसाद के नाम पर हो बिल्हौर रेलवे स्टेशन

संवाददाता बिल्हौर


मुख्य अतिथि को गया प्रसाद का चित्र भेंट करते विधायक राहुल बच्चा सोनकर।

**अमृत विचार।** बिल्हौर में आज महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. गया प्रसाद कटियार की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और डॉ. कटियार के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने डॉ. गया प्रसाद कटियार के देश की आजादी में दिए गए योगदान का बखान करते हुए उनके बलिदान को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि बिल्हौर रेलवे स्टेशन का नाम जल्द ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. गया प्रसाद कटियार के नाम पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गया प्रसाद कटियार के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जय प्रताप सिंह जैकी ने भी स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए गया प्रसाद कटियार के प्रेरणादाई जीवन के बारे में लोगों को बताया । कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री अशीष पटेल ने बिल्हौर बार एसोसिएशन के महामंत्री व अपना दल के जिलाउपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में बब्लू कटियार , क्रांति कटियार ,ओपी कटिहार आदि रहे।

### सपाइयों ने किया माल्यार्पण

सपा नेता रचना सिंह व बिल्हौर समाजवादी पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष ने भी महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ गया प्रसाद कटियार की जयंती पर उनको याद किया। उनके पैतृक गांव खजुरी खुर्द में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। रोहित कटियार, डॉ देवेश कटियार, अंशुमान यादव, राहुल यादव रजनीश कटियार, लोकेश अवस्थी, धर्मेंद्र कमल प्रधान दलेलपुर, सुदीप कटियार खजुरी खुर्द, रामू आदि रहे।

## एक नजर

### लेजर शो से दिखाई जाएगी शहीदों की शौर्य गाथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए डिजिटल व्यवस्था बनायी जाएगी। लखनऊ के कैन्टोनमेंट क्षेत्र स्थित स्मृतिका वॉर मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत होगी। उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। इसका उद्देश्य देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान को आधुनिक तकनीक से जन-जन तक पहुंचाना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।


# योग दिवस के लिए नगर विकास विभाग ने सजाए 100 पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग के लिए सभी जरूरी सुविधाओं से युक्त हैं पार्क
- रोजाना स्थानीय लोग पार्कों में कर सकेंगे योग

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। योग दिवस के बाद भी इसमें लोग रोजाना योग कर सकते हैं।

योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। इस थीम के अंतर्गत नगर विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से 100 से अधिक योग पार्क स्थापित किए हैं। जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।



नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के मुताबिक, नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा। इसी तरह नगर निगम आगरा में बल्केश्वर पार्क, सेंट्रल पार्क आवास विकास, कालिंदी पार्क और नगर निगम कार्यालय पार्क को योग पार्क के तौर पर विकसित किया गया है।

राजधानी लखनऊ में गुलाब पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया गया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क, बुद्ध पार्क, संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृदांवन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं। जबकि अयोध्या और फिरोजाबाद में 3-3, गाजियाबाद में 10 योग पार्क विकसित किये गये हैं। सभी जिलाधिकारियों, स्थानीय निकाय निदेशालय और नगर निगमों के आयुक्तों को निर्देश दिये हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग पार्कों में मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और योग प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान को सुनिश्चित करें।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से सभी जुड़ें : योगी



मुख्यमंत्री योगी ने कहा शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। योग भारत की विरासत है और प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्ष पूर्व इसे वैश्विक मान्यता दिलाई। उन्होंने कहा गांव से लेकर नगर तक के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हिस्सा बनें। योग से जुड़कर स्वस्थ दिनचर्या की शुरुआत करें, क्योंकि कहा गया है कि धर्म के साधनों के लिए शरीर माध्यम है, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना जरूरी है।

### सचिवालय में तैनात कंप्यूटर सहायक बर्खास्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिवालय प्रशासन विभाग ने सचिवालय में कंप्यूटर सहायक के पद पर कार्यरत निधि सिंह को नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही और अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोपों के चलते शुक्रवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोपों की जांच में सहयोग नहीं करने पर एकपक्षीय जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। विशेष सचिव फूल चंद्र ने निधि सिंह को सेवा से पदच्युत किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। इस मामले में वर्ष 2022 से विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी।

# घरेलू सेवाओं में युवाओं को दक्ष बनाएगा हुनर हाथ प्रोजेक्ट

## प्रदेश के 5 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगी शुरुआत

- भोजन, सफाई, देखभाल जैसे कार्यों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट हुनर हाथ का प्रस्तुतिकरण देखते कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और मिशन निदेशक पुलकित खरे।

**अमृत विचार :** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पांच जिलों में की जाएगी। इसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत 'हुनर हाथ' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर इन प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं प्राप्त कर सकेगा।

### योजना को मॉडल के तौर पर किया जाएगा स्थापित

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रशिक्षित युवाओं का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाए और पोर्टल पर सेवाओं को वर्गीकृत करते हुए जनसामान्य के लिए सुलभ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं सेवा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इस योजना को प्रदेश में एक मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सके। बैठक में मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव दिए।

## प्रदेश में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में 2.85 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार हो चुकी हैं। यह पिछले सीजन से 70 हजार हेक्टेयर अधिक है। जबकि 16 हजार हेक्टयर से अधिक में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले सीजन यह आंकड़ा साढ़े पांच हजार रहा था। मानसून की आमद के साथ प्रदेश में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई रफ्तार पकड़ रही है। इस बार धान, मोटे अनाज से लेकर दलहन-तिलहन में भी पिछले सत्र के मुकाबले तेजी दिख रही है। ज्वार, बाजरा, मूंग, अरहर की बुवाई भी पिछले सीजन से ज्यादा रही है। 30 हजार हेक्टेयर में ज्वार और साढ़े पांच हजार हेक्टेयर में बाजरा बोया जा चुका है, जबकि 13 हजार हेक्टेयर से ज्यादा में अरहर की बुवाई हो चुकी है।

# औद्योगिक भूखंडों की होगी मेगा ई-नीलामी

## यूपीसीडा ने शुरू की तैयारी, नई औद्योगिक इकाइयों की होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ई-नीलामी वाले 16 जिलों में कानपुर, उन्नाव, अमेठी व शाहजहांपुर शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में नए उद्यम लगाने के लिए इच्छुक उद्यमियों को औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा न केवल भूमि उपलब्ध करायी जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया पूरी हो।

इस प्रक्रिया के जरिए मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी व अमेठी में औद्योगिक भूखंड आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। बागपत में चिह्नित 5097.10 वर्ग मीटर का भूखंड उप्र. औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति (यूपीआईआईईपीपी-2022) के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी अनुमोदित मेगा प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित है। इन सभी प्लॉट्स के रिजर्व प्राइस तय हैं। इनके लिए 5 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। सभी आवेदनों में से पात्र आवेदनों को चिह्नित कर 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, सभी आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद पात्र आवेदनकर्ताओं को 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी में हिस्सा लेकर बोली लगाने का मौका मिलेगा। प्रपत्र डाउनलोड व पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट और निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन किया जा सकता है।

### अमेठी में होगी सर्वाधिक 33 भूखंड की नीलामी

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में सर्वाधिक 33 भूखंड अमेठी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आईआईडीसी बंथरा में 300 वर्ग मीटर के भूखंड सबसे छोटे हैं, जिसमें प्रत्येक की रिजर्व प्राइस 16.47 लाख रुपये है। यहां पर लेदर गुड्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना हो सकेगी। जबकि सबसे बड़ा भूखंड 13,197 वर्ग मीटर का है, जो कि कानपुर के मलवां में स्थित है, जिसकी रिजर्व प्राइस 3.74 करोड़ रुपये है और इसका उपयोग सामान्य केटेगरी के औद्योगिक इकाई लगाने में हो सकेगा। प्रक्रिया के जरिए मथुरा में 14, मैनपुरी में 11, शाहजहांपुर में 9, हमीरपुर में 9, जालौन में 8, झांसी में 4, पतेहपुर में 15, कानपुर में 9, बांदा में 3, उन्नाव में 7, सहारनपुर में 8, मुजफ्फरनगर में 4, हापुड़ में 7 तथा वाराणसी में 2 औद्योगिक भूखंड की ई-नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा, जिससे नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

# निजीकरण पर सरकार को भेजी अंतरिम रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की

**अमृत विचार :** प्रदेश के 42 जिलों में ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण प्रस्ताव पर नियामक आयोग ने सरकार को जो अंतरिम रिपोर्ट भेजी है, उनमें कई वित्तीय खामियां मिलीं हैं। इसकी भनक लगते ही उपभोक्ता परिषद ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग उठाई है।

दरअसल, उप्र. विद्युत नियामक आयोग ने सरकार से प्राप्त निजीकरण के मसौदे पर बड़े पैमाने पर वित्तीय व संवैधानिक कर्मियों का खुलासा करते हुए एक भारी भरकम कर्मियों से संबंधित अपनी अंतरिम रिपोर्ट राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग को भेजी है। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस मसौदे को तैयार करने वाले सभी उच्च अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच बैठाकर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परिषद के मुताबिक, जरूरत पड़ने ऐसे उच्च अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए, जिनके द्वारा देश के बड़े निजी घरानो के हित में पूरा प्रस्ताव तैयार किया गया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के 42 जिलों में निजीकरण के मसौदे पर राज्य सरकार ने सभी संवैधानिक व वित्तीय पहलुओं पर सलाह मांगी थी। इसके विरोध में लगातार उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग के सामने आधा दर्जन से ज्यादा लोग महत्व प्रस्ताव व आपत्तियां दाखिल की थीं।

## मंत्री और अधिकारियों में चल रहा झगड़ा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि एक उप मुख्यमंत्री ने लिखकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि उनके विभाग के अधिकारी ने उन्हें ट्रांसफर लिस्ट नहीं दिखाई। अधिकारी अपने मन से काम करना चाहते हैं, मंत्री अपने मन से। मंत्री और अधिकारियों का झगड़ा चल रहा है।



सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अलग झगड़ा चल रहा है। सीएमओ और डीएम के बीच लड़ाई में विधायकों में भी बंटवारा हो गया। शिक्षा विभाग, लोकनिर्माण विभाग समेत हर जगह ट्रांसफर का रेट है।

# दवा सप्लाई में गड़बड़ी के आरोपी पूर्व विधायक की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की
- वर्ष 2012 में सीबीआई जांच में आर्थिक अनियमितता के मामले में पाए गए थे दोषी

**अमृत विचार :** प्रदेश के 37 जिलों में दवा सप्लाई में आर्थिक अनियमितता और बहराइच के पयागपुर में 500 बेड के अस्पताल बनवाने में धांधली के आरोपी सपा नेता व पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के खिलाफ मामलों में जांच होगी। शासन ने ईओडब्ल्यू को मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच का निर्देश दिया है। शासन द्वारा ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की गई है।

राज्य सरकार में प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री ने धांधली की शिकायत पर मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच कराए जाने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि शिकायत पिछले वर्ष सितंबर माह में की गई थी। इससे पूर्व सीबीआइ ने वर्ष 2012 में पूर्व विधायक के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच की थी और वह दोषी पाए गए थे। भ्रष्टाचार के मामले में विजिलेंस की खुली जांच में वह आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी दोषी पाए गए थे और उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्तमान में मुकेश श्रीवास्तव सपा में हैं। वह व उनकी पत्नी पूजा श्रीवास्तव एनआरएचएम घोटाले में आरोपी थे और दंपति को जेल जाना पड़ा था।

## 30 को नर्सिंग शिक्षक सीखेंगे कार्य की बारीकियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास के लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा 30 जून को राइटिंग एजुकेशनल व लर्निंग आब्जेक्टिवस विषयक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में सभी नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक हिस्सा लेंगे, इसमें विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे।

यह जानकारी स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि बेहतर नर्सिंग शिक्षा के लिए शिक्षा की नई तकनीक पर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए कार्यशाला में एरा नर्सिंग कॉलेज में पीडियाट्रिक नर्सिंग के विभागाध्यक्ष प्रो.एचसीएल रावत व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि हर नर्सिंग कॉलेज से छह शिक्षकों का इस वेबिनार में प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

# छह लेन की एलिवेटेड रोड दिलाएगी जाम से मुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2219 करोड़ की परियोजना मंजूर, लखनऊ से अयोध्या, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर व सीतापुर जाने वालों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** लखनऊ में पॉलिटेक्निक चौराहे से किसान पथ तक छह लेन की एलीवेटेड रोड बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं समेत बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर व सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी। नौ किलोमीटर लंबा यह एलिवेटेड रोड 2219 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इससे शहर के लगभग 30 लाख लोगों को फायदा होगा।

अयोध्या रोड पर छह लेन की एलीवेटेड रोड पालीटेक्निक चौराहे से उठेगा और किसान पथ से कनेक्ट होगा। इससे अयोध्या जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को पालीटेक्निक चौराहे से इंदिरा नहर तक जाम में फंसकर अपना समय नहीं खराब करना पड़ेगा। यही नहीं अयोध्या के अलावा, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, सीतापुर जाने वाले हल्के व भारी वाहनों की गति बढ़ेगी और ईंधन कम खर्च होगा। एलीवेटेड रोड को पालीटेक्निक फ्लाईओवर से जोड़ा जाएगा और ऊपर से किसान पथ से जोड़ दिया जाएगा। अगर किसी को आउटर रिंग रोड पर जाना हो, वह इसका प्रयोग करके सीधे शहर के बाहर जा सकता है।

यही नहीं आगरा एक्सप्रेस वे, शहीद पथ के साथ ही सुलतानपुर, हरदोई, कानपुर, रायबरेली हाईवे से सीधे जुड़ेगा। इसके अलावा एलडीए द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कारिडोर से भी कनेक्ट हो सकेगा। कुल मिलाकर पुराने लखनऊ के साथ ही इंदिरा नगर, मुंशी पुलिया, आइआइएम रोड, इस्माइलगंज, गोमती नगर, खुर्रमनगर, एचएएल सहित 30 लाख की आबादी एलीवेटेड रोड से होकर अपने गंतव्य को सीधे जा सकेगी।

### हाईकोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा ट्रैफिक

**अमृत विचार :** पूर्वांचल से आने वाला ट्रैफिक हाई कोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा। वर्तमान में यहां सुबह व शाम पूरा नौ किमी. का पैच जाम से जूझता रहता है। लोग सीधे एलीवेटेड रोड का प्रयोग करते हुए पालीटेक्निक फ्लाईओवर, मुंशी पुलिया फ्लाईओवर होते हुए खुर्रमनगर, टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर, प्रस्तावित इंजीनियरिंग कालेज फ्लाईओवर, मड़ियांव फ्लाईओवर, आइआइएम फ्लाईओवर होते हुए सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। जो सवा घंटे इस 25 किमी. की दूरी तय करने में लगते हैं, अब 25 मिनट में दूरी तय हो सकेगी। एलीवेटेड रोड के नीचे भी जाम पूरी तरह से खत्म हो जाएग। हाईकोर्ट आने वाले लोगों को जहां राहत मिलेगी, वहीं लोहिया अस्पताल के साथ ही निजी अस्पताल जाने वाले लोगों को सहूलियत होगी।


## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

3. 1. सुरमा, काजल 2. रसांजन।
4. 1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।
5. 1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा
6. 1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।
9. 1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।
2. उल्लू।
3. 1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।
6. 1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।
7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।
8. 1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।



### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | स | ■ | 2 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 प | ल | टा | ना | ■ |
| 4 चा | ■ | ■ | बु | ■ | ■ | 5 नि |
| 6 क | ल | क | ला | ना | ■ | रु |
| चौ | ■ | ■ | ह | ■ | ■ | पा |
| बं | ■ | 7 झों | ट | ■ | ■ | धि |
| द | ■ | की | ■ | 8 गां | धि | क |

## सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | | 1 | | | |
| 5 | | 2 | | 8 | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | 6 | 3 |
| | 4 | | 3 | | | 9 | | 6 |
| | | 8 | 1 | | 6 | 5 | | |
| 6 | | 3 | | | 2 | | 1 | |
| 9 | 1 | | | 4 | | | 5 | |
| | | | | 6 | | 1 | | 8 |
| | | | 5 | | 3 | | 7 | |

### सुडोकू - 14 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :21 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी-07.18 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्विनी 07.50 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोग नई जॉब की शुरुआत कर पायेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं।

**वृष** — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकांत में आपको समय नहीं बिताना चाहिए। सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिये। जो भी काम करें वो सोच-समझकर करें।

**मिथुन** — आज अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें। व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**कर्क** — आज आप महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक संबंध रहेंगे। पुराने लोन को चुकाने का अवसर मिलेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**सिंह** — आज आपको गैरकानूनी कार्यों से बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचारों का प्रभाव रहेगा। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें।

**कन्या** — आज व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से अधिक शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिंता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिंता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं।

**तुला** — आज व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम योजना बनाकर करेंगे तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना उत्तम होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानांतरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें।

**धनु** — आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**मीन** — आज नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है। क्रोध और आडम्बर से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर समस्या होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें।

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर:।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य: प्रिय: प्रिय एव स: ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है, वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय

वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर एक समन्वित और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। निश्चित रूप से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत बड़ी है, जिन्हें साक्षर और उच्च तकनीक के युग में जीवन-यापन करने में कठिनाई होगी। यह संकट स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों को प्रभावित करता है, तथा बच्चों के बड़े होने के साथ-साथ यह चुनौती भी बढ़ती जाती है। जीईएम दुनिया भर में शिक्षा में प्रगति, चुनौतियों और रुझानों का एक आधिकारिक और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन है। इसका प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शिक्षा रुझानों की निगरानी और विश्लेषण करना और शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सरकारों और हितधारकों को नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों के सापेक्ष 75 मिलियन से अधिक पिछड़ जाएंगे। हालांकि अगर सभी देश अपने लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं तो वे 2030 तक स्कूल न जाने वाली अपनी आबादी में 16.5 करोड़ की कमी ला सकेंगे।

भारत में यह एक बड़ी समस्या है। सरकार ने पिछले दिनों लोकसभा में बताया था कि 1.17 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत नामांकन है। भारत वर्तमान में प्रतिकूल शिक्षण परिणामों और विद्यालयों की कमजोर नेतृत्व क्षमता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत में वर्ष 2023-24 में स्कूल नामांकन में 1 करोड़ से अधिक की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों के कारण स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि भारत में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कमी लाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहायता को उन देशों की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए जहां स्कूल न जाने वाली आबादी सबसे अधिक है। सबसे कमज़ोर समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए तथा सरकारों को शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाना चाहिए।

# योग के प्रभावों के पीछे वैज्ञानिक आधार


डॉ. कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है।

योग प्राचीन भारतीय दर्शन की एक प्रणाली है जो मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करने का अभ्यास है। इसका शाब्दिक अर्थ है "जुड़ना" या "एकजुट होना", और यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करता है। योग एक साइकोसोमेटिक स्पिरिचुअल यानी मनोदैहिक आध्यात्मिक पद्धति है।

आज विश्व के अनेक देशों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास के आयोजनों के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसके महत्व के विषय में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। भारत में लोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और ध्यान का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा के निर्वहन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय से एक 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को अपनाने की संकल्पना व्यक्त की थी। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2015 को किया गया था।

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है जो मानसिक स्पष्टता और शांति को बढ़ावा देती है। योग वह अंतिम लक्ष्य है जहां व्यक्ति पूर्ण एकता और जागरूकता की स्थिति प्राप्त करता है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता को कमी आने, एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ने आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ावा मिलने, भावनात्मक संतुलन और कल्याण में बढ़ावा होने जैसे लाभकारी स्थितियां सम्मिलित हैं। योग का अभ्यास किसी भी उम्र में और व्यक्ति शारीरिक

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है।

स्थिति के अनुसार किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास जीवन के सभी पहलुओं में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

प्राणायाम संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, प्रथम प्राण जिसका मतलब जीवन ऊर्जा अथवा जीवन शक्ति से है, जबकि याम का तात्पर्य दीर्घायु होने से होता है। ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन यानी भावातीत ध्यान एक प्रकार का ध्यान है जिसमें व्यक्ति अपने मन को शांत करने के लिए एक मंत्र का जाप करते हुए अपनी चेतना को गहरे स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करता है। भावातीत ध्यान में व्यक्ति अपनी आंखें बंद कर बैठे हुए एक प्रमाणित शिक्षक की सहायता से एक मंत्र का जाप करता है। भावातीत ध्यान तनाव कम करने, चिंता को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार लाने जैसी स्थितियों में सहायक होता है। दुनिया के अनेक देशों में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला यह अभ्यास एक सरल, प्रभावी और सहज तकनीक का प्रतीक बन गया है।

योगासन, प्राणायाम और भावातीत ध्यान के दौरान शारीरिक क्रियाएं: नॉर्थ अमेरिकन जर्नल ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के अंक 4 (2012) में प्रकाशित एक शोधपत्र के अनुसार योगाभ्यास के दौरान पेट में खिंचाव के कारण पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की कोशिकाएं नवीन/पुनर्जीवित हो जाती हैं, जिसके कारण एंज़ाइम संबंधी प्रक्रियाओं के माध्यम से पेरीफेरल टिशूज़, लीवर यानी यकृत और एडीपोज़ टिशूज़ में ग्लूकोज़ का उपयोग और चयापचय बढ़ सकता है। बेंगलुरु शहर के समीप स्थित 'स्वामी विवेकानंद योग शोध फाउंडेशन' द्वारा संपन्न शोध के अनुसार सक्रिय योगाभ्यास के पश्चात आराम करने की प्रक्रिया में न्युरोप्लास्टिसिटी की संभावना होती है। न्युरोप्लास्टिसिटी का मतलब व्यक्ति के अनुभवों, सीखने और चोटों के जवाब में उसका मस्तिष्क अपनी संरचना और कार्यों को बदल सकता है। इस प्रक्रिया में हाइपर-पिट्यूटरी-पैंक्रिएटिक एक्सिस में परिवर्तन आने की संभावना होती है। इसके अलावा योगाभ्यास के दौरान मांसपेशियों के ढीला पड़ने तथा उनमें रक्त प्रवाह बेहतर होने से इंसुलिन रिसेप्टर की अभिव्यक्ति बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पेशियों में ग्लूकोज़ का अंतर्ग्रहण बढ़ने के कारण रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है। योग अभ्यास के पश्चात कोशिकाओं के स्तर पर हिपैटिक लाइपेज़ और लाइपोप्रोटीन लाइपेज़ के स्तरों में वृद्धि हो जाने से लिपिड के स्तरों में सुधार आ जाता है। जिसके कारण लाइपोप्रोटीन का चयापचय प्रभावित होने के परिणामस्वरूप एडीपोज़ टिशूज़ द्वारा ट्राइग्लिसराइड्स का अंतर्ग्रहण बढ़ जाता है।

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है। शोधों से पता चला है कि योगासनों द्वारा पैंक्रियाज के सीधे प्रेरित होने से उसमें इंसुलिन उत्पन्न करने की क्षमता पुनर्जीवित हो सकती है। प्राणायाम के दौरान फेफड़ों में होने वाली अनैच्छिक, स्वचालित प्रतिक्रियाएं श्वास को नियंत्रित करती हैं। ये प्रतिक्रियाएं फेफड़े और वायु मार्ग में मौजूद रिसेप्टरों द्वारा शुरू होती हैं जो विभिन्न प्रेरकों के माध्यम से श्वास की दर और गहराई को समायोजित करने के लिए केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजते हैं। प्राणायाम के दौरान केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली की पारस्परिक क्रिया से शरीर में एक नई समस्थिति (होमियोस्टैसिस) पैदा होती है। भावातीत ध्यान यानी ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन के दौरान संभवत: एसेंडिंग (आरोही) रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम में बदलाव आता है, जिसके कारण मस्तिष्क के तने में मौजूद ऑटोनॉमिक केंद्रों के साथ पारस्परिक क्रिया होती है जो हृदय श्वसनी (कार्डियो रेस्पिरेटरी) और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) के पैरामीटरों को प्रभावित करती हैं। रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम मस्तिष्क के तने में स्थित तंत्रिका मार्गों का एक नेटवर्क है जो चेतना, जागृति, ध्यान और संवेदी जानकारी को छानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क का यह हिस्सा यह निर्धारित करता है कि कौन सी जानकारी हमारे ध्यान में लानी है और किस जानकारी की अनदेखी करनी है। दीर्घकालिक भावातीत ध्यान से पड़ने वाले प्रभाव पर संपन्न एक अध्ययन से पता चला है कि इसके नियमित अभ्यास के परिणामस्वरूप मस्तिष्क के विभिन्न भागों जैसे कि दाहिने आर्बिटो फ्रंटल कॉर्टेक्स, दाएं थैलेमस और बाएं इनफीरियर टेंपोरल गाइरस में ग्रे मैटर की मात्रा काफी बढ़ जाती है। एक अन्य अध्ययन में अवसाद यानी डिप्रेशन से पीड़ित रोगियों द्वारा दो माह के सहज योग ध्यान के परिणामस्वरूप उनके इलेक्ट्रोसिफैलोग्राम यानी ईईजी के परीक्षणों में अल्फा क्रियाशीलता में वृद्धि देखी गई थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ यानी सीओपीडी से पीड़ित 22 रोगियों पर संपन्न एक अध्ययन में उनके द्वारा 6 सप्ताह तक सप्ताह में तीन दिन एक-एक घंटे योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया गया। जिसके परिणामस्वरूप उनके फेफड़ों के कार्य तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।

21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का औचित्य: 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने के पीछे कारण है कि यह दिन उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है। 21 जून के दिन को ग्रीष्म संक्रांति (समर सोल्सटाइस) भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य का दक्षिणायन होना आध्यात्मिक सीढ़ियां को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त होता है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को चयन किया गया।

## प्रसंगवश

# वेट-बल्ब तापमान और शुष्क-बल्ब तापमान

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर मे 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही।

मानव एक वार्म-ब्लडेड जीव है, जिसके शरीर को निरंतर 37 डिग्री का तापमान मेंटेन करना पड़ता है। इवोल्यूशनरी नजरिये से ये एक मुश्किल बात है। इस तापमान को निरंतर मेंटेन करने के लिए रोज खाने की अनिवार्यता हो जाती है।

आजकल तो जोमैटो-स्विगी का युग है पर एक समय ऐसा भी था, जब खाना ढूंढना और जिंदा बचे रहना भी हमारे पूर्वजों के लिए बड़ी मुश्किल बात होती थी। उसके बावजूद प्रकृति ने यही तापमान हमारे लिए चुना, उसका कारण है-हमारा अपने आसपास फंगी-वायरस-बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों से घिरा होना। 37 डिग्री तापमान पर ज्यादातर सूक्ष्म जीव न्यूट्रलाइज हो जाते हैं। जो नहीं होते, और बदमाशी दिखाएं -उनसे लड़ने के लिए शरीर सबसे पहले तापमान की सेटिंग बदल कर देखता है-आपको बुखार देकर!


विजय राज शर्मा
विज्ञान लेखक

अब अगर हमारे शरीर से बाहर का तापमान 37 डिग्री से ज्यादा हो जाए तो ये हमारे लिए चिंता की बात है। इस स्थिति में शरीर कितना भी कोशिश कर ले, खुद को ठंडा नहीं रख सकता। बायोलॉजिकल फंक्शन ठप होने लगते हैं। मौत भी हो सकती है।

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा है, तो हम 40-45 डिग्री के तापमान में जिंदा क्यों हैं? वो इसलिए क्योंकि आजकल जो 40 डिग्री चल रहा है, वह ड्राई टेंपरेचर है, यानी बाहरी क्षेत्र का तापमान। जैसे मैंने कहा कि बॉडी पसीने के सहारे और दूसरे कुछ मेथड्स के सहारे अपना टेंपरेचर रेगुलेट करना जानती है। इसलिए बाहरी तापमान कुछ भी हो, मनुष्य का शरीर जिस तापमान को महसूस करता है, उसे वेट-बल्व टेंपरेचर कहते हैं।

यही हमारे काम की चीज है। वेट-बल्ब 25 डिग्री से नीचे हो तो अच्छा है। 26 से 31 के बीच हो तो खतरा है, पर जीने लायक है जी। 31 से जितना ऊपर, उतना ही तबियत खराब और 35 से ऊपर जाते ही-टॉय टॉय फिश अब फिलहाल ऐसी कोई ऑनलाइन संस्था या पोर्टल नहीं है, जो वेट-बल्ब का रियल टाइम अपडेट देती हो। इसलिए सारे एटमोस्फेरिक कंडीशन संज्ञान में लेकर ग्रोक से जून महीने में दिल्ली का वेट-बल्ब निकालने को कहा, जो कि "30-31 डिग्री" आया-मतलब रेड मार्क की दहलीज पर।

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर में 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही। इसलिए आज आउटडोर एरिया गर्म से गर्म होते जा रहे हैं। उसके बाद पेड़ों का कटना, पॉल्यूशन बगैरह है ही। एक और बड़ा कारण-जुगाली करने वाले जानवर, जैसे गाय, भैंस, बकरी इत्यादि।

इन जीवों का डाइजेस्टिव सिस्टम अनेरोबिक होता है। अर्थात इनके पेट का खाना वो सूक्ष्म जीव ब्रेकडाउन करते हैं, जो ऑक्सीजन का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे जीवों द्वारा भोजन ब्रेकडाउन करने पर एंड प्रोडक्ट्स में से एक होती है-मीथेन-जो कार्बन डाइआक्साइड के मुक़ाबले 25 गुना गर्मी होल्ड करने में सक्षम होती है। आज विश्व में 5 अरब से ज्यादा जुगाली करने वाले जीवों की संख्या ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का एक बड़ा कारण है। बताने की जरूरत नहीं कि इनमें से 90 प्रतिशत जीवों की जनसंख्या का एकमात्र कारण "मांस-उद्योग" है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसी तरह चलता रहा तो अगले 50-70 सालों में भूमध्य रेखा से 30 डिग्री उत्तर और दक्षिण के बीच में पड़ने वाले क्षेत्रों में रहना असंभव हो जाएगा-अपना भारत भी इसी क्रॉस-सेक्शन में पड़ता है। ऐसा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम आज से ही उठाना शुरू करें। हमारे वंशजों का पृथ्वी पर क्या भविष्य होगा, ये हमारा आज ही तय करेगा।

# सीरिया फिर अराजकता की ओर


राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है।

गत दिसंबर की शुरुआत में जैसे ही बशर अल-असद की सत्ता का अंत हुआ तो उम्मीद जगी थी कि देश में लोकतंत्र और स्थायित्व आएगा। एक नए दौर की शुरुआत होगी। लेकिन अब साफ होता जा रहा है कि यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक और भयंकर संक्रमण काल का प्रवेश द्वार था। असद के जाने के बाद सीरिया में जो सत्ता का शून्य पैदा हुआ, वह तेजी से अराजकता में बदलता जा रहा है और इसी अराजकता की दरारों से झांक रहा है वही पुराना डरावना चेहरा-इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस।

सीरिया में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी अब नाम मात्र की रह गई है। उत्तर-पूर्वी सीरिया में अमेरिका ने अपने दो प्रमुख सैन्य अड्डों-अल-ओमर और ताल बायदर-से सैनिकों को हटा लिया है। अब इन ठिकानों पर न निगरानी कैमरे हैं, न गश्ती दस्ते। बस बची हैं सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ ) की कुछ छोटी टुकड़ियां, जो खुद को निहत्था और असहाय पा रही हैं। इन अड्डों पर कभी अमेरिका का स्पष्ट दबदबा था। इन्हीं से आईएसआईएस की कमर तोड़ी गई थी। अब जब ये लगभग खाली पड़े हैं, तो सवाल उठता है-क्या आईएसआईएस की वापसी का रास्ता खुद अमेरिका ने खोल दिया है?

यह सवाल अब और तीव्रता से पूछा जा रहा है-क्या अमेरिका ने एसडीएफ को बीच रास्ते में छोड़ दिया? वही एसडीएफ जिसे अमेरिका ने खड़ा किया था, प्रशिक्षित किया था और आईएसआईएस के खिलाफ सबसे आगे रखा था। एसडीएफ आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। इसके कमांडर मजलूम अब्दी का कहना है-हमने अमेरिका पर विश्वास किया, उनके निर्देशों पर युद्ध लड़ा, लेकिन अब वही अमेरिका हमें अधर में छोड़कर जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका पर ऐसा आरोप लगा हो। अफगानिस्तान, यूक्रेन और अब सीरिया-तीनों ही उदाहरण हैं जहां अमेरिका ने रणनीतिक जरूरत के समय साथ निभाया और फिर अपने हित सधते ही कदम पीछे खींच लिए। दुनिया अब सवाल कर रही है कि क्या अमेरिका सिर्फ तब तक साथ देता है, जब तक उसे राजनीतिक और सैन्य लाभ मिलता है?

सीरिया में अमेरिका की वापसी से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भरने के लिए अब रूस, ईरान और तुर्की जैसे देश तैयार बैठे हैं। रूस असद शासन का पुराना समर्थक रहा है और अब वहां की स्थिति पर अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है। ईरान समर्थित मिलिशिया समूह भी अब फिर से उत्तर-पूर्वी सीरिया में सक्रिय होने लगे हैं।

वहीं तुर्की, जो शुरू से एसडीएफ को कुर्द विद्रोहियों के रूप में देखता है और लगातार उनकी गतिविधियों को सीमित करने की कोशिश में जुटा है। बहरहाल एसडीएफ तीन दिशाओं से प्रेशर में है-आईएसआईएस की वापसी, तुर्की का सैन्य दबाव और अमेरिका का साथ छोड़ना। ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या एसडीएफ इस सबके बीच अकेले टिक पाएगा?


इतिहास गवाह है कि जब-जब सुरक्षा बल किसी संकटग्रस्त क्षेत्र से हटे हैं, वहां चरमपंथी संगठनों ने अपनी जड़ें और मजबूत की हैं। सीरिया की वर्तमान स्थिति उसी दोहराव की ओर इशारा कर रही है। इस्लामिक स्टेट, जो कभी ख़त्म मान लिया गया था, अब फिर से दमिश्क, रक्का, हामा और डेर-एज़-ज़ोर जैसे शहरों में सक्रिय होता दिख रहा है। उसने सीरियाई शासन के पतन के बाद सरकारी हथियार डिपो से गोला-बारूद लूट लिए थे। एसडीएफ कमांडर अब्दी ने चेताया है कि आईएसआईएस अब फिर से हथियारों से लैस है और आतंक के पुराने नेटवर्क दोबारा सक्रिय किए जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है। लेकिन सीरिया जैसे देशों में जब मानवीय संकट लौटता है, तो सिर्फ 'चिंता' जताई जाती है, कार्रवाई नहीं होती। वहां के आम नागरिक इसकी कीमत चुकाते हैं। बीते दो महीनों में ही सीरिया में 1 लाख से ज्यादा लोग फिर से विस्थापित हुए हैं। स्कूल बंद हैं, अस्पतालों में दवा नहीं है, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है।

## सोशल फोरम

# हमारे ही किए धरे का हासिल

हमारे आने के पहले भी दुनिया थी और हमारे जाने के बाद भी रहेगी। हमारे आने के पहले कालक्रम से असंख्य लोग आए और चले गए। उसी तरह हमारे जाने के बाद भी असंख्य लोग आएंगे और चले जाएंगे। यह भी स्पष्ट है कि जो दुनिया हम छोड़कर जाएंगे उससे बहुत भिन्न होगी जो हमें मिली थी। पहले आए-गए लोगों के साथ भी कम-ज़्यादा ऐसा ही हुआ होगा और आगे आने-जानेवालों के साथ भी ऐसा ही होगा।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मतलब, दुनिया क्षण-प्रतिक्षण बदलती रही है, बदल रही है और बदलती रहेगी। इस बदलाव के पीछे मानव निर्मित कारण अहम हैं। असंख्य लोगों द्वारा जाने-अनजाने किए गए का प्रतिफल। हमारी समस्या यह है कि हम तनहा तनहा व्यक्ति के रूप में मनमाफ़िक बदलाव चाहते हैं। आपस में लड़ने-भिड़ने लगते हैं। आजकल लड़ने-भिड़ने का दौर कुछ ज़्यादा ही भयानक हो गया है। आगे और भी हो सकता है।

कारण क्या हो सकता है? दरअसल हम भूल जाते हैं कि किसी न किसी रूप में परस्पर भिन्न, दुनिया का हर व्यक्ति, मनमाफ़िक बदलाव चाहता है। आज हम जहां हैं, जो हैं, हममें से प्रत्येक के बदलाव की आकांक्षाओं और प्रयासों की भिन्न भिन्न दिशा का ही समंजित योग है। बदलाव की हमारी चाहत इस परिप्रेक्ष्य का कितना ध्यान रख पाती है?

बदलाव की चाहत में मोटी-मोटी एकरूपता न हो, एकरूपता की कोशिश तक न हो, तो स्वाभाविक परिणति यही है। एकरूपता कैसे आ सकती है? उपाय तो है, कठिन भले हो। सही है कि हम परस्पर भिन्न हैं किन्तु एक चीज़ की संभावना हममें सामान्य है। मनुष्यता, इंसानियत। यानी सार्वभौम नैतिकता।

एक समस्या है। जो स्वभावतः नैतिक नहीं हैं, वे नैतिक बनने की बड़ी कड़ी शर्त रखते हैं। कहते हैं, मेरे अकेले के नैतिक बनने से क्या होगा? मैं अकेले बन भी गया तो अनैतिक लोग मेरा जीना हराम कर देंगे। कोई गारंटी दे दे कि अन्य लोग भी नैतिक बन जाएंगे तो मैं सबसे पहले नैतिक बनने को तैयार हूं। यह उनका शातिर बचाव है, जो उनके अनैतिक होने की सबसे कारगर पहचान है। कुछ मानवेतर प्राकृतिक आपदाओं को छोड़ दें तो बाकी सब इसी का परिणाम है।

-फेसबुक वॉल से

# सूचना के पेशेवर योद्धा बनाते हैं असल नैरेटिव


डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना।

आज का युग सूचना का युद्धकाल है। किसी भी सरकार की नीतियां कितनी भी अच्छी क्यों न हों, जब तक वह अपने दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से जनता तक नहीं पहुंचा सकती, तब तक उसका असर अधूरा ही रहेगा। यही वजह है कि भारत सरकार की 'भारतीय सूचना सेवा' आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मोदी सरकार, जो स्वयं संचार के महत्व को गहराई से समझती है और जिसने मन की बात से लेकर माय गॉव, डिजिटल इंडिया, और वैश्विक मंचों तक भारतीय नैरेटिव को मजबूती से रखा है, उसे अब अपनी सबसे अहम संचार सेवा यानी सूचना सेवा को भी उतना ही पेशेवर और शक्तिशाली बनाना होगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वे भारत सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों को सही, प्रभावी और सामयिक ढंग से जनता और मीडिया के सामने प्रस्तुत करें। चाहे पीआईबी हो या दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो हो या न्यू मीडिया विंग, सभी की सफलता सूचना सेवा के माध्यम से तय होती है।

आज जब सोशल मीडिया पर मिनटों में अफ़वाहें फैलती हैं, जब फेक न्यूज़ और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन जाते हैं, तब सरकार का संचार और नैरेटिव केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं रह जाता, बल्कि यह रणनीतिक राष्ट्रकार्य बन चुका है। इस काम को अंजाम देने के लिए सिर्फ़ वही लोग सक्षम हैं जो मीडिया के पेशेवर हों-जिन्हें जनसंचार, ब्रांडिंग, डिजिटल माध्यम, और नैरेटिव बिल्डिंग की गहरी समझ हो।

आज से कई दशक पहले, भारतीय सूचना सेवा की कमान ऐसे ही पेशेवरों के हाथों में थी। उदाहरण के तौर पर खुशवंत सिंह, 'योजना' पत्रिका के संपादक रहे। कुलदीप नैयर, प्रधानमंत्री शास्त्री के प्रेस सलाहकार रहे। एचवाई शारदा प्रसाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रेस सलाहकार रहे हैं। इनमें से कोई भी भारतीय प्रशासनिक सेवा से नहीं था, लेकिन ये सब संचार के क्षेत्र में सिद्धहस्त पत्रकार, लेखक और रणनीतिकार थे, जो जनता की नब्ज और संचार के माध्यमों को बखूबी समझते थे। मोदी सरकार संचार और मीडिया की ताकत को समझती है। फिर चाहे वह राष्ट्रवाद के नैरेटिव की बात हो, 'न्यू इंडिया' की छवि निर्माण की, या वैश्विक मंचों पर भारत की स्थिति को मज़बूती से रखने की-हर जगह मीडिया ने सरकार की छवि गढ़ने में भूमिका निभाई है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना। ये दोनों ही काम सिर्फ वही व्यक्ति कर सकता है जो मीडिया की भाषा, मनोविज्ञान और उपकरणों को अच्छी तरह समझता हो।

मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में विभिन्न मंत्रालयों में लैटरल एंट्री के ज़रिए नीति आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, रेलवे, आयुष मंत्रालय में विशेषज्ञों की नियुक्ति की। इसका उद्देश्य यही था कि पेशेवरों के ज़रिए बेहतर नीति और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सांख्यिकी सेवा की तरह आईआईएस सेवा में केवल मीडिया अनुभवी प्रोफेशनल को ही प्रवेश की अनुमति हो। इस सेवा के ग्रुप बी के पेशेवर अधिकारियों के लिए विशेष प्रमोशन स्कीम लाई जाए, जिससे वे नीति निर्धारण स्तर तक पहुंच सकें। इसके अलावा एडिटोरियल थिंक टैंक की स्थापना हो, जिसमें सूचना मंत्रालय के अधीन अनुभवी पत्रकारों, रणनीतिकारों और भाषा विशेषज्ञों का थिंक टैंक बने, जो सभी मंत्रालयों को नैरेटिव बिल्डिंग में सहयोग करे। सभी अधिकारियों की संचार दक्षता (फैक्ट-चेकिंग, सोशल मीडिया रिस्पांस, विज़ुअल संचार आदि) का मूल्यांकन किया जाए और उसे प्रमोशन से जोड़ा जाए।

यूजीसी के अनुसार, देश में हर साल 40,000 से ज्यादा मीडिया प्रोफेशनल विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से निकलते हैं। इनमें आईआईएमसी, माखनलाल, जामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अनेक केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। यदि सरकार चाहे, तो इन प्रतिभाशाली लोगों का उपयोग करके अपने सूचना तंत्र को एक वैश्विक स्तर की शक्ति बना सकती है। यह सच है कि अब युद्ध सिर्फ बंदूक से नहीं, बल्कि सूचना के हथियार से लड़ा जाता है। भारत को इस युद्ध में जीतना है, तो उसे अपने संचार तंत्र में मीडिया प्रोफेशनल्स को महत्व देना होगा। इसी कड़ी में भारतीय सूचना सेवा को अब सिर्फ प्रशासनिक सेवा नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल मीडिया कॉर्प्स के रूप में पुनर्गठित करने की जरूरत है। यह केवल सुधार का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और छवि निर्माण का मामला है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


शुक्रवार को झमाझम बरसात से कलेक्ट्रट के मैदान पर भर गया पानी। अमृत विचार

# झमाझम बारिश से भरा पानी

## दोपहर में उमस भरी गर्मी और शाम को बारिश से राहत, खेत-खलिहान लबालब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** गुरुवार से शुरू हुई मानसूनी बारिश दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही। हालांकि दोपहर में उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया, लेकिन शाम को फिर बारिश से काफी राहत मिली। वहीं अकबरपुर के कचनार बगिया प्लांट के पास आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत हो गई।

आषाढ़ महीना शुरू होने के बाद लोग जोरदार बारिश की उम्मीद लगा रहे थे। इस बार मानसूनी बारिश सही समय पर शुरू हुई। गुरुवार को शुरू हुई मानसून की पहली बारिश रुक-रुककर सुबह तक होती रही। हालांकि शुक्रवार दोपहर बदली के बीच धूप निकलने से उमस ने लोगों को बेहाल किया, लेकिन शाम को फिर से आसमान में बादल उमड़ने के बाद अकबरपुर समेत जिले के अन्य हिस्सों में जोरदार बारिश हुई, जिससे लोगों को काफी राहत मिली। बारिश से गलियां जलमग्न हो गईं और खेत-खलिहान लबालब नजर आए। बारिश से अधिकतम तापमान गिरकर 32.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री रहा। कानपुर सीएसए के मौसम विभाग ने 24 जून तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। लोगों का मानना है कि अगर इसी तरह बारिश हुई तो धान की बेड़ तैयार करने और फिर रोपाई करने में सहूलियत मिलेगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की गई जान

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के कचनार बगिया निवासी शिवशंकर (50) काम से गए थे। इसी दौरान तेज बारिश होने से वह गांव के पास कूड़ा प्लांट के पास रुक गए, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भाई महेंद्र की सूचना पर अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बारिश के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

**राजपुर।** जैनपुर गांव में बारिश के दौरान घर के बाहर बंधी भैंस खोलते समय किसान खंभे के सपोर्ट वायर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। झटका लगने से उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन राजपुर अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जैनपुर निवासी किसान गंभीर सिंह (50) की भैंस शुक्रवार को घर के बाहर बंधी थी। बारिश होने पर किसान भैंस को अंदर लाने के लिए खोल रहे थे, तभी खंभे के सपोर्ट वायर में वह उलझ गए। करंट लगने से बेहोश हो गए। परिजन उन्हें राजपुर पीएचसी लाए, जहां डॉ .अमित निरंजन ने मृत घोषित कर दिया। भतीजे संतोष सिंह ने बताया कि चाचा की मौत की सूचना पर पत्नी प्रथिमा बेहोश हो गई। बेटा प्रिंश सिंह बीएसएफ में है। बेटी प्रिया सिंह पुलिस में है। दो बेटियों नेहा व निधि की शादी हो चुकी है। मौत से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।


मैथा में हथिका रोड पर गुजरना आसान नहीं। अमृत विचार

## पहली बारिश में मैथा-हथिका रोड की हालत खस्ता

शिवली। मैथा गांव से हथिका होकर गहलों तक जाने जाने वाली डामर रोड पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में बरसात के दिनों में पानी भर जाने पर सड़क तालाब जैसी हो जाती है। जिससे मंझाकर लोगों को आना जाना पड़ रहा है। दुपहिया वाहन सवार खराब सड़क पर गिरकर कई बार घायल हो चुके हैं। मैथा से हथिका से लेकर गहलों तक तक नौ किलोमीटर डामर रोड बुरी तरह से खराब हो गई है। बरसात के दिनों में पानी भरे गड्ढों से निकलना बेहद कष्टप्रद साबित होता है। पैदल आने जाने वाले लोगों को पानी से मंझाकर आना जाना पड़ता है। मैथा के आशीष तिवारी, अशोक तिवारी लाला, खिलाड़ी दीक्षित, राजू मिश्रा, राजेश गुप्ता, नन्हे कमल, विमलेश कमल, रामबाबू शुक्ला, गौरव अवस्थी, मनीष तिवारी, मुन्नू पंडित, सोनेशंकर, सोनू, रजत अवस्थी, अरुणेश दुबे कोड़वा, राजेश मिश्रा, गुड्डू मिश्रा हथिका, रिंकू सिंह, देवीदीन तातमऊ, हथिका के रणविजय सिंह आदि ने बताया कि सात साल में डामर रोड पूरी तरह खराब हो गई है और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस बावत लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर महेश कुमार ने कहा कि सड़क को जल्द ही ठीक कराया जाएगा।

### दर्जनों गांव के लोगों की लाइफ लाइन, सिटी बस भी चलती

मैथा से हथिका की खस्ताहाल सड़क से हर रोज मैथा ब्लाक, बाजार, पीएचसी, बीआरसी कार्यालय, भास्करानंद आश्रम व स्कूल आने जाने में बड़ी संख्या में ग्रामीण इसी रोड का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही मैथा, हथिका, तातमऊ, पूरा सभा, सांभर, मुरीदपुर, सूतनपुरवा, अरशदपुर, गहलों तक के लोग भी आवागमन करते हैं। इसी रोड पर सिटी बस सेवा भी चलती है।

# बारिश से बत्ती का उड़ा फ्यूज, रात भर नींद नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** गुरुवार को पहली मानसूनी बारिश ने जिले की विद्युत व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। अकबरपुर के आंबेडकर नगर वार्ड के शुक्ल तालाब मोहल्ले में फाल्ट से 22 घंटे बिजली गुल रही। वहीं रूरा कस्बा में भी पूरी रात बिजली न आने से करीब 20 हजार से अधिक आबादी बेहाल रही।

सीजन की मानसूनी बारिश के पहले दिन की जिले में विद्युत व्यवस्था धड़ाम हो गई। सदर नगर पंचायत से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह फाल्ट होने से हजारों लोग रात भर बेहाल नजर आए। गुरुवार शाम बारिश शुरू होते ही शाम 4 बजे अकबरपुर नगर पंचायत की बिजली गुल हो गई। करीब साढे. चार घंटे बाद बारिश हल्की होने पर जैसे ही आपूर्ति बहाल की गई। तभी अकबरपुर के आंबेडकर नगर वार्ड के शुक्ल तालाब मोहल्ले में विद्युत केबल जल गई। जिससे करीब एक सैकड़ा घरों में अंधेरा पसर गया।

जेई व लाइनमैन को सूचना देने पर उन्होंने बारिश में फाल्ट मरम्मत से साफ इंकार कर दिया। दूसरे दिन दोपहर तक केबल न होने पर मंगाने की रस्साकसी चलती रही। बाद में दूसरे खंभे की केबल काटकर मरम्मत की गई। जिसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। इस दौरान हजारों पर लोग पूरी रात गर्मी में बेहाल रहे और सुबह घरों में जलापूर्ति तक नहीं हो सकी। जिसके चलते हैंडपंपों पर पीने के पानी के लिए लोगों की जद्दोजहद रही। इसी तरह जैनपुर सबस्टेशन में फाल्ट होने रूरा नगर पंचायत में रात भर बिजली गुल रही। ऐसे में लोग पूरी जागने को मजबूर रहे। अधिकांश घरों में इंवर्टर भी जवाब दे गए। मरम्मत के बाद दोपहर में बिजली बहाल हुई।


फाल्ट की मरम्मत करता विद्युतकर्मी।

### फाल्ट और कटौती से शिवली के लोग बेहाल

**शिवली।** आए दिन फाल्ट व कटौती के चलते भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। गुरुवार देर रात कानुपर नगर के जवाहरपुरम से आने वाली 33 केवीए बिजली घर शिवली व शोभन की बिजली गुल हो गई। इसके बाद मरम्मत शुरू की गई। जिसपर बिजली शुक्रवार की दोपहर करीब 9 बजे बहाल हो पाई। गर्मी में लोग परेशान दिखे। ग्रामीण ओमप्रकाश मिश्रा, विजय कुमार मौजी, मनीष कुमार, राजू शुक्ला, चंदन गुप्ता, मोहन कुमार, अंकित गुप्ता, अनुपम वर्मा, शिवम दीक्षित आदि ने बताया कि बिजली कटौती से भीषण गर्मी में दिन व रात काटना मुश्किल हो रहा है। एसडीओ वंशरोपण ने बताया कि फाल्ट आने से व्यवधान आया है। बिजली सप्लाई बहाल हो गई है।

## करें योग-रहें निरोग...


माती पुलिस लाइन में शुक्रवार को पुलिस कप्तान अरविंद मिश्र ने योग शिविर का आयोजन किया। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने योगाभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग से तन, मन एवं आत्मा को संतुलित किया जा सकता है। यह सिर्फ शारीरिक लचीलापन और आत्मबल ही नहीं बढ़ाता, बल्कि मानसिक अनुशासन और शांति भी देता है। एसपी ने संदेश दिया सभी लोग प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास करें, ताकि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। बाद में एसपी ने आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टर चेक कर कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ● अमृत विचार

# नोडल अफसर ने देखीं योगास्थल की तैयारियां

**कानपुर देहात।** माती ईको पार्क में आज होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शासन से नियुक्त नोडल अधिकारी आयुक्त ग्राम्य विकास एस. प्रियदर्शी ने जिलाधिकारी आलोक सिंह की उपस्थिति में योगाभ्यास स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने तैयारियों की जानकारी ली और स्थल की साफ-सफाई, मंच, साउंड सिस्टम, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। कहा कि प्रतिभागियों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। निर्देशित किया कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को योग कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर पीडी वीरेंद्र सिंह आदि अधिकारी रहे।

### ईको पार्क में आज सुबह 6 बजे जुटेंगे योग प्रेमी

सीडीओ लक्ष्मी एन. ने बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6 बजे से माती के ईको पार्क में मुख्य आयोजन होगा। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सभी योग प्रेमियों को योग संगम में योगाभ्यास के लिए आने का आह्वान किया है।

# बाइक फिसली, मामा-भांजे की मौत

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गुढ़ा गांव के मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी, जिससे बाइक पर सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। एक साथ दोनों के मरने की खबर घर पहुंची तो परिवारों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि बरसात से सड़क पर फिसलन होने के कारण हादसा हुआ।

मूसानगर के आंबेडकर नगर वार्ड के रहने वाले छोटेलाल प्रजापति ने बताया कि उनका छोटा बेटा मोनू (25) अपने रिश्ते के भांजे मनीष (30) के साथ शुक्रवार की दोपहर कानपुर जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। कानपुर में काम निपटाने के बाद दोनों देर शाम घर लौट रहे थे। शेरपुर के गुढ़ा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी, जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की सांस थम चुकी थी। पिता ने रोते-बिलखते हुए बताया कि उनके घर में मिट्टी के बर्तन बनाने का पुश्तैनी काम होता है। अपने पुश्तैनी काम में मोनू भी हाथ बंटाता था। वह मजदूरी भी कर लेता था। मूसानगर थानाध्यक्ष शिवनाराण सिंह ने बताया कि मोनू के पिता की फौती सूचना पर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


आंबेडकर नगर के युवक की मौत के गम में डूबीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

● मूसानगर थाना क्षेत्र के गुढ़ा मोड़ के पास हुआ हादसा

# विकास कार्यों के लिए 3 सदस्यीय टीम गठित

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत करियाझाला में सरकारी धनराशि के दुरुपयोग व शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने में दोषी मिले ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार निलंबित होने के बाद विकास कार्यों के लिए अब तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है।

झींझक ब्लॉक की ग्राम पंचायत करियाझाला के ग्राम प्रधान अंकित कुमार को सरकारी धनराशि के दुरुपयोग व शासकीय कार्यों में लापरवाही में प्रथमदृष्टया दोषी पाए जाने पर डीएम के आदेश पर डीपीआरओ विकास पटेल ने वित्तीय, प्रशासनिक शक्तियों एवं कार्यों से निलंबित किया था। ग्राम निधि के सभी खातों का अस्थायी संचालन करने के लिए सूरज को नामित किया गया था, लेकिन जगदीश बाबू ने आपत्ति जताने पर दोबारा निलंबित कर दिया गया था। अब ग्राम पंचायत की अस्थायी व्यवस्था के लिए हरिश्चंद्र, शीला पाल और विजय सिंह की तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो सभी कार्य संचालित करेगी। हरिश्चंद्र खातों का संचालन करेंगे।

## चेन छीनने के आरोपी को मिल गई जमानत

**कानपुर देहात।** पिछले दिनों रूरा के रामनगर में बालेस्टर सिंह चौहान से चैन छीनने के मामले में कोर्ट ने मुख्य आरोपी ध्रुवराज सिंह तोमर को जमानत दे दी है।

आरोपी की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि बालेस्टर सिंह ने रूरा थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि जब वह घर के बाहर सीढ़ियों में बैठे थे, तभी बाइक सवार दो अज्ञात ने उनके गले से 8 ग्राम की सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा था। ध्रुवराज सिंह को मुख्य आरोपी बनाकर 9 जून को चेन बरामदगी की थी। दस्तावेजी साक्ष्य पर न्यायालय ने आरोपी को जमानत दी है।

# 28 किलो गांजा के साथ 3 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भोगनीपुर पुलिस व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक कार, करीब 7.18 लाख रुपये का 28.720 किलोग्राम गांजा, मोबाइल, एटीएम कार्ड आदि बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि कार सवार तीन लोग जालौन की तरफ से गांजा लेकर भोगनीपुर की ओर आ रहे है। पुलिस ने कानपुर-झांसी हाईवे पर दौलतपुर मोड़ से पहले कार को रोककर तलाशी ली। कार में राजेंद्र प्रताप सिंह, निवासी बांसगांव थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी, नवनीत सिंह निवासी आराजी भूपत पट्टी चांदमारी थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर व सुजीत कुमार निवासी तेजगढ़ थाना बरसठी जनपद जौनपुर बताया। तलाशी में दो बंडल में 28 किलो 160 ग्राम गांजा व एक बंडल में 560 ग्राम गांजा मिला। इसकी कीमत 7 लाख से अधिक है। एक मोबाइल, दो आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, एक पैन कार्ड व पांच एटीएम कार्ड से मिले। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अलग-अलग जनपदों से गांजा खरीद कर लाते हैं और रात में जगह-जगह पीने वालों को बेच देते हैं। जो पैसे मिलते हैं, उन्हीं से अपने घर का खर्चा चलाते हैं। गुरुवार को गांजा बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस ने पकड़ लिया। भोगनीपुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी राजेंद्र के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना गुजैनी जनपद कानपुर नगर में पहले से मामला दर्ज है। तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर न्यायालय में पेश किया जाएगा।


गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी।

# करंट की चपेट में आने से सफाईकर्मी की मौत

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** दमनपुर में हैंडपंप में लगी सबमर्सिबल पंप की मरम्मत के दौरान करंट लगने से सफाई कर्मी बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे राजपुर पीएचसी ले गए, जहां ड्यूटी डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दमनपुर निवासी कल्लू कुमार पुत्र जुग्गीलाल किसानी के अलावा राजपुर ब्लाक के रतापुर गांव में सफाई कर्मचारी था। वह शुक्रवार को अपने घर के बाहर लगे हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप की मरम्मत करा रहे थे। बोर्ड में प्लग लगा था अचानक लाइट आ गई जिससे पाइप में करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गये। परिजन उन्हें गंभीर हालत में राजपुर पीएचसी लेकर आये जहां ड्यूटी डाक्टर मनोज सर्राफ ने कल्लू को मृत घोषित कर दिया। कल्लू की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी ममता बेटे लकी (7) जैकी (5) व आंशिक (3) शव से लिपटकर बिलखते रहे। सूचना पर थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सबमर्सिबल पंप से करंट लगने की सूचना है। मामले की छानबीन की जा रही है।

**तैयारी पर चर्चा** | 24 को कलेक्ट्रेट और 26 को हलिया व बैजामऊ बांगर में अमले के साथ होगा मॉकड्रिल

# बाढ़ आपदा से निपटने का होगा पूर्वाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बाढ़ संभावित तहसीलों में आपदा से निपटने के लिए 24 जून को कलेक्ट्रेट परिसर और 26 जून को भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के हलिया व सिकंदरा तहसील क्षेत्र के बैजामऊ बांगर में मॉकड्रिल होगी। यह जानकारी शुक्रवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व ने तैयारी बैठक के दौरान दी।

बैठक में एडीएम वित्त दुष्यंत कुमार मौर्य ने बताया कि भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के हलिया गांव में 26 जून को मॉकड्रिल के दौरान बाढ़ आने पर निजी नाव के जरिए गांव से बाहर निकलने का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास में बताया जाएगा कि ग्रामीणों की नाव नदी में डूब जाती है। ग्रामीण अपनी जान बचाते हुए नदी के बीच टीले पर फंस जाते हैं, जिन्हें एसडीआरएफ और पीएसी की मदद से कैसे बचाया जाता है। इसी प्रकार सिकंदरा तहसील के बैजामऊ बांगर गांव में भी पूर्वाभ्यास होगा। बताया जाएगा कि बाढ़ का पानी आगामी 10 घंटे में पहुंचने वाला है। ग्रामीणों को मुनादी से इसकी सूचना देकर बाढ़ शरणालय जाने की अपील की जाएगी, जो लोग शरणालय नहीं जाते हैं, उन्हें प्रशासन के सहयोग से बाढ़ शरणालय पहुंचाया जाएगा। राहत आयुक्त के निर्देश पर मॉकड्रिल स्थल पर एनसीसी, एनएसएस, प्रांतीय रक्षा दल, नेहरू युवा केंद्र, राजस्व टीम, प्रभारी चिकित्साधिकारी स्तर के डॉक्टर, पीडब्ल्यूडी के एई, दमकल टीम, विद्युत के जेई, सिंचाई विभाग की टीम, पुलिस, उपलब्धता के आधार पर एसडीआरएफ या फ्लड पीएसी की टीम, स्वयं सहायता समूह की प्रशिक्षित महिलाएं, स्कूलों के बड़े बच्चों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में भोगनीपुर एसडीएम जीतेंद्र कटियार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शालिनी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुबोध कुमार, आपदा विशेषज्ञ अश्वनी कुमार आदि उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम वित्त दुष्यंत कुमार। अमृत विचार

## फैक्ट्री कर्मी ने फंदा लगाकर दे दी जान

**रनियां।** नगर के शिवाजी नगर में किराए के मकान में रह रहे फैक्ट्री कर्मी ने पंखे में सहारे दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह पत्नी के जागने पर जानकारी हुई। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस गई।

घाटमपुर क्षेत्र के नंदना निवासी मोहित दिवाकर (22) अपनी पत्नी मोनिका के साथ संदीप यादव के मकान में छह माह से किराए पर रह रहा था। मोहित फैक्ट्री में मजदूरी करता था। उसकी पत्नी भी फैक्ट्री नौकरी करती है। मोनिका के अनुसार गुरुवार रात खाना खाकर पति के साथ कमरे के बाहर सो गई। शुक्रवार सुबह मोहित चारपाई में नहीं था। तब उसने कमरे में जाकर देखा तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस जांच कर रही है।

# धर्मांतरण का आरोप लगा चालीसा पाठ

संवाददाता, पुखरायां

● विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा करने का प्रयास

● युवक और युवती को बरामद कर पूछताछ कर रही पुलिस

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 13 जून को युवती घर में रखे 50 हजार रुपये लेकर युवती पड़ोसी युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया था। सूचना पर विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण का आरोप लगाकर हंगामे का प्रयास किया।

शुक्रवार को युवती के परिजनों समेत विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता भोगनीपुर कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने कोतवाली परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ कर सीओ से वार्ता की। कहा कि युवक अपने साथ युवती को धर्मांतरण कराए जाने के उद्देश्य से बहला फुसलाकर ले गया था। उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। सीओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवक और युवती से पूछताछ की जा रही है। दोषी होने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले को शांत करा दिया गया है। इस दौरान विहिप के जिला संरक्षक केएन दीक्षित, जिलाध्यक्ष रवि अवस्थी, पवन, संतोष चक, गौरव शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भोगनीपुर कोतवाली में हनुमान चालीसा पाठ करते विहिप व बजरंग दल पदाधिकारी।

# बस में पीछे से घुसी तेज रफ्तार कार, दरोगा की मौत

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में सिपाही सहित अपहृत युवती व उसके परिजन घायल

संवाददाता, बांगरमऊ/अमेठी

**अमृत विचार:** अमेठी से युवती के अपहरण के सिलसिले में दबिश देकर लौट रहे दरोगा की कार लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर खड़ी एक निजी बस में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार चला रहे दरोगा की स्टीयरिंग व सीट में फंस कर मौत हो गई। वहीं कार सवार सिपाही, अपहरण का आरोपी युवक, बरामद युवती, उसके मामा व अन्य परिजन घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से लोहे की रॉड से किसी तरह से दाहिनी तरफ का गेट तोड़कर दरोगा का शव बाहर निकाला गया। घायलों को कार से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बस के क्लीनर को हिरासत में लिया है।


मंजीत सिंह की फाइल फोटो।

अमेठी जिला अंतर्गत सदर कोतवाली में तैनात दरोगा मंजीत (35) व हेड कांस्टेबल प्रदीप तिवारी (45) कोतवाली में दर्ज एक युवती के अपहरण के सिलसिले में आरोपी युवक की लोकेशन मिलने पर निजी कार से राजस्थान दबिश देने गए थे। उनके साथ अपहृत युवती के दो रिश्तेदार भी थे। बताते हैं कि दबिश के दौरान पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया। इसके बाद सभी को लेकर वह अमेठी लौट रहे थे। कार दरोगा मंजीत चला रहे थे। तभी बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित टोल प्लाजा के पास सवारियां उतार रही एक निजी बस में दरोगा की कार पीछे से घुस गई। इससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और मंजीत की स्टेयरिंग और सीट के बीच दबकर मौत हो गई। वहीं कार सवार अपहृत युवती सहित उसके परिजन और हेड कांस्टेबल गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस ने किसी तरह खिड़की तोड़कर दरोगा को बाहर निकाला। वहीं पांचों घायलों को सीएचसी भेजा गया। जहां से सभी को नाजुक जिला अस्पताल भेजा गया। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि कार का दाहिना हिस्सा बस की चपेट में आ गया। जिससे चालक सदर कोतवाली अमेठी में तैनात दरोगा मंजीत की मौत हो गई है और बाकी घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की सूचना कोतवाली अमेठी को दे दी गई है। मृत दरोगा का शव मोर्चरी भेजा गया है। हादसे के बाद बस चालक मौके से भाग गया। क्लीनर को पुलिस ने कोतवाली में बैठाया है। बस को सीज कर यात्रियों को दूसरे वाहन से भेजा गया है।


बस में घुसी कार।

### बच्ची के सिर से उठ गया पिता का साया

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** दरोगा मनजीत सिंह वर्ष 2015 में पुलिस में भर्ती हुए थे। 5 वर्ष पूर्व उर्मिला वर्मा से मनजीत सिंह का विवाह हुआ था। मंजीत सिंह और उर्मिला से दो माह की बेटी अन्नया है। मंजीत सिंह दो भाइयों में बड़े थे। घटना की सूचना मिलते ही पत्नी उर्मिला वर्मा पर मानो दुख का पहाड़ टूट पड़ा हो। गोद में मासूम बच्ची को लेकर उर्मिला कह रही थी कि अब बिटिया का पालन पोषण कैसे होगा। वहीं घटना की सूचना पर मृत दरोगा मनजीत सिंह के परिजन पोस्टमार्टम हाउस उन्नाव पहुंचे। जहां से शव लेकर लखनऊ रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को ही मनजीत सिंह का अंतिम संस्कार लखनऊ में किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत, पति को आई मामूली चोटें

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के शेखपुर नरी गांव निवासी प्रीति (34) पत्नी जितेंद्र सिंह की मां कुसमा कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। शुक्रवार को प्रीति पति के साथ शाम को बीमार मां को देखने गई थी। जहां से रात में लौटते समय लखनऊ-कानपुर हाईवे पर आजाद मार्ग चौराहा से थोड़ा आगे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरने से महिला गंभीर घायल हो गई। पति को भी चोटें आई। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज शुरू होने के कुछ देर में प्रीति की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। प्रीति की 13 साल पूर्व शादी हुई थी। लेकिन उसके कोई संतान नहीं थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस में मायके पक्ष के लोगों ने पति पर प्रीति को बाइक से जानबूझकर गिराने का आरोप लगा हंगामा किया। बताते है कि प्रीति गुरुवार को मां के पास अस्पताल में रुकना चाहती थी। लेकिन पति ने इनकार कर दिया। इसको लेकर दोनों में कहासुनी भी हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### पारिवारिक कलह से ऊबे युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवगनमऊ गांव निवासी अजीत पुत्र कैलाश कठेरिया मजदूरी करता है। लेकिन घर खर्च पूरा न होने की वजह से उसका आर्थिक तंगी को लेकर पत्नी पायल से अक्सर कहासुनी होती थी।। बताते है कि शुक्रवार को भी दोनों में कहासुनी के बाद विवाद अधिक बढ़ गया। जिसमें दंपति में मारपीट हो गई। इसी से आहत होकर अजीत ने घर में रखे ब्लेड से अपनी गर्दन पर वार कर लिया। लहूलुहान हालत में परिजन उसे सफीपुर सीएचसी लाए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि जानकारी हुई है। जांच की जा रही है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि परिवार में आर्थिक तंगी को लेकर अक्सर झगड़े होते थे। परिजनों के मुताबिक अजीत पत्नी और बच्चों की जरूरतें पूरी न कर पाने के कारण मानसिक दबाव में था। पहले भी दोनों के बीच कई बार कहासुनी हुई थी। युवक को जिला अस्पताल भेजा गया है।

### बच्चे के हाथ में दगा आतिशबाजी का गोला, उड़े पंजे के चीथड़े

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शादीपुर निवासी नफीस के भाई की बीते गुरुवार बारात गई थी। शुक्रवार को वलीमा की दावत थी। घर के सभी लोग इंतजाम में जुटे थे। इसी बीच शुक्रवार सुबह नफीस का 7 वर्षीय बेटा हसन घर में रखा आतिशबाजी से बचा गोला लेकर घर की छत पर जा पहुंचा और दाहिने हाथ में गोले को पकड़कर उसमें आग लगा दी। गोला दगते ही बच्चे के पंजे के चीथड़े उड़ गए। चीख सुन परिजन दौड़े और आनन-फानन उसे गंभीर हालत में सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चाकू से गर्दन काटने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर में बीमारी और आर्थिक तंगी से परेशान एक महिला ने मंगलवार शाम चाकू से अपनी गर्दन काटकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उपचार के दौरान शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर में किराए पर रहने वाली स्व. राजू पासी की पत्नी रेखा (50) काफी समय से बीमार चल रही थी और उसकी माली हालत भी बेहद खराब थी। बीमारी और आर्थिक तंगी से परेशान होकर रेखा मानसिक तनाव में जी रही थी। इसी तनाव के चलते मंगलवार शाम उसने घर में चाकू से अपनी गर्दन काट ली। घटना की जानकारी मिलते ही बिंदा नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। दो दिन इलाज के बाद उसकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन शुक्रवार दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही उसके इकलौते 25 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटे पवन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पिता की डांट से नाराज युवक ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** फोन पर अधिक बात करने पर प्रेम प्रसंग की आशंका में पिता की फटकार से आहत युवक ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। उसका शव लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा है।


नितिन की फाइल फोटो।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के भैसहरा गांव निवासी नितिन (19) पुत्र विमलेश मजदूरी करता था। शुक्रवार सुबह घर से करीब 500 मीटर आगे गांव के जगपाल यादव के बाग में आम के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से उसका शव लटका मिला। खेतों की ओर गए ग्रामीणों में युवक का शव लटका देख सनसनी फैल गई। देखते-देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। नितिन लखनऊ में रहकर मजदूरी करता था। इधर बीते एक महीने से वह गांव में था। पिता विमलेश के मुताबिक घर में सब कुछ सामान्य था। लेकिन वह मोबाइल पर अधिक बात करता था। इससे उसके किसी युवती से प्रेम-प्रसंग की आशंका जताई गई है।

# मुठभेड़ में 3 लुटेरे गिरफ्तार, तमंचे व लूट का माल बरामद

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट थानाक्षेत्र के पॉश इलाके गोपीनाथपुरम में 18 जून को हुई लूट की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैरों में गोली लगी है, जबकि तीसरे को दौड़ाकर पकड़ा गया। आरोपियों के पास से लूट के जेवर, नकदी, अवैध असलहे और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार तड़के पुलिस, स्वॉट और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने लूटकांड में शामिल तीन बदमाशों को गंगा गैलेक्सी के सामने मरहला आजाद मार्ग से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में दीपक पुत्र स्व. नरेश निवासी अजीतपुर, रायबरेली (फिलहाल कंचन नगर, उन्नाव), देवेंद्र सिंह पुत्र सरवन सिंह निवासी मरई, हरदोई, और आशीष गुप्ता पुत्र कालीचरण निवासी राजाजीपुरम, लखनऊ शामिल हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जब इन्हें पकड़ने का प्रयास किया, तो दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी और उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, जबकि तीसरे को मौके से पकड़ लिया गया। तीनों बदमाशों के पास से दो अवैध तमंचे, 315 बोर के दो जिंदा व दो खोखा कारतूस, 21,052 रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात, 45 चांदी के सिक्के, चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। देवेंद्र सिंह पर पूर्व में लखनऊ के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में गंगाघाट थाने के स्वॉट प्रभारी जय प्रकाश यादव, सर्विलांस प्रभारी निखिलेश कुमार समेत कुल 25 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे। बरामद माल व अवैध हथियारों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके अन्य आपराधिक नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

### कार्रवाई

- दो बदमाशों को लगी गोली तीसरा मौके से दबोचा गया


लूट के माल के साथ पुलिस गिरफ्त में खड़े 3 लुटेरे। अमृत विचार

# एसडीएम की मौजूदगी में ढहाया गया अवैध निर्माण

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर वार्ड नंबर 13 में चकमार्ग की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे पर शुक्रवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। दो दिन पहले इसी स्थान पर अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम और एसडीएम पर दबंगों ने हमला कर दिया था, जिसमें नायब तहसीलदार और लेखपाल घायल हो गए थे।


अवैध अतिक्रमण को हटाती जेसीबी। अमृत विचार

शुक्रवार को एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और राजस्वकर्मियों की मौजूदगी में बंजर भूमि पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। मौके पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। घटना की पृष्ठभूमि बुधवार दोपहर की है, जब माधवपुर निवासी भोलानाथ सिंह की शिकायत पर चकमार्ग से अवैध निर्माण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर दबंगों ने महिलाओं और पुरुषों को एकत्र कर लाठी-डंडों और पथराव से हमला बोल दिया था। टीम को जान बचाकर थाने में शरण लेनी पड़ी थी। घटना के बाद लेखपालों की तहरीर पर नामजद और अज्ञात मिलाकर कुल 20 से अधिक लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने शुक्रवार तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी उदयभान सिंह ने बंजर भूमि पर पक्का निर्माण करा रखा था। उसके परिवार द्वारा अन्य कई सरकारी भूमि पर भी कब्जा किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। प्रशासन ने अब इन सभी कब्जों की जांच कर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को इस पूरे मामले को लेकर कलेक्ट्रेट में एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व विभाग और पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई थी, जिसके बाद शुक्रवार को सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## घटना के तीन दिन बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं

**शुकुल बाजार, अमेठी अमृत विचार।** रहमतगढ़ गांव में 17 की रात 75 वर्षीय महिला सुंदरा अपने घर के बाहर टीन शेड के नीचे सो रही थीं, तभी उनके चचेरे देवर जगदेव ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। महिला के पति रामनिधि पर भी वार किया। घायल दंपति को सीएचसी शुकुल बाजार लाया गया, जहां से सुंदरा को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। महिला का बयान लेने के बाद भी पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही आरोपी की गिरफ्तारी की। पीड़ित के पति रामनिधि ने थाने में तहरीर देकर पारिवारिक विवाद में चचेरे भाई पर जानलेवा हमला करने की बात कही है। पुलिस की चुप्पी पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गई है। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में होगा योगाभ्यास, डीएम ने किया दौरा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज के प्रांगण का स्थलीय निरीक्षण किया उन्होंने आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रतिभागियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं आम जनमानस के लिए उचित बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी, शौचालय, साफ-सफाई और पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर लगाने को कहा, जिससे आकस्मिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि वर्षा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नवोदय विद्यालय के हॉल में वैकल्पिक व्यवस्था भी पूरी तरह से तैयार रखी जाए।


योग दिवस कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीएम संजय चौहान।

# योजनाओं से वंचित कर रहा प्रधान

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत तारागांव के गरीब मजदूर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र दिया है। कहा कि ग्राम प्रधान व सचिव उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित कर रहे हैं। झुग्गी-झोपड़ी में रहकर किसी तरह गुजर बसर कर रहे हैं। प्रधान व सचिव न उन्हें किसी आवास योजना का लाभ दे रहे हैं न ही शौचालय आवंटित कर रहे हैं। कहा कि वोट न देने से नाराज प्रधान किसी अन्य योजना का भी लाभ नहीं मिल रहा है।



शिकायती पत्र में आरोप लगाते रामदीन व आशा देवी।

### आरोप

- झोपड़ पट्टी में रहने वाले लोगों ने प्रधान व सेक्रेटरी की शिकायत बीडीओ से की

गांव निवासिनी आशा देवी पत्नी आसाराम ने कहा कि ग्राम प्रधान व सचिव की मनमर्जी के चलते कई परिवारों के लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रखा गया है, ना तो पक्की छत है और न ही शौचालय बना है। यहां तक कि सचिव ने पात्र के घर पर जांच तक नहीं की है। गांव निवासी रामदीन पुत्र राम चरन ने बताया है कि कई गरीब मजदूर झोपड़पट्टी में रहने पर विवश है जिम्मेदारों ने पात्र को अपात्र कर दिया,और अपात्र को पात्र कर के प्रधानमंत्री आवास योजना को मिल कर लूट लिया है।

इस मामले में खंड विकास अधिकारी टोंडरपुर ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं था, मामले की जांच करा कर जल्द ही समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा।

## दबंगों ने परिवार पर किया जानलेवा हमला

**शुकुल बाजार अमेठी अमृत विचार।** थाना बाजार शुक्ल क्षेत्र के अंतर्गत नुरदीपुर गांव में परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। पीड़ित परिवार के सदस्य 18 जून की शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली से जैनबगंज से लौट रहे थे। पूरे जालिम गांव के महताब, अमन और इमरान से रास्ते में साइड देने को लेकर कहासुनी हुई। स्थानीय लोगों ने उस समय मामले को शांत करा दिया। लेकिन शाम करीब 7 बजे दबंग 7-8 अज्ञात लोगों के साथ कार व बाइकों से पीड़ित के घर पहुंच गए। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक गालियाँ दीं और लाठी-डंडों से पीड़ित के चचेरे भाई हनुमान को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पर पीड़ित की पत्नी रोशनी, मां शीतला देवी और भाई देवचरन को भी बेरहमी से पीटा गया।

# अभिभावकों का विश्वास जीतें शिक्षक

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की गौरीगंज ब्लाक इकाई का त्रिवार्षिक अधिवेशन और चुनाव उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज में हुआ। अधिवेशन के साथ शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जयराम कनौजिया को अध्यक्ष, मो. वसीम को मंत्री और रामराज मौर्य को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि सम्मानजनक वेतन संगठन के संघर्षों की देन है। शिक्षकों से प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों से अच्छा कक्षा शिक्षण करने और अभिभावकों का विश्वास जीतने की अपील की। अधिवेशन की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह व संचालन मो वसीम ने किया। जगमोहन, डॉ रमेश सिंह, संजीव कुमार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अश्विनी द्विवेदी, अमित पांडेय, श्री राम सोनी, ऊषा सिंह, गरिमा यादव, अनुपमा सिंह आदि ने संबोधित किया। शिक्षा मित्र एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय कनौजिया भी अधिवेशन में मौजूद रहे। इस दौरान जयराम कनौजिया अध्यक्ष, मो. वसीम महामंत्री, रामराज मौर्य कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन चुने गए।


शपथ ग्रहण करते नव निर्वाचित शिक्षक संघ पदाधिकारी।


## तहसील प्रशासन ने खाली कराई सरकारी भूमि

**तिलोई, अमेठी, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा रामनगर में सरकारी भूमि पर बनाई गई पक्की दीवाल को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर से गिरवा दिया। ग्राम पंचायत रामनगर निवासिनी माया देवी पत्नी जागेशवर प्रसाद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती दर्ज कराई थी। इस पर तिलोई के तहसीलदार अभिषेक यादव तथा राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर पैमाइश की। शिकायत सही मिली। अवैध कब्जेदार भागीरथ को तहसील प्रशासन ने नोटिस दी। कब्जेदार ने खुद कब्जा नहीं हटाया जिसके बाद तहसील प्रशासन ने शुक्रवार को तहसीलदार व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दीवार को बुलडोजर से ढहा कर कब्जेदार के कब्जे से सरकारी भूमि को मुक्त कराया। तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव ने बताया कि आगे भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हटा दिया गया है।

# व्यापारी के घर से लाखों का सामान चोरी

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** पेस्ट्रीसाइड व्यापारी के घर अज्ञात चोरों ने रात्रि नकब लगाकर पांच लाख के आभूषण सहित दो लाख की नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस व फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचक्र जांच पड़ताल की।


चोरों द्वारा लगाई गई सेंध।

मल्लावां कोतवाली के अकबरपुर गांव निवासी गोवर्धन लाल पुत्र मेढई जो गांव में ही पेस्ट्रीसाइड की दुकान चलाते है। 19/20 की रात्रि उनके घर के कमरे के पड़ोस से नकब लगाकर चोर घुसकर कमरे में रखे बक्से के ताले तोड़कर सोना-चांदी के जेवर और दो लाख रुपये नगद चोरी कर ले गए। घटना के समय परिजन बरामदे में सो रहे थे। ज़ब सुबह सोकर उठे तो देखा कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा है और बक्से और सेफ से सोने चांदी और नगदी गायब है। घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद हल्का इंचार्ज और फारेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्र ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

### चोरी के ट्रैक्टर के साथ युवक को दबोचा

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना पुलिस ने एक युवक को चोरी के ट्रैक्टर और कल्टीवेटर के साथ गिरफ्तार किया है, युवक ने क्षेत्र के सिंघापुर गांव से ट्रैक्टर चोरी किया था, जिसके संबंध में पीड़ित द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुरुवार को कौशल उर्फ प्रमेंद्र निवासी ग्राम सिंघापुर थाना पाली द्वारा थाने में तहरीर दी गई थी कि अमित निवासी ग्राम भाहपुर ने उसका गांव के बाहर खड़ा ट्रैक्टर चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी अमित को रात में चोरी किए गए ट्रैक्टर व कल्टीवेटर के साथ गिरफ्तार किया।


पकड़ा गया आरोपी युवक।

## ट्रक व बस ले बाई के लिए स्थान तय होंगे

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने एनएच 731 परियोजना से प्रभावित तहसील सदर व शाहाबाद के संरेखण में आ रहे अवरोधों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजमार्ग पर ट्रक व बस ले बाई के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित किये जाएं। राजमार्ग के संरेखण में आने वाली अवशेष बाधाओं को जल्द दूर किया जाये। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त भूमि के लिए किसानों से संवाद भी किया जाये। किसी मुआवजे के भुगतान में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न की जाये। भुगतान की कुछ फाइलें लंबित होने पर कड़ी नाराजगी जताई।

# ससुराल वालों से मुक्त करा युवती को भाई के साथ भेजा

**हरदोई, अमृत विचार।** पहले तो बगैर दहेज़ के शादी की और उसके बाद बाइक और पांच लाख की मांग करते हुए ससुराली गर्भवती होने पर पिटाई करने लगे। गुरुवार को उसने भाई को फोन पर सारी बात बताई, भाई पुलिस को लेकर बहन की ससुराल पहुंचा और पुलिस की मदद से उसे छुड़ाकर साथ ले गया।

कोतवाली देहात के नयागांव मुबारकपुर की शाजिया ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि टड़ियावां थाने के जिगिनिया खुर्द निवासी नजीम उर्फ निजामुद्दीन पुत्र नसीम ने बगैर दहेज़ का झांसा देते हुए उससे 9 जून 2023 को शादी की, उसके कुछ दिनों बाद पति सहित ससुराल वाले दहेज़ में अपाचे बाइक और 5 लाख रुपये की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। साजिया के गर्भवती होने के बाद भी आरोपी गलत बर्ताव करते रहे। गुरुवार को भी उसे मारा-पीटा। साजिया को किसी तरह मौका मिला और उसने अपने भाई उज्मान को सारी बात बताई,उज्मान पुलिस के साथ बहन की ससुराल पहुंचा और बहन को वहां से बाहर निकाला। पीड़िता ने केस दर्ज करने की तहरीर दी है।

## एक दिन पहले लापता युवक का शव मिला

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** संग्रामपुर के भावलपुर गांव निवासी नितिन कोरी गुरुवार दोपहर घर से बाहर निकाला था। शाम को घर नही आने पर परिवारीजन युवक की तलाश कर रहे थे। देर शाम गांव के बाहर मुर्गी फार्म के पास युवक का शव पड़ा मिला। युवक के पिता गिरऊ चंडीगढ़ में रहते हैं। घटना की सुचना पर वह घर के लिए निकल चुके है परिवारीजनों ने मामले की शिकायत नही की है कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि परिवारीजनों ने कोई शिकायत नही की है जांच के लिए मौके पर टीकरमाफी चौकी प्रभारी गये थे युवक की मिर्गी के चलते मौत की बात सामने आई है।

## एक नजर

### संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**उन्नाव :** जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 21 जून को 10 बजे से 2 बजे तक होगा। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सफीपुर में होगा। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील बांगरमऊ में सीडीओ, हसनगंज में एडीएम वित्त एवं राजस्व, पुरवा में एडीएम न्यायिक, सदर व बीघापुर में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है तो वह सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है। यह जानकारी जिला सूचना अधिकारी ने दी।

### करंट की चपेट आकर झुलसी किशोरी, रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के गांवकैथा पुरवा निवासी सुरेश की छत पर शुक्रवार को ईंट की रेलिंग का निर्माण चल रहा था। तभी सुबह उसकी 12 वर्षीय बेटी रेनू छत पर जा पहुंची और उसका बायां हाथ छत के ऊपर से गुजरी एलटी लाइन से छू गया। इससे वह तेज करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### एआरटीओ कार्यालय के बाहर हुई मारपीट

**उन्नाव :** एआरटीओ कार्यालय में शुक्रवार को वाहन ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के संचालकों में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर चल रही तनातनी मारपीट में बदल गई। बता दें कि कार्यालय के आसपास सहित कई वाहन ट्रेनिंग सेंटर संचालित है। इनमें अधिकांश का संचालन स्थानीय लोग कर रहे हैं। इधर कानपुर के प्रदीप द्विवेदी ने भी ट्रेनिंग सेंटर खोल दिया। इसी को लेकर उन्नाव के संचालकों विनीत व राजोल आदि से खुन्नस चल रही थी। गुरुवार को भी दोनों पक्षों में कहासुनी होने की चर्चा रही। प्रदीप का आरोप है कि जब वह अपने ट्रक की फिटनेस के काम से कार्यालय आया तो उस पर विनीत आदि ने हमला बोल दिया और मारपीट कर उनके वाहनों के शीशे तोड़ दिए। वहीं विनीत व राजोल ने प्रदीप द्विवेदी और उनके साथ आए लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। हाईवे पर हुई मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद सदर कोतवाली पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली लाई है।

# श्मशान घाट के कायाकल्प का कार्य शुरू

**ग्राम विकास अधिकारी ने अन्य लोगों के साथ जेसीबी से रास्ता साफ करवाकर खर-पतवार हटवाया**

संवाददाता. परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** परियर श्मशान घाट की दुर्दशा की खबरें अमृत विचार ने बीते दिनों लगातार प्रकाशित कीं। इसके साथ ही इसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए। इसके बाद सदर विधायक पंकज गुप्ता व जिला प्रशासन ने इसका संज्ञान लिया। बीते गुरुवार सदर विधायक ने अधिकारियों के साथ घाट पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया और आदेश दिया था कि जल्द से जल्द समस्याओं से निजात दिलाने के लिए काम शुरू करें।

इसके बाद शुक्रवार को ग्राम विकास अधिकारी विनय त्रिपाठी अपने साथ ब्लॉक के सीई उत्कर्ष शुक्ला को लेकर मौके पर पहुंचे और जेसीबी से रास्ता साफ करवाने और खर-पतवार हटवाने का कार्य शुरू करा दिया। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि पेयजल, शौचालय, क्षतिग्रस्त टिन शेड का इस्टीमेट बना लिया गया है। जल्द ही सारा काम करा दिया जाएगा। इस मौके पर बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रवि शंकर मिश्रा, ग्राम प्रधान रामशंकर यादव, परियर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश वर्मा, बबलू गौतम आदि मौजूद थे। शुक्रवार को मौसम ठीक होने से शव यात्रा में शामिल लोगों ने खुले में बैठकर अंतिम संस्कार किए। साथ ही स्थानीय लोगों व अंतिम संस्कार को पहुंचे लोगों ने अमृत विचार द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने पर धन्यवाद दिया।



श्मशान घाट पर जेसीबी से सफाई करवाते ग्राम विकास अधिकारी। अमृत विचार



घाट पर खुले में बैठकर अंतिम संस्कार करते लोग। अमृत विचार

**लोग बोले-धन्यवाद**

### अटल उपवन पार्क में योग महोत्सव आज

उन्नाव, अमृत विचार : पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव 21 जून को अटल उपवन पीडी नगर उन्नाव में प्रात: 5 से 6 :30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मंजुमूर्ति शर्मा व नीलम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योग महोत्सव में ललित शुक्ला, अलोपी शंकर मिश्र, उमाशंकर यादव, भरत कुमार, यूपी तिवारी, अनुज निगम सहित क्षेत्र के योग कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

# अनियंत्रित कार खंती में गिरी, युवक की मौत

**एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ से वापस आते समय हुआ हादसा**

संवाददाता, औरास उन्नाव

**अमृत विचारः** पुरानी गाड़ी खरीद कर घर आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने शव को कस्बे में लाकर अंतिम संस्कार कर दिया।



दीपक की फाइल फोटो।

कस्बा औरास के मोहल्ला श्यामनगर निवासी दीपक पुत्र विजय निगम उर्फ पप्पू बाइक एजेंसी व बीज भंडार का व्यापारी है। गुरुवार दोपहर बाद कस्बे के दो दोस्तों को कार से लखनऊ के एक शोरूम से सेकेंड हैंड कार खरीदने के बाद कार दोनों दोस्तों को दे दी और अपनी पुरानी कार खुद लेकर घर आने लगा। कुछ दूर चलकर दोस्तों की कार उसे क्रॉस कर आगे निकल गई। रात करीब नौ बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर काकोरी थानाक्षेत्र के कठिघरा गांव के पास व्यापारी पहुंचा ही था कि बारिश का पानी भरा होने से वह रोड का अनुमान न लगा सका और कार अनियंत्रित होकर सर्विस रोड किनारे खंभे को तोड़ती हुई खंती में जा गिरी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उधर आगे निकल गए दोस्त पीछे कार न आती देख कार मोड़कर पीछे पहुंचे तो उसे घायल अवस्था में कार के पड़ा देख दंग रह गये। वे आनन-फानन नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य काकोरी लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख ट्रॉमा सेंटर रेफ़र कर दिया। घबराये परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने शव कस्बे में लाकर अंतिम संस्कार नानामऊ घाट पर कर दिया। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके दो बहनें हैं। भाई की असमय मौत पर बहने रो-रोकर बेहाल हैं।



खंती में गिरी कार।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

संवाददाता, औरास

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के लहरू गांव निवासिनी हीरावती पत्नी हरिपाल उम्र 55 शुक्रवार को दोपहर के बाद लखनऊ जिले के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्लन खेड़ा से बाइक पर सवार होकर अपने नाती चुनमुन के साथ बिजनौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठकुराइन खेड़ा जा रही थी जैसे ही आउटर रिंग रोड से अनूप खेड़ा गांव के पास रोड पर बने ब्रेकर से बाइक से उछलकर नीचे गिरकर घायल हो गई परिजनों ने उसे निजी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मचने लगा और चीख पुकार मचने लगी परिजनों ने मृतका के शव को गांव में लाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

**बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल, एक गंभीर, गंजमुरादाबाद उन्नावः** हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत गांव शाहपुर गंगा निवासी चरन सिंह (55) पुत्र मिश्रीलाल अपने दोस्त राजेश (20) के साथ बाइक से बांगरमऊ से घर लौट रहा था। तभी शुक्रवार दोपहर कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर गांव सुल्तानपुर के पास उसकी बाइक आगे चल रही दूसरी बाइक सवार कमल (60) पुत्र बनवारी निवासी अटवाबैक थाना बेहटा मुजावर की बाइक से टकरा गई। इसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों को गंजमुरादाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया।

**हादसे में बाइक सवार घायल, रेफर, औरास, उन्नावः** थानाक्षेत्र के धमियाना गांव निवासी मंगल उर्फ मैकू शुक्रवार दोपहर औरास थानाक्षेत्र के भक्ताखेड़ा गांव में अपनी भांजी के घर गया था। जहां से देरशाम वापस घर जा रहा था। तभी औरास संडीला मार्ग पर कुल्ली के होटल के पास सामने से आ रहे साइकिल सवार से उसकी टक्कर हो गई। इसमें साइकिल सवार और बाइक सवार गिर गए। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख उसे लखनऊ के केजीएमयू के लिए रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### 24 घंटे क्रियाशील रहे प्रत्येक सीसीटीवीः नवदीप



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी व राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, सुरक्षा गार्ड रूम आदि देखे और स्ट्रांग रूम में रखे वीवीपैट, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने बीते दिनों के सीसीटीवी फुटेज व गार्ड रजिस्टर चेक करते हुए निर्देश दिए कि हर कैमरा 24 घंटे क्रियाशील रहना चाहिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोडा, एएसपी प्रेम चन्द्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मिश्रा, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, सीओ सिटी सोनम सिंह सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गंगापुल पर भैंसों से लदा ट्रक पलटा, दो की मौत

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित जाजमऊ गंगापुल पर शुक्रवार सुबह एक भैंसों से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के चलते पुल पर करीब डेढ़ घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर क्रेन बुलवाकर ट्रक को सीधा करवाया और पुल से हटवाया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। इस दौरान दो भैंस की मौत हो गई। सुबह करीब 7 बजे यह ट्रक कानपुर की ओर जा रहा था, जिसमें 15-16 भैंसे लदी थीं। जैसे ही ट्रक जाजमऊ गंगापुल पर पहुंचा, अचानक अनियंत्रित होकर बीच पुल पर पलट गया। हादसे में कई भैंसे घायल हो गईं और दो भैंसों की मौत हो गई। ट्रक हटाए जाने के बाद पुल पर यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा।

### एडीओ पंचायत को दी विदाई

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** नवाबगंज विकासखंड में तैनात एडीओ पंचायत राजेश कुमार का आगरा स्थानांतरण होने पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने मुख्यालय में पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह भेंट कर उन्हें विदाई दी। एडीओ राजेश कुमार को जुलाई-2022 में विकास खंड में तैनाती मिली थी। विदाई कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, एडीओ कोऑपरेटिव जयसिंह, वीडीओ शैलेन्द्र भारतीय, शरद चंद्र पांडे, रोहित राणा, मंजीत वर्मा, प्रधान शिवचरन, रेशू तिवारी, सुरेश रावत आदि समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### जनपदीय ट्रॉयल में चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत सत्र 2025-26 हेतु जनपदीय ट्रायल में चयनित अंडर-23 व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों की सूची जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा जारी कर दी गई है। अंडर-23 में चयनित खिलाड़ियों की सूची में अंश पटेल, नवरतन कुमार, आयुष, निखिल कन्नौजिया, प्रियांशु रावत, ऐश्वर्य सिंह, देवाशीष श्रीवास्तव, रितेश कुमार, ऋषभ यादव, आयुष जायशवाल, वीरेंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, लोकेश, संदीप यादव, सोनू कुमार (गेंदबाज), अनमोल पांडेय को शामिल किया गया है। इसके अलावा सोनू कुमार (बल्लेबाज), उज्जवल चौधरी व शिव राठौर को स्टैंडबाई में रखा गया है। वहीं, सीनियर पुरुष वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में निखिल कन्नौजिया, अनमोल पांडेय, ऋषभ यादव, प्रखर यादव व आशीष सिंह को जगह दी गई है।

### योग कर स्वास्थ्य व आरोग्य का दिया संदेश

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योगपावर समूह के सदस्यों ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में योग व प्राणायाम का अभ्यास किया। योगपावर समूह के सदस्यों ने मंत्रों के साथ 10 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। ग्रुप की संचालिका डॉ. रचना सिंह ने बताया कि योगपावर ग्रुप वर्ष-2018 में उन्नाव के शिक्षकों द्वारा मिलकर बनाया गया था। यह एक ऑनलाइन ग्रुप है। इस ग्रुप के सभी शिक्षक सदस्य स्वयं योग करने के साथ ही अपने विद्यालय के बच्चों को भी योग करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग शुरू करने से पहले किसी कुशल योग प्रशिक्षक से संपर्क कर लें। योग चैंपियन हिमांशी यादव, विनीता, गरिमा गुप्ता, गीतिमा गुप्ता, रंजना कुमारी, आकांक्षा मिश्रा, पूनम मिश्रा, स्मिता गुप्ता आदि ने बकासन, तोलासन, चक्रासन, नटराज आसन, पश्चिमोत्तानासन, गरुड़ासन, अर्ध चंद्रासन, गौमुखासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, कपालभांति, अनुलोम-विलोम व भ्रामरी इत्यादि आसनों का अभ्यास किया। इसके साथ सभी ने 10 और लोगों को इस कड़ी में जोड़ने को शपथ ली।

# गंगाघाट में सिग्नल फेल होने से अप लाइन का रेल संचालन 21 घंटे 35 मिनट रहा प्रभावित

**तेजस समेत आधा सैकड़ा ट्रेनों को मेमो देकर किया गया रवाना**

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** लखनऊ-कानपुर रेल रूट स्थित गंगाघाट रेलवे स्टेशन यार्ड के पास गुरुवार शाम 7:05 बजे अचानक अप लाइन का ग्लूड में तकनीबी खराबी होने से सिग्नल फेल हो गया। सिग्नल फेल होने के चलते रेल संचालन पर बड़ा असर पड़ा और तेजस एक्सप्रेस समेत आधा सैकड़ा से अधिक ट्रेनों को गंगाघाट स्टेशन पर रोककर मेमो देकर कानपुर की ओर रवाना किया गया। कुल 21 घंटे 35 मिनट तक अप लाइन का संचालन बाधित रहा, जो शुक्रवार शाम करीब 4:40 बजे जाकर सामान्य हो सका।



गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर खड़ी जम्मू तवी।

गुरुवार शाम सिग्नल फेल होते ही एसएनटी (सिग्नल एंड टेलीकॉम) विभाग की टीम मौके पर पहुंची और फाल्ट खोजने का प्रयास शुरू किया, लेकिन बारिश के कारण फाल्ट का पता नहीं चल सका। इसकी सूचना लखनऊ कंट्रोल को दी गई। तकनीकी कर्मचारियों ने पूरी रात अप लाइन पर पेट्रोलिंग की, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को जिसके बाद सीनियर डीएसटीईसी अमित कुमार मणि, डीएसटीई अनुराग श्रीवास्तव समेत लखनऊ से विशेषज्ञ टीम गंगाघाट पहुंची। दोपहर के बाद अंततः फाल्ट स्टेशन यार्ड के पास मिला, जिसे तत्काल मरम्मत कर शाम 4:40 बजे तक ट्रैक पर ट्रेन संचालन बहाल किया जा सका। इस दौरान मालगाड़ियों से लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों तक को स्टेशन पर खड़ा कर या मेमो देकर रवाना किया गया, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रेलवे विभाग के अनुसार, सिग्नल सिस्टम में पिछले कुछ दिनों से तकनीकी खराबी आ रही थी। विभाग इसे ठीक करने का प्रयास कर रहा था, लेकिन गुरुवार को फाल्ट गंभीर हो गया, जिससे पूरा अप लाइन संचालन प्रभावित हो गया।

**यह ट्रेनें हुई प्रभावितः** रायबरेली पैसेंजर, एलकेएम, गोमती, तेजस, वैशाली, अवध, कुशी नगर, जम्मूतवी, राप्ती सागर, बरौनी मेल, उत्सर्ग, प्रयागराज, पुष्पक, फरक्का, गोरखधाम, वैशाली, प्रतापगढ़, अवध, साबरमती, मरुधर समेत आधा सैकड़ा से अधिक ट्रेनें इस तकनीकी फाल्ट से प्रभावित रहीं। सभी को मेमो देकर कानपुर की ओर रवाना किया गया।

## गंगा पुल पर 45 की स्पीड से गुजर रहीं अप लाइन की ट्रेनें

**शुक्लागंज (उन्नाव):** कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग स्थित गंगा पुल की अप लाइन पर रेलवे द्वारा एचबीम चैनल स्लीपर डालने का कार्य पूरा कर लिया गया है। कार्य पूर्ण होने के बाद अब ट्रेनों को पुल पर 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजारा जा रहा है।

रेलवे विभाग ने पुल के पहले 45 का कॉशन बोर्ड लगाया है, ताकि ट्रेनें सीमित गति से पार हो सकें। रेलवे विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लोगों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह व्यवस्था लागू की गई है। अब कानपुर की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें गंगा पुल पर 45 की रफ्तार से गुजर रही हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी रूप से कार्य पूरा होने के बाद भी परीक्षण के तहत कुछ दिनों तक यह स्पीड लिमिट लागू रहेगी, ताकि पुल पर सबी ट्रेनों की आवाजाही सुरक्षित बनी रहे।

**परेशानी** ट्रांसफार्मर में खराबी से 18 घंटे ठप रही पश्चिमी क्षेत्र की सप्लाई

# बारिश होने से साढ़े पांच घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** गुरुवार शाम हुई तेज बारिश से नगर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। करीब रात आठ बजे हुए ब्रेक डाउन के चलते पूरे नगर की बिजली गुल हो गई, जिससे लोग गर्मी और उमस में बेहाल रहे। बिजली कर्मियों द्वारा देर रात तक फाल्ट खोजकर मरम्मत करने के बाद करीब डेढ़ बजे बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।

बारिश के कारण सरैयां गांव में एचटी लाइन पर एक मृत कौआ मिलने से लाइन प्रभावित हुई, वहीं मिश्रा कॉलोनी चौराहे पर इंसुलेटर दगा मिला। पोनी रोड में लाइन फाल्ट और विष्णुपुरी में पेड़ की डाल गिरने से आपूर्ति बाधित रही। बिजली कर्मियों ने इन स्थानों पर फाल्ट ठीक कर आपूर्ति सामान्य की। हालांकि, पश्चिमी क्षेत्र में तेजी पुरवा के पास 250 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इसके चलते एक सैकड़ा घरों में बिजली पूरी तरह ठप हो गई, जबकि अन्य घरों में लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। ट्रांसफार्मर फेल होने की जानकारी देर रात तक भी लाइन स्टाफ के पास पहुंची, लेकिन कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं आया। इसी बीच बारिश के कारण चंपापुरवा, गगनीखेड़ा, सरैयां आदि क्षेत्रों में लाइन ब्रेक हो गई, जिससे रात 10 बजे के बाद इन इलाकों की सप्लाई भी बंद हो गई। लोग पूरी रात बिना बिजली के परेशान रहे। शिकायतें हेल्पलाइन पर दी गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार सुबह मरम्मत कार्य शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे के करीब बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। करीब 18 घंटे की कटौती ने हजारों परिवारों को गर्मी में तड़पने पर मजबूर कर दिया।



फाल्ट की मरम्मत करता विद्युत कर्मी।

### फीडर चार की घंटों गुल रही बिजली

गुरुवार दोपहर तेज हवा के बाद बिजली आपूर्ति बहाल होते ही फीडर नंबर 4 ब्रेकडाउन में चला गया। बारिश के चलते रात 11 बजे तक मरम्मत कार्य नहीं हो सका। बारिश थमने पर पेट्रोलिंग शुरू हुई। रात ढाई बजे अवस्थी फार्म हाउस के पास फाल्ट मिला, जिसके बाद रात तीन बजे मरम्मत के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। रात में बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली।





















# जीएसटी पंजीकरण आसान बनाए सीबीआईसी

## सीतारमण ने प्रौद्योगिकी एवं जोखिम-आधारित मापदंडों का उपयोग कर अधिक पारदर्शी बनाने को कहा

- सीबीआईसी प्रधान मुख्य आयुक्तों मुख्य आयुक्तों और महानिदेशकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से प्रौद्योगिकी एवं जोखिम-आधारित मापदंडों का उपयोग कर करदाताओं के लिए जीएसटी पंजीकरण को आसान, निर्बाध और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कहा। सीतारमण ने सीबीआईसी के प्रधान मुख्य आयुक्तों, मुख्य आयुक्तों और क्षेत्रीय महानिदेशकों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता की।

इस दौरान उन्होंने प्रमुख संकेतकों पर सीमा शुल्क और सीजीएसटी क्षेत्रों के प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय इकाइयों को जीएसटी पंजीकरण, रिफंड की प्रक्रिया और करदाताओं की शिकायतों से निपटने जैसे विभिन्न मापदंडों में सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश भी दिया। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री ने सीजीएसटी संरचनाओं को जीएसटी पंजीकरण के लिए जरूरी अनिवार्य दस्तावेजीकरण के बारे में करदाताओं, व्यापार संगठनों और उद्योग निकायों के बीच लक्षित जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इससे पंजीकरण में अस्वीकृति एवं देरी को कम करने और आवेदनों के तेजी से प्रसंस्करण को सक्षम बनाने में मदद मिलेगी। सीतारमण ने सीजीएसटी जोनल प्रमुखों को आवेदन प्रक्रिया में करदाताओं की सुविधा के लिए जीएसटी पंजीकरण के लिए एक अलग से हेल्पडेस्क बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की जरूरत बतायी कि जीएसटी सेवा केंद्रों और सीमा-शुल्क तुरंत सुविधा केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारी हों, सुलभ हों और उनका उचित रखरखाव हो ताकि करदाताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण मदद मिल सके। उन्होंने करदाताओं के विश्वास पर जोर देते हुए शिकायत निवारण पर लक्षित और निरंतर ध्यान देने का आह्वान किया।

### आईटीसी दावों को रोकने की जरूरत पर दिया जोर

सीतारमण ने कर चोरी एवं गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावों को रोकने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सीबीआईसी को समय पर शिकायतों के निवारण और खासकर एमएसएमई एवं निर्यातकों के लिए कारोबारी सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी और सीमा शुल्क रिफंड की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए भी कहा। वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि सीजीएसटी और सीमा-शुल्क क्षेत्र शिकायतों के समाधान में और तेजी लाने के लिए अलग टीम बना सकते हैं। उन्होंने सीमा शुल्क विभाग से आयात और निर्यात दोनों के लिए बंदरगाहों, हवाई अड्डों और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) पर रुकने का समय कम करने को कहा। इस बैठक में राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव और सीबीआईसी के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल एवं राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

# क्रेडिट रिस्क : समझ और सावधानियां



शेयर बाजार में निवेश करते समय कई प्रकार के जोखिम सामने आते हैं, जिनमें से एक प्रमुख जोखिम क्रेडिट रिस्क है। क्रेडिट रिस्क का तात्पर्य उस संभावना से है जब कोई कंपनी या संस्था, जिसके सिक्योरिटीज में आपने निवेश किया है, समय पर ब्याज या मूलधन लौटाने में असफल हो जाती है। यह जोखिम खासकर डिबेंचर, बॉण्ड या अन्य डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के समय सामने आता है। कंपनियों की वित्तीय स्थिति, बाजार की अनिश्चितता और नियामक नीतियों के बदलाव इस जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं।

### क्या है क्रेडिट रिस्क

- क्रेडिट रिस्क वह जोखिम है, जिसमें उधार लेने वाली कंपनी या संस्था अपने ऋण दायित्वों को समय पर पूरा नहीं कर पाती। जब कोई निवेशक किसी कंपनी के बॉण्ड या डिबेंचर में पैसा लगाता है, तो उसे उम्मीद होती है कि उसे समय पर ब्याज और मूलधन मिलेगा, लेकिन यदि कंपनी दिवालिया हो जाए या वित्तीय संकट में आ जाए, तो भुगतान में चूक हो सकती है।

### निवेशकों के लिए संभावित लाभ

- **उच्च रिटर्न की संभावना** : उच्च क्रेडिट रिस्क वाले बॉन्ड्स आमतौर पर अधिक ब्याज दर (कूपन रेट) प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन** : जोखिम समझकर निवेश करने से पोर्टफोलियो में विविधता आती है, जिससे संभावित रिटर्न बढ़ सकते हैं।
- **कम कीमत पर प्रवेश** : बाजार में अस्थिरता के समय कम रेटिंग वाली सिक्योरिटीज सस्ते में मिलती हैं, जिनमें सुधार की संभावना हो सकती है।

### मुख्य जोखिम

- **पूंजी हानि** : अगर कंपनी डिफॉल्ट कर जाए तो मूलधन डूब सकता है।
- **रेटिंग में गिरावट** : रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग कम करने से सिक्योरिटी का बाजार मूल्य गिर सकता है।
- **तरलता संकट** : कम रेटिंग वाले बॉन्ड्स को बाजार में बेचना मुश्किल हो सकता है।

# अनिश्चितता को कम करेगा मौद्रिक उपायों का पैकेज, वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हाल की बैठक में कहा था कि मौद्रिक नीति के रुख को तटस्थ करने से उभरती घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के जवाब में नीति दर में कटौती, रोक या वृद्धि के लिए जरूरी लचीलापन मिलेगा।

चार-छह जून को हुई एमपीसी की बैठक के शुक्रवार को जारी ब्योरे से यह जानकारी सामने आई है। एमपीसी ने इस बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती करने का फैसला किया था। इस तरह रेपो दर में इस साल फरवरी से लेकर अबतक कुल कटौती बढ़कर एक प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने मौद्रिक नीति के रुख को भी उदार से संशोधित कर तटस्थ करने का फैसला किया था। बैठक के ब्योरे के मुताबिक, छह-सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक में मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक उपायों का यह पैकेज अनिश्चितता के समय में कुछ निश्चितता प्रदान करेगा और इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समिति के 6 में से 5 सदस्यों ने रेपो दर में 0.50% की कटौती के पक्ष में मत दिया जबकि बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने 0.25% की कटौती का सुझाव दिया था।

# 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के 8 प्रमुख बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर मई 2025 में घटकर 0.7% रह गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछली सबसे कम वृद्धि दर अगस्त, 2024 में थी, जब इन ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5% की गिरावट आई थी।


आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल मई में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 6.9% थी। अप्रैल में इन प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के उत्पादन में 1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि चार प्रमुख क्षेत्रों- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक एवं बिजली के उत्पादन में मई के दौरान गिरावट दर्ज की गई। रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सकारात्मक रही। साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में 8 प्रमुख क्षेत्रों में कुल 0.8% की वृद्धि दर्ज की गई है।

# गिरावट थमी, तीन दिन बाद बाजार में रौनक

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

कारोबारियों ने कहा कि प. एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू बाजारों को समर्थन मिला। सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़ा था। वहीं निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58% की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59% चढ़ा।



- सेंसेक्स 1,046 अंक उछला, निफ्टी ने फिर किया 25,000 के अंक को पार

### मिडकैप 1.20 तो स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत चढ़ा

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल (पूर्व में जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर मारुति का शेयर गिरकर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.20 और स्मॉलकैप 0.55% चढ़ा। क्षेत्रवार देखा जाए तो सभी सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान दूरसंचार में 2.73, रियल्टी में 2.22, प्रौद्योगिकी में 1.42, पूंजीगत सामान में 1.17, बैंक में 1.15, सोच-विचार कर खरीदी जाने वाली वस्तुओं में 1.12 और धातु में 1.10% की तेजी आई।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### उपमुख्यमंत्री और विधायक को मारने की मिली धमकी

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस विधायक राकेश कालिया को सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से दी गई जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कुख्यात गैंगस्टर अमरीश राणा की गिरफ्तारी पर फेसबुक पर पोस्ट साझा की थी। उसने लिखा, लोग फिर से तलवार मांग रहे हैं। अन्य व्यक्ति ने जवाब दिया, इसका इस्तेमाल एक राजनेता पर होगा। पूछे जाने पर कि किस अपराध के लिए? तो व्यक्ति ने कहा, केवल उपमुख्यमंत्री और विधायक राकेश कालिया ही जानेंगे। शिकायतकर्ता अरुण ने हरोली थाने में मामला दर्ज कराया है।

#### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। छोटेबेठिया क्षेत्र के कोटरी नदी के किनारे आमाटोला और कलपर गांव के जंगल में नक्सलियों की सूचना पर अभियान चलाया गया था।

#### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सभी गिरफ्तारियां इंफाल पश्चिम, टेंग्नौपाल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों से की गईं।


# सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसीयू के बेंगलुरु परिसर के उद्घाटन के दौरान की सरकार की सराहना

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की।

शाह ने अदिचुन्चानागिरी विवि (एसीयू) के बेंगलुरु परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्रधानमंत्री ने गुजरात में कहा था कि गरीबी का सबसे बड़ा मुद्दा बीमारी और इलाज का खर्च है, प्रशासन को गरीबों की बीमारी के इलाज का इंतजाम करना होता है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराकर इस सपने को पूरा किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष और पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, भारतीय जन औषधि परियोजना तथा 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसी पहल की। शाह ने कहा कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास हुए हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, आज 23 हैं, वहीं मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। 2014 में 51,000 एमबीबीएस सीट थीं, आज 1,18,000 है, पीजी सीट की संख्या पहले 31,000 थी, जो आज 74,000 है। केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा रेल राज्य मंत्री मंत्री वी सोमन्ना तथा अदिचुन्चानागिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी मौजूद थे।





बेंगलुरु के कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य।

### सहकारिता की असमान वृद्धि को समान रूप देने की मंशा

**मुंबई।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि देश में सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि असमान रही है और सरकार का इरादा इसे समान रूप देने का है। शाह ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) के सम्मेलन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र केवल देश के पश्चिमी भागों में ही स्थिर रहा जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में यह कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद इस क्षेत्र की वृद्धि को एकसमान रूप देना है। सहकारी क्षेत्र सीमित पूंजी के साथ अधिक लाभ प्रदान करके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। शाह ने कहा कि हम देश में सभी स्तरों पर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके इसकी प्रगति करेंगे। शाह ने कहा कि जीडीपी देश की वृद्धि का एकमात्र मापदंड नहीं है। सहकारी क्षेत्र कम पूंजी में अधिक लाभ और रोजगार के अवसर प्रदान करके वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

# चुनौती न मिलने पर चुनावी वीडियो कर दें नष्ट : ईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को दिया निर्देश
- डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने की आशंका जताई

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए किए जाने की आशंका पर अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन में चुनाव को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो वे सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और चुनाव प्रक्रिया के वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

30 मई को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों के साथ ही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हालांकि चुनावी कानून के तहत इस तरह की रिकॉर्डिंग अनिवार्य नहीं होती, लेकिन आयोग चुनावी प्रक्रिया के कई चरणों के दौरान आंतरिक प्रबंधन उपकरण के रूप में उनका उपयोग करता है। आयोग ने कहा, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए इस रिकॉर्डिंग का हाल ही में दुरुपयोग किया गया है। ऐसी सामग्री का चुनिंदा तरीके से और संदर्भ से परे उपयोग किया गया है। सभी प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी 45 दिन के लिए संरक्षित की जाएगी।

# वकील को समन भेजकर ईडी ने पूछा अपने मुवक्किल को क्या सलाह दी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एससीएओआरए ने सीजेआई से किया स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने सीजेआई बीआर गवई से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल को ईडी के समन पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वेणुगोपाल को यह समन एक मुवक्किल को दी गई कानूनी सलाह के संबंध में जारी किया गया है।

एसोसिएशन ने चिंता जताई है कि इस तरह की कार्रवाई से कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मुवक्किलों को दी गई पेशेवर राय के लिए अधिवक्ताओं को समन भेजना कानूनी प्रणाली के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करता है। ईडी ने 18 जून को वेणुगोपाल को समन जारी किया था, जिसमें रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. रश्मि सलूजा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजनाओं के संबंध में मेसर्स केयर हेल्थ इंश्योरेंस को उनकी कानूनी सलाह से संबंधित दस्तावेज की जानकारी मांगी गई थी। समन में सीएचआईएल, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज या उनकी संबद्ध संस्थाओं की ओर से कानूनी सेवाओं के लिए किए भुगतान का विवरण मांगा गया है। वेणुगोपाल को 27 जून को मुंबई में ईडी के सहायक निदेशक के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

# भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी एक्स पर पोस्ट कर की है। राहुल गांधी ने कहा, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। देश की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है। हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।

### बारिश बनी मुसीबत





झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान हुए जलभराव के बीच लोगों को नाव के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। एजेंसी

# एअर इंडिया ने 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 8 उड़ानें कीं रद्द

मुंबई, एजेंसी



एअर इंडिया ने रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित आठ उड़ान शुक्रवार को रद्द कर दीं। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए उसकी टीम वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं।

विमानन कंपनी ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा लौटाने या पूरक व्यवस्था की पेशकश भी की है। जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें दुबई से चेन्नई के लिए एआई906, दिल्ली से मेलबर्न के लिए एआई308, मेलबर्न से दिल्ली के लिए एआई309 और दुबई से हैदराबाद के लिए एआई2204 शामिल हैं। एअर इंडिया ने कहा कि चार घरेलू उड़ानें - पुणे से दिल्ली के लिए एआई874, अहमदाबाद से दिल्ली के लिए एआई456, हैदराबाद से मुंबई के लिए एआई-2872 और चेन्नई से मुंबई के लिए एआई571 - रद्द कर दी गई हैं।

### विमान हादसा

#### 220 की शिनाख्त, 202 शव परिजनों को सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बाद अब तक डीएनए मिलान के जरिये 220 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने एक्स पर कहा कि इन 202 लोगों में 160 भारतीय, 7 पुर्तगाली, 34 ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक के शव हैं। 15 मृतकों के शवों को हवाई मार्ग से उनके मूल स्थानों को भेज दिया गया है, वहीं 187 लोगों की पार्थिव देह को सड़क मार्ग से भेजा गया।

#### गड़बड़ी का पता लगने पर मदुरै जा रहा विमान चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** मदुरै जा रहे निजी विमानन कंपनी के विमान में शुक्रवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे वापस यहां लाया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों और कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आधे घंटे की उड़ान के बाद पायलट को गड़बड़ी का पता चला और उसने चेन्नई वापस आने की अनुमति मांगी। विमान में 68 यात्री थे। विमान यहां सुरक्षित उतरा और सभी यात्रियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विमान से उतार लिया गया।

# पश्चिम बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

**पुरुलिया (बंगाल)।** प. बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने के अंतर्गत नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई।

बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वे पुरुलिया में बड़ाबाजार पुलिस थाना क्षेत्र के तहत अदाबना गांव से पड़ोसी झारखंड राज्य के नीमडीह पुलिस थाना क्षेत्र के तिलेटांड में जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी के परखच्चे उड़ गए। लोग और आपात कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।

# द्रमुक नेता दयानिधि ने भाई कलानिधि पर लगाया वित्तीय अपराध का आरोप

चेन्नई, एजेंसी

- दयानिधि ने कहा- सन टीवी एवं कंपनियों की शेयरधारिता को बहाल करें या कानूनी कार्रवाई को तैयार रहें

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन ने अपने भाई कलानिधि मारन पर वित्तीय अपराध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सन टीवी एवं संबंधित कंपनियों की पूरी शेयरधारिता को उनकी मूल स्थिति में बहाल करें या कानूनी एवं नियामक की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।

दयानिधि मारन ने कानूनी नोटिस में आरोप लगाया है, कलानिधि और आपके सहयोगियों ने अपने पेशेवर दायित्वों का जानबूझकर दुरुपयोग कर कई सुनियोजित और समन्वित वित्तीय अपराध किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य उच्चतम स्तर के सफेदपोश अपराध हैं और इनसे संबंधित कंपनियों के वैध हितधारकों को अपूरणीय नुकसान हुआ है। यह कानूनी नोटिस कलानिधि मारन एवं उनकी पत्नी कावेरी कलानिधि और छह अन्य लोगों को भेजा गया। नोटिस के अनुसार, ये लोग कलानिधि और उनकी पत्नी के करीबी हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, लेखों में दिए बयान गलत, भ्रामक, अटकलबाजी वाले, मानहानिकारक हैं और तथ्यों या कानून द्वारा समर्थित नहीं हैं।







शुभमन गिल।


# भारतीय टीम ने पहले ही दिन इंग्लैंड को चौंकाया

## नये कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने लगाए शतक, स्टंप तक तीन विकेट पर 359 रन बने

**लीड्स, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127 रन) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (101 रन) के शानदार शतकों की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन दबदबा बनाते हुए स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 359 रन बना लिए। पहला दिन भारतीय बल्लेबाजों के नाम रहा जिन्होंने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। गिल और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन की भागीदारी निभाकर टीम को दो विकेट पर 92 रन के स्कोर से 221 रन तक पहुंचाया।

मेजबान टीम ने लंच तक केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण कर रहे बी साई सुदर्शन (शून्य) के विकेट गंवा दिए थे। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान गिल के साथ उप कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत 65 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 138 रन की भागीदारी निभा ली है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दो जबकि ब्रायडन कार्स ने एक विकेट झटका। जायसवाल और गिल ने शानदार खेल दिखाकर 'विराट कोहली और रोहित शर्मा' युग के बाद भारतीय बल्लेबाजी को आगे ले जाने के जज्बे का परिचय दिया। पूर्व कप्तान कोहली और रोहित के संन्यास लेने के बाद भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप में अनुभव की कमी है। वहीं जायसवाल और गिल दोनों टेस्ट क्रिकेट में नए नहीं हैं लेकिन नयी पीढ़ी के भारतीय सितारों को अपने पूर्ववर्ती स्टार की जगह भरने को लेकर काफी चिंता जताई जा रही थीं। पर आज की शतकीय पारियों को देखते हुए संकेत काफी अच्छे दिख रहे हैं। सलामी बल्लेबाज जायसवाल पहले शतक तक पहुंचे,



### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी

उन्होंने 144 गेंद में 16 चौके और एक छक्का अपना पांचवां सैकड़ा जड़ा। वहीं गिल ने दिन के अंत में 140 गेंद में शतक जड़ा जो भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनका पहला शतक है। दोनों जिस तरह से शतक तक पहुंचे, उसका अंदाज पूरी तरह से अलग था। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया।

जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया। हालांकि कुछ मदद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी की जो सही लाइन और लेंथ पाने में संघर्ष करते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके मिले। इस सयंमित पारी के दौरान भी जायसवाल ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद पर एक बेहतरीन ऑफ-ड्राइव शॉट लगाया और इसी गेंदबाज की गेंद पर एक शानदार छक्का जड़ा। वहीं गिल बल्लेबाजी की सामान्य रणनीति पर अडिग रहे, उन्होंने ऑन-साइड पर और ऑफ-साइड पर शानदार शॉट लगाए। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक और शॉट लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### इंग्लैंड ने पिच को देखकर गेंदबाजी का किया फैसला

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हेंडिग्ले की पिच को देखकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह पिच पिछले एक दशक में बल्लेबाजों के लिए मददगार बन गई है और इसकी झलक पहले ही सत्र में दिखी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच में 'मूवमेंट' और स्विंग दिख रहा था। लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सुबह अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की कमी दिख रही थी जिससे वे भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके।

**101** रन
**159** गेंद
**16** चौके
**01** छक्का
यशस्वी जायसवाल।

**209** कैच लेकर जो रूट अब पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के टेस्ट क्रिकेट में 210 कैच के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक कैच दूर हैं।

### भारत पहली पारी


**359/3** (85 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| साई सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 127 |
| ऋषभ पंत खेल रहे हैं | 65 |

अतिरिक्त : 24

गेंदबाजी : क्रिस वोक्स 19-2-89-0, ब्राइडन कार्स 16-5-70-1, जोश टंग 16-0-75-0, बेन स्टोक्स 13-1-43-2, शोएब बशीर 21-4-66-0

### एक नजर



नॉटिंघम ओपन के पांचवें दिन मैग्डा लिनेट के खिलाफ एक्शन में क्लारा टॉसन। ● एजेंसी

### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन :** कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### भूटिया ने एआईएफएफ नेतृत्व पर निशाना साधा

**कोलकाता :** पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ



(एआईएफएफ) के नेतृत्व पर निशाना साधते हुए अध्यक्ष कल्याण चौबे के नेतृत्व में मौजूदा प्रशासन को सब तरफ से कुप्रबंधन से भरा एक 'सर्कस' कहा। चौबे ने एक आधिकारिक बयान के जरिए पलटवार करते हुए आरोपों को आधारहीन बताया और भूटिया पर जानबूझकर एआईएफएफ की छवि खराब करने का आरोप लगाया। भूटिया ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि चौबे के नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल हाल के इतिहास में प्रदर्शन और विश्वसनीयता दोनों के मामले में सबसे खराब दौर से गुजर रहा है।

### होटल प्लानर टूर पर सप्तक तलवार 18वें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस) :** भारत के सप्तक तलवार ने होटल प्लानर टूर के गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में अंडर 69 का कार्ड खेला और पहले दिन के बाद वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपना राउंड पहले नौ होल से शुरू किया जिसमें उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कीं। बैक नाइन में उन्होंने 11वें तथा 14वें होल पर शॉट लगाकर दिन का अंत एक अंडर पर किया।

### बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

**पासाडेना (अमेरिका) :** बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।

## कुलदीप को पहले टेस्ट से बाहर किए जाने पर इंजीनियर हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से कुलदीप यादव को बाहर किए जाने पर हैरानी व्यक्त करते हुए इस भारतीय स्पिनर को ऐसा 'ट्रम्प कार्ड' बताया जिसे श्रृंखला के सभी पांच मैच में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

भारत ने लीड्स के हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच के लिए चार तेज गेंदबाजों और अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा के रूप में एकमात्र स्पिनर को चुना। इंजीनियर (87 वर्ष) ने शुरुआती टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को पीटीआई से कहा मैं चाहता था कि कुलदीप यादव अंतिम एकादश में हों। वह जसप्रीत बुमराह के साथ आपका 'ट्रम्प कार्ड' है, मैं उसे चुनता। उन्होंने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज है इसलिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों को उसे खेलने में दिक्कत होगी। इसलिए मैं उसे सभी पांच मैच में खिलाता।



भारत के लिए 1961 से 1975 के बीच 46 टेस्ट मैच खेलने वाले इंजीनियर ने नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कुछ लोगों ने शुभमन को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि उसने इंग्लैंड में रन नहीं बनाए हैं या वह अपनी तकनीक के कारण इंग्लैंड में रन नहीं बना सकता है। लेकिन मैं इससे असहमत हूं क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। वह 2025 इंडियन प्रीमियर लीग सत्र के दौरान गिल के नेतृत्व से विशेष रूप से प्रभावित थे जिसमें इस सलामी बल्लेबाज ने गुजरात टाइटन्स को एलिमिनेटर तक पहुंचाया था।

## हेडन और स्मिथ ने कहा, भारत को भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता

**लीड्स :** अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा।

शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं।

## विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने मौन रखा



भारतीय खिलाड़ी टेस्ट मैच के पहले दिन खेल शुरू होने से पहले अपने राष्ट्रगान के लिए खड़े हुए। ● एजेंसी

**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।'' नये कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम 2007 के बाद इंग्लैंड में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने की कोशिश में है।

## भारतीय तीरंदाजों ने नौ पदक जीते

**सिंगापुर, एजेंसी**

भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

भारतीय खिलाड़ी जिस तरह



● जूनियर तीरंदाजी के एशिया कप में भारतीय टीम को रजत पदक से करना पड़ा संतोष

से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की।

## मेसी ने फ्री किक पर गोल करके इंटर मियामी को जीत दिलाई

**अटलांटा (अमेरिका) :** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया, जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है।

इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।



इंटर मियामी के लियोनेल मेस्सी (दाएं) अटलांटा में इंटर मियामी और एफसी पोर्टो के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप ए फुटबॉल मैच में दूसरा गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

## डोपिंग : भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली :** भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई, जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा। हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है।

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाए जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किये गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है।

## जीत के साथ विदा लेना चाहेंगी भारतीय हॉकी टीमें

### प्रो लीग

● विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का टूट चुका है सपना

● शनिवार और रविवार को तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी

**एंटवर्प, एजेंसी**

एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है लिहाजा भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी।

इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष टीम काफी उम्मीदों के साथ यूरोप गई थी, लेकिन अभी तक एक भी जीत दर्ज



भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

नहीं कर सकी है। इन पराजयों के बाद टीम तीसरे से आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि कुल नौ टीमें ही तालिका में हैं। प्रो लीग के विजेता को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ भारत को 1.2 और 2.3 से पराजय मिली जबकि अर्जेंटीना ने उसे 3.2 और 2.1 से और आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 3.2 से हराया। ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम ने यूरोप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की आदत का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा है।


### महिला टीम भी लगातार चार मैच हारी

**एंटवर्प :** भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसे आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 2.1 से जबकि अर्जेंटीना ने 4.1 और 2.0 से हराया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हालांकि टीम ने तेज रफ्तार आक्रामक हॉकी खेली लेकिन पेनल्टी कॉर्नर कमजोर रहा। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी तो उसकी नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय नौ टीमों में सातवें स्थान पर है।

### खिलाड़ियों को प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरुष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रुपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा।

## योग का अनूठा संगम



भारत के साथ-साथ दुनियाभर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आगरा में शुक्रवार को ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर योग करती महिलाएं। एजेंसी

# तकनीक बढ़ी तो बढ़ा साइबर क्राइम




साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। आगे बढ़ती तकनीक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते है। ऐसे में साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ता है, जिससे इससे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।



### ऐसे करें साइबर अपराधों से बचाव

- **ईमेल सुरक्षा समाधान** : ईमेल खाते साइबर हमलावरों के लिए सॉफ्ट टार्गेट होते हैं, इसलिए ईमेल एन्क्रिप्शन, स्पैम फिल्टर और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो ईमेल सामग्री को अवरोधन से बचाती है।
- **पासवर्ड प्रबंधक** : साइबर अपराधी अक्सर पासवर्ड पर हमला करते हैं। इसलिए मजबूत पासवर्ड जरूरी है जो अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

**सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण** : सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण उपयोगकर्ताओं को साइबर हमलों के खतरे को बेहतर ढंग से पहचानने, उनसे बचने और उन्हें कम करने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में मदद करना है।

### अपराध के प्रकार और उदाहरण

- **सोशल मीडिया धोखाधड़ी** : काल्पनिक ऑनलाइन स्टोर, कैटफिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग हमले या प्रतिरूपण घोटाले शामिल हैं। सोशल मीडिया धोखाधड़ी अक्सर उपयोगकर्ता के भरोसे, भोलेपन और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करने की प्रवृत्ति का फायदा उठाती है।
- **ईमेल घोटाले** : भ्रामक योजनाएं जो कई रूप लेती हैं। नकली ईमेल प्राप्तकर्ताओं को गुमराह करते हैं, जबकि सोशल इंजीनियरिंग तकनीकें लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी जानकारी का खुलासा करने या हमलावर को पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखा देती हैं।
- **बैंकिंग धोखाधड़ी** : धोखाधड़ी वाली गतिविधियां जो वित्तीय संस्थानों या उनके ग्राहकों और हितधारकों को लक्षित करती हैं। उदाहरणों में क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एटीएम स्किमिंग और ऑनलाइन बैंकिंग घोटाले शामिल हैं।
- **ई-कॉमर्स धोखाधड़ी** : ऑनलाइन शॉपिंग तकनीक की कमजोरियों और नुकसानों का फायदा उठाने वाले विस्तृत उपभोक्ता घोटाले, जैसे कि कृत्रिम या मनगढ़ंत ऑनलाइन स्टोर, नकली विक्रेता खाते या क्रेडिट कार्ड की जानकारी की चोरी। ईकॉमर्स धोखाधड़ी के मामलों में उपभोक्ताओं और ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं दोनों को वित्तीय नुकसान होता है।

## एक नजर

### असाध्य रोगियों को जीवन समाप्त करने की अनुमति संबंधी विधेयक का समर्थन

**लंदन।** ब्रिटेन के सांसदों ने शुक्रवार को संसद में ऐतिहासिक मतदान के माध्यम से एक विधेयक का समर्थन किया, जिसके तहत इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रूप से बीमार वयस्कों को अपना जीवन समाप्त करने का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बनने के और करीब पहुंच गया है। संसद सदस्यों ने बहस के बाद असाध्य रूप से बीमार वयस्कों (जीवन का अंत) विधेयक पर मतदान किया। इसके पक्ष में 314 और विपक्ष में 291 मत पड़े। यह विधेयक अब 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के पास जाएगा, जो नीति में संशोधन कर सकता है या विलंब कर सकता है, हालांकि वह निचले सदन के फैसले को पलट नहीं सकता।

### नाइजर में 34 सैनिकों की हत्या की, 14 घायल

**डकार (सेनेगल)।** माली और बुर्किना फासो से लगी सीमा के पास पश्चिमी नाइजर में सशस्त्र लोगों ने 34 सैनिकों की हत्या कर दी और 14 अन्य को घायल कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हमला बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे बानीबांगौ में हुआ। हमलावर आठ वाहनों और 200 से अधिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सरकार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। अन्य हमलावरों को खोजने के लिए जमीन और हवा से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### एर्दोआन ने मिसाइल उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया

**अंकारा।** इजराइल-ईरान युद्ध के और भीषण होने के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह देश की प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं ताकि कोई भी देश हमला करने की हिम्मत न कर सके। एर्दोआन ने इस सप्ताह मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना की घोषणा की। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, एर्दोआन ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर हुई बातचीत में ईरान-इजराइल युद्ध पर चर्चा की। उन्होंने मर्ज से कहा कि ईरान से संबंधित परमाणु मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए हो सकता है।

# हमलों के बीच इजराइल और ईरान संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू

## ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला करने का विचार कर रहा अमेरिका

- दोनों देशों ने एक दूसरे पर बरसाए बम

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को भी दोनों देशों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर युद्ध में सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए जो एक पहाड़ के नीचे स्थित है और इसे व्यापक रूप से पहुंच से बाहर बताया जाता है लेकिन अमेरिका के बंकर बस्टर बम उसे नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्हें अब भी इस बात की 'पर्याप्त' संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। ईरान के विदेश मंत्री ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों तथा यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो व दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और ऐसे समझौते की संभावना पर चर्चा की जिससे संघर्ष कम हो सकता है। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें 60 से अधिक विमानों ने मिसाइलों के निर्माण से जुड़े औद्योगिक स्थलों को निशाना बनाया।



इजराइल के बीरशेबा में ईरान से दागी गई मिसाइल की चपेट में आने के बाद एक इमारत से उठता धुआं।

### इजराइल के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थान पर भी हमला

**रेहोवोत (इजराइल)।** इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाता रहा है ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ने से रोका जा सके लेकिन अब दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में इजराइल के वैज्ञानिक भी निशाने पर आ गए हैं। दोनों ओर से जारी हमलों के बीच ईरान की मिसाइल ने इजराइल के ऐसे प्रमुख शोध संस्थान पर हमला किया है जो जीवन विज्ञान और भौतिकी समेत विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने काम के लिए जाना जाता है। वीजमैन विज्ञान संस्थान पर रविवार तड़के हुए हमले में हालांकि किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इससे परिसर में स्थित कई प्रयोगशालाओं को भारी क्षति पहुंची है जिससे वर्षों से जारी शोध कार्य प्रभावित हुए हैं और इजराइली वैज्ञानिकों को यह भयावह संदेश गया है कि ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष में अब वे एवं उनके शोध कार्य भी निशाने पर आ गए हैं।

### हवाई, जमीनी व समुद्री मार्ग से अपने-अपने देश लौट रहे हैं विदेशी

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर के देश इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने पर दोनों देशों से हवाई, जमीनी और समुद्री मार्ग से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। दोनों देशों के कई दिनों से किए जा रहे हमलों और बदले की कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है जिससे वाणिज्यिक उड़ानें बुरी तरह बाधित हुई हैं और लोग इस क्षेत्र से आसानी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कुछ सरकारें अपने नागरिकों को सड़क मार्ग से उन देशों तक पहुंचाने के लिए भूमि सीमाओं का इस्तेमाल कर रही हैं, जहां हवाई अड्डे खुले हैं। पिछले हफ्ते संघर्ष शुरू होने के बाद से हजारों विदेशी पहले ही अपने-अपने देश लौट चुके हैं। बुल्गारिया ने तेहरान से अपने सभी राजनयिकों को अजरबैजान की राजधानी बाकू भेज दिया है। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रोजन झेलयाझकोव ने कहा, हम दूतावास बंद नहीं कर रहे हैं लेकिन खतरा टलने तक इसे बाकू स्थानांतरित कर रहे हैं।

# सीमा पार कर ताइवान में घुसे चीन के लड़ाकू विमान

- चीन के 74 लड़ाकू विमानों में से 61 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया

**ताइपे (ताइवान), एजेंसी**

चीन ने गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह ताइवान की ओर 74 लड़ाकू विमान भेजे, जिनमें से 61 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार किया। यह चीन और ताइवान के बीच अनौपचारिक विभाजन रेखा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह के बीच इतने सारे विमान क्यों भेजे गए। उसने बताया कि विमानों को दो अलग-अलग किस्तों में भेजा गया।

चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वह इस तरह की तैनाती का इस्तेमाल स्वशासित द्वीप को घेरने और संभवतः उस पर हमले की धमकी देने के लिए करता है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ब्रिटिश रॉयल नेवी के अपतटीय गश्ती जहाज 'एचएमएस स्पी' के एकदिन पहले ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने की पुष्टि करते हुए उसका स्वागत किया था। मंत्रालय ने कहा, एक बार फिर यह जलडमरूमध्य के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के दर्जे की पुष्टि करता है। ताइपे में ब्रिटेन के प्रतिनिधित्व कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्पी ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के



तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन किया था।

चीन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जन मुक्ति सेना (पीएलए) की पूर्वी थियेटर कमान ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की और सुरक्षा तथा प्रभावी ढंग से इसका जवाब देने के लिए सैनिकों को संगठित किया। पूर्वी थियेटर कमान ने एक बयान में कहा कि ब्रिटिश जहाज की कार्रवाई ने जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ा और ताइवान जलडमरूमध्य की शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चीन द्वारा ताइवान में बड़ी संख्या में भेजे गए इन विमानों का संबंध ब्रिटिश जहाज के ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन से है या नहीं।

# तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा कार्बन बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैज्ञानिकों के एक अंतर्राष्ट्रीय समूह के अनुसार, अगर दुनिया में वर्तमान दर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता रहा, तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का कार्बन बजट तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा। कार्बन बजट से तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड की कुल मात्रा से है जिसे ग्रह उत्सर्जित कर सकता है। फिलहाल तापमान एक निश्चित सीमा से नीचे रहने की अच्छी संभावना है।

2015 में हुए पेरिस जलवायु सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन की सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने पर सहमति व्यक्त की गई थी। कार्बन बजट पार करने का मतलब यह नहीं है कि 1.5 डिग्री की सीमा तुरंत पार हो जाएगी। इसका मतलब है कि अगर उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की गई तो दुनिया बहुत जल्द कार्बन बजट पार



- वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री से. तक सीमित रखने का लक्ष्य, वैज्ञानिकों के अंतर्राष्ट्रीय समूह ने जताई चिंता

कर जाएगी। अर्थ सिस्टम साइंस डेटा पत्रिका में प्रकाशित नवीनतम वैश्विक जलवायु परिवर्तन संकेतक अध्ययन में यह भी पाया कि यदि कार्बन उत्सर्जन वर्तमान स्तर पर रहा तो 2048 तक 2 डिग्री सेल्सियस का कार्बन बजट पार हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि मानवीय गतिविधियों के कारण पिछले एक दशक में हर साल लगभग 53 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में छोड़ा गया है।

## साइबर अपराध में दोषी 85 चीनी नागरिकों को किया निर्वासित

**कोलंबो।** श्रीलंका में साइबर अपराध के मामले में दोषी पाए गए 85 चीनी नागरिकों को देश से निर्वासित कर दिया गया है। कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मध्य प्रांत के कुंदसाले कस्बे में साइबर अपराध गतिविधियों में लिप्त 22 महिलाओं समेत 130 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन सभी को टेलडेनिया की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 200 से अधिक मोबाइल फोन, 100 से ज्यादा लैपटॉप और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण जब्त किए गए। अदालत के आदेशानुसार, जब्त उपकरणों को कोलंबो स्थित चीनी दूतावास को सौंपा जाएगा। कुल 130 आरोपियों में से 122 को अदालत के आदेश के बाद आव्रजन हिरासत केंद्र में भेजा गया था।

# कीव पर मिसाइल हमले के बाद रूस पर अधिक दबाव बनाने की अपील

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा- इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि कीव के नौ मंजिला अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमला इस बात का संकेत है कि युद्धविराम के लिए मास्को पर अधिक दबाव डाले जाने की जरूरत है। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मंगलवार सुबह कीव पर ड्रोन और मिसाइल से किया गया हमला इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला है।

इस हमले में 28 लोग मारे गए और 142 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की ने राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमक और आंतरिक मंत्री इगोर के साथ गुरुवार सुबह कीव के



सोलोमिंस्की जिले में स्थिति इमारत का दौरा किया और वहां हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जेलेंस्की ने कहा यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। उन्होंने साथ ही रूस पर दबाव डालने के लिए तैयार यूक्रेन के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं जो 24 फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमला है।

### यूक्रेन के दो शहरों में ड्रोन हमले, एक व्यक्ति की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए।

## ट्रंप को लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड सैनिकों पर नियंत्रण की अनुमति

**एंजिलिस।** अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति ट्रंप को आव्रजन संबंधी मामलों में छापेमारी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में तैनात किए गए नेशनल गार्ड के सैनिकों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दे दी। इस निर्णय ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश के इस फैसले पर रोक लगा दी है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर के विरोध के बावजूद सैनिकों को सक्रिय करके ट्रंप ने गैर कानूनी कार्य किया था। यह 1965 के बाद से पहली बार है जब गवर्नर की अनुमति के बिना किसी राष्ट्रपति ने नेशनल गार्ड को तैनात किया है। नाइंथ यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला कि ट्रंप ने गार्ड पर नियंत्रण को संघीय मामला बनाकर अधिकार का संभवतः विधिसम्मत इस्तेमाल किया था।

# पाकिस्तान में धर्मांतरण के विरोध के बाद तीन हिंदू बहनों को कराया मुक्त

- पुलिस ने चारों को सिंध प्रांत के हैदराबाद से कराया मुक्त

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान पुलिस ने सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की तीन लड़कियों और उनके चचेरे भाई को मुक्त करा लिया है। तीनों लड़कियों और उनके भाई का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था जिसका हिंदू समुदाय की ओर से विरोध किए जाने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। हिंदू समुदाय ने 16, 19 और 22 वर्ष की तीन बहनों तथा उनके 13 वर्षीय चचेरे भाई की माताओं की अपील पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाया गया।

पुलिस ने चारों को हैदराबाद से मुक्त कराया। एसएसपी गुलाम नबी कीरियो ने कहा, हमने उनका धर्मांतरण कराने वाले संदिग्ध को भी गिरफ्तार कर लिया है। कीरियो ने बताया कि तीनों बहनें और उनका चचेरा भाई बुधवार सुबह बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। कुछ घंटों बाद उनके वीडियो सामने आए, जिसमें चारों यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया है। कीरियों के मुताबिक वीडियो में तीनों बहनें और चचेरा भाई अपने परिवार पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते सुनाई दे रहे थे। इस घटना के बाद उनकी माताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और कहा कि लड़का सिर्फ 13 साल का है और उसे धर्म की भी समझ नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हिंदू पंचायत और कुछ निर्वाचित नेताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## मुनीर ने अमेरिका में क्षेत्रीय शांति के प्रति प्रतिबद्धता जताई

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिका में हुईं मुलाकातों के दौरान क्षेत्रीय शांति व स्थिरता और नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान में कहा कि मुनीर ने अमेरिकी ट्रंप के साथ मुलाकात के बाद वाशिंगटन डीसी में वरिष्ठ स्कॉलर, विश्लेषकों, नीति विशेषज्ञों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक वार्ता की। मुनीर अमेरिकी वैचारिक समूहों और सामरिक मामलों के संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत से प्रमुख क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर पाकिस्तान के सैद्धांतिक रुख को स्पष्ट करने व पाकिस्तान के सामरिक दृष्टिकोण की समझ को बढ़ाने का अवसर मिला।

**चिंताजनक** चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा, 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 % बढ़े

# 2024 के संघर्षों में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल विभिन्न जगहों पर संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा अभूतपूर्व स्तरों पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा अपराध गाजा और वेस्ट बैंक, कांगो, सोमालिया, नाइजीरिया और हैती में हुए हैं। गुरुवार देर रात जारी चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट नामक वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 प्रतिशत बढ़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में अपराधों में 21 प्रतिशत



वृद्धि हुई थी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि 2024 में बच्चों को निरंतर जारी रही शत्रुता व अंधाधुंध हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ा। वे युद्ध विराम और शांति समझौतों की अवहेलना और गहराते मानवीय संकटों से प्रभावित हुए। उन्होंने युद्ध की रणनीतियों का जिक्र किया जिसमें बच्चों पर हमले, आबादी वाले क्षेत्रों में तेजी से विनाशकारी और विस्फोटक हथियारों की तैनाती, और लड़ाई के लिए बच्चों का व्यवस्थित शोषण शामिल है। संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के खिलाफ 41,370 घोर अपराधों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 अपराध 2024 में और 5,149 उससे पहले किए गए थे, लेकिन ये पिछले साल सत्यापित किए गए। इन अपराधों में बच्चों की हत्या, उन्हें अपंग बनाना, अपहरण, यौन हिंसा, स्कूलों और अस्पतालों पर हमला और युवाओं को मानवीय सहायता तक पहुंच से वंचित करना शामिल है। इजराइली सेना को दूसरे वर्ष भी बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले देशों की काली सूची में रखा है।

### बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध : गुतारेस

गुतारेस ने कहा कि वह कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों और इजराइल में बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध हैं और अपराधों में वृद्धि, विशेष रूप से इजराइली बलों द्वारा मारे गए बच्चों की बड़ी संख्या बहुत चिंता की बात है। उन्होंने एक बार फिर इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की। बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा, स्कूलों और अस्पतालों की सुरक्षा, हमलों में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर करने तथा नागरिकों को अत्यधिक नुकसान से बचाने की आवश्यकता का अनुपालन करने की बात कही है। संरा ने कांगो में, पिछले साल 3,418 बच्चों के खिलाफ़ 4,043 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी है। सोमालिया में 1,992 बच्चों के खिलाफ 2,568, नाइजीरिया में 1,037 बच्चों के खिलाफ 2,436, हैती में 1,373 बच्चों के खिलाफ 2,269 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी गई है।